हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 12.09.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 52 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

**एक नजर**

## सीपी राधाकृष्णन आज लेंगे उपराष्ट्रपति पद की शपथ



**नयी दिल्ली :** नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 12 सितंबर यानि शुक्रवार को अपने पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक औपचारिक समारोह में शपथ ग्रहण होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को सुबह 10 बजे सीपी राधाकृष्णन को शपथ दिलाएंगी। महाराष्ट्र के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन ने 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल की।

## देश में वोट चोरी कर बनाई जा रहीं हैं सरकारें : राहुल गांधी

**रायबरेली :** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने वाला है। सारा सब कुछ साफ हो जाएगा। वोट चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं। वोट चोरी के ब्लैक एंड व्हाइट सबूत पहले ही दिए जा चुके हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को यहां दिशा की बैठक में शामिल होने के बाद यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। सांसद राहुल गांधी इस समय दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बहुत आंदोलित हो रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में वोट चोरी कर सरकारें बनाई जा रही हैं। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में वोट चोरी हुई है। हमने ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिए हैं। एक सवाल के जवाब में भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह इंतजार करें। बहुत जल्द वोट चोरी के और खुलासे आने वाले हैं। परेशान न हों, वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने वाला है। सारा सब कुछ साफ हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# शहरों का व्यवस्थित तथा योजनाबद्ध तरीके से विकास आज की जरूरत : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य को मजबूत और बेहतर बनाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में नियुक्तियों के साथ-साथ सभी सेक्टरों में लगातार कार्य हो रहे हैं। राज्य का सर्वांगीण विकास हमारी प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों के लिए आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह तथा झारखंड पर्यटन एवं झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लोगो एवं वेबसाइट के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही।



### विकास में आपकी अहम जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आज से सरकार के एक अभिन्न के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य का समुचित विकास हो, इसके लिए आप पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे, मुझे पूरी उम्मीद है। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधा तथा सेवा देने की दिशा में आपकी भूमिका काफी अहम होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गांव से शहरों की ओर लोग आ रहे हैं। इस वजह से शहर का आकार और जनसंख्या तेज गति से बढ़ रहा है। ऐसे में शहरों का व्यवस्थित तथा योजनाबद्ध तरीके से विकास आज निहायत ही जरूरी है, ताकि शहरों में उपलब्ध व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के साथ शहरवासियों को अच्छी नागरिक सुविधा और सेवाएं दे सकें। उन्होंने कहा कि अगर शहर अव्यवस्थित तरीके से फैलेंगे तो उसके कई दुष्परिणाम और समस्याएं सामने आएगी, जिसका समाधान काफी चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए, शहरों को पूरी प्लानिंग के साथ विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है।

### पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुदरत ने झारखंड को ना सिर्फ खनिज संपदा, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य का भी अनोखा उपहार दिया है। झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन कहीं ना कहीं किसी न किसी कारण से यह क्षेत्र अब तक विकास से अछूता रहा था। लेकिन, हमारी सरकार अपने राज्य की समृद्ध सामाजिक सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक खूबसूरती को देश- दुनिया के मानचित्र पर पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में आज पर्यटन विभाग से जुड़े "लोगो" एवं वेबसाइट का अनावरण किया गया है। इसके माध्यम से हम ना सिर्फ झारखंड के खूबसूरत पर्यटक स्थलों को दुनिया के सामने दिखा सकते हैं, बल्कि सैलानियों को भी आकर्षित करने में कामयाब होंगे।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलने से यहां की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यही वजह है कि हमारी सरकार यहां के पर्यटक स्थलों के आकर्षक विकास के साथ-साथ आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को जितना बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे राज्य के स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा फायदा यहां के सुदूर और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। यही वजह है कि सरकार का पर्यटन पर विशेष फोकस है।

इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पर्यटन, कला -संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और पर्यटन सचिव मनोज कुमार मौजूद थे।

## सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नेपाल की जेल से फरार 60 कैदियों को पकड़ा




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ भड़के हिंसक प्रदर्शनों ने देश को हिला दिया है। जेन जी के प्रदर्शनों के चलते प्रधानमंत्री के.पी. ओली को इस्तीफा देना पड़ा, जबकि संसद और सरकारी इमारतों में आग लगा दी गई। इसी फसाद की आड़ में देशभर की जेलों से 13 हजार से ज्यादा कैदी भी फरार हो गए। इनमें से कई अब भारत-नेपाल सीमा पर पकड़े जा रहे हैं। सशस्त्र सीमा बल ने अब तक 60 फरार कैदियों को गिरफ्तार किया है। ये सारे कैदी उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सीमा पर पकड़े गए हैं।

एसएसबी के एक अधिकारी ने पकड़े जा रहे कैदियों पर जानकारी देते हुए बताया, 'यह संख्या अभी भी बढ़ रही है, हम सतर्कता बरत रहे हैं।' बता दें कि सोमवार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर और सरकार के सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई और अन्य घटनाओं में 31 लोगों की मौत हो चुकी है।


### कई सरकारी इमारतों को प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग

प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास, सरकारी दफ्तरों, राजनीतिक दलों के मुख्यालयों और वरिष्ठ नेताओं के घरों में आग लगा दी। ओली का निजी आवास भी जलाया गया। सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध को भी सोमवार रात ही हटा लिया गया था, लेकिन गुस्सा शांत न हुआ। नेपाल की सेना ने बुधवार को संभावित हिंसा रोकने के लिए देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए और कर्फ्यू लगा दिया। ओली के इस्तीफे के बाद अब देश में अंतरिम सरकार के गठन की तैयारी चल रही है और सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को इसका प्रमुख बनाने की बात कही है।

### जेल तोड़कर भागे कैदी, 5 नाबालिग कैदियों की मौत

प्रदर्शनों की अफरा-तफरी का फायदा उठाकर कैदियों ने जेलों पर हमला बोल दिया। मंगलवार से कई जेलों में सुरक्षाकर्मियों और कैदियों के बीच झड़पें हुईं। मंगलवार रात नेपाल के बांके जिले के बैजनाथ ग्रामीण नगरपालिका के नौबस्ता क्षेत्र में स्थित नौबस्ता बाल सुधार गृह में कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की। इससे झड़प हो गई, जिसमें 5 किशोर कैदी मारे गए। बताया जा रहा है कि देशभर की जेलों से 13 हजार से ज्यादा कैदी फरार हो गए हैं।

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 10 नक्सली ढेर, 1 करोड़ का इनामी बालकृष्ण भी मारा गया



एजेंसी

**गरियाबंद :** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। मैनपुर के जंगलों में चल रही मुठभेड़ में दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि यह आधिकारिकतौर पर पुष्ट नहीं है। चर्चा है कि इस एनकाउंटर में एक करोड़ के इनामी नक्सली मनोज मोडेम उर्फ बालकृष्ण के भी मारे जाने की खबर है। रायपुर संभाग के आईजी अमरेश मिश्रा और गरियाबंद जिले के एसपी निखिल राखेचा मुठभेड़ की पुष्टि की है। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान पर सर्चिंग पर थे। इस अभियान में एसटीएफ, कोबरा और अन्य राज्य पुलिस इकाइयों के जवान शामिल हैं। रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। जमीनी स्तर से मिली जानकारी के अनुसार, कम से कम आठ नक्सली मारे गए हैं। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

आईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल दूसरी ओर प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले के थाना मालेवाही क्षेत्र में आज गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने जवानों की एक बटालियन को टारगेट करते हुए आईडी ब्लास्ट किया। इस घटना में दो जवान घायल हो गए।

## मोदी ने मोहन भागवत को 75वें जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं, बताया राष्ट्र निर्माण में रत 'पारसमणि'

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में रत 'पारसमणि' बताते हुए कहा कि डॉ भागवत ने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में कहा कि मोहन भागवत जी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' के मंत्र से प्रेरित होकर समता, समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। उन्होंने कहा, मैं मां भारती की सेवा में समर्पित मोहन भागवत जी के दीर्घ और स्वस्थ जीवन की पुनः कामना करता हूं। उन्हें जन्मदिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री ने इस बधाई संदेश के साथ नमो एप का एक लिंक और सरसंघचालक के साथ मुलाकात की अपनी कुछ तस्वीरों को भी साझा किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि मां भारती की सेवा में सदैव तत्पर मोहन जी का जीवन सतत प्रेरणादायी है और वे समाज को एकजुट कर राष्ट्र को वैभव संपन्न बनाने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। मोदी ने प्रार्थना की कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे। प्रधानमंत्री ने अपने इस विशेष संदेश की शुरूआत 11 सितंबर से जुड़ी तीन ऐतिहासिक स्मृतियों का उल्लेख कर की। उन्होंने कहा, "आज 11 सितंबर है। यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्वबंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गई। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्मदिवस है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है।"

## तीनों सेनाओं की महिला जल यात्रा 'समुद्र प्रदक्षिणा' को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरी झंडी दिखाई

### दस महिला अधिकारी अगले 9 महीनों में लगभग 26 हजार समुद्री मील की यात्रा करेंगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पहली बार तीनों सेनाओं की महिला जल यात्रा 'समुद्र प्रदक्षिणा' गुरुवार को मुंबई से शुरू हुई, जिसमें 10 महिला अधिकारी अगले 9 महीनों में स्वदेशी नौकायन पोत त्रिवेणी पर सवार होकर लगभग 26 हजार समुद्री मील की यात्रा करेंगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस नौकायन अभियान को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से रवाना किया। राजनाथ सिंह ने इस यात्रा को नारी शक्ति, सशस्त्र बलों की एकता, आत्मनिर्भर भारत और भारत की सैन्य कूटनीति एवं वैश्विक दृष्टिकोण का ज्वलंत प्रतीक बताया है। नारी शक्ति और विकसित भारत के विजन को स्मरण करते हुए रक्षा मंत्री ने साउथ ब्लॉक से अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान के दौरान महिला अधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन उनके दृढ़ संकल्प की लौ अंधकार को चीरती रहेगी। वे सुरक्षित घर लौटेंगी और दुनिया को दिखाएंगी कि भारतीय महिलाओं का पराक्रम किसी भी सीमा से परे है।



रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अगले नौ महीनों में 10 महिला अधिकारी स्वदेश निर्मित भारतीय सेना नौकायन पोत (आईएएसवी) त्रिवेणी पर सवार होकर पूर्वी मार्ग पर लगभग 26 हजार समुद्री मील की यात्रा करेंगी। वे भूमध्य रेखा को दो बार पार करेंगी और तीन महान अंतरीपों लीउविन, हॉर्न और गुड होप का चक्कर लगाएंगी। इस दौरान वे सभी प्रमुख महासागरों और दक्षिणी महासागर तथा ड्रेक पैसेज सहित कुछ सबसे खतरनाक जल क्षेत्रों को पार करेंगी। मई, 2026 में मुंबई लौटने से पहले यह दल चार अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों का भी दौरा करेगा।?

वर्चुअल फ्लैग-ऑफ के दौरान साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्री के साथ प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे। गेटवे ऑफ इंडिया पर पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा वरुडकर के नेतृत्व में स्क्वाड्रन लीडर श्रद्धा पी राजू, मेजर करमजीत कौर, मेजर ओमिता दलवी, कैप्टन प्राजक्ता पी निकम, कैप्टन दौली बुटोला, लेफ्टिनेंट कमांडर प्रियंका गुसाईं, विंग कमांडर विभा सिंह, स्क्वाड्रन लीडर अरुवी जयदेव और स्क्वाड्रन लीडर वैशाली भंडारी शामिल हैं। टीम ने तीन साल का कठोर प्रशिक्षण लिया है, जिसकी शुरूआत क्लास बी जहाजों पर छोटे अपतटीय अभियानों से हुई और अक्टूबर, 2024 में अधिग्रहित क्लास ए नौका आईएएसवी त्रिवेणी तक आगे बढ़ी। उनकी तैयारी में भारत के पश्चिमी समुद्र तट के साथ इस साल की शुरूआत में मुंबई से सेशेल्स और वापस एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय अभियान शामिल था।

## झरिया में जर्जर बीसीसीएल आवास ढहने से 3 लोगों की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिले के झरिया स्थित लोदना के 8 नंबर क्षेत्र में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) का एक पुराना और जर्जर आवास लगातार हो रही बारिश के बीच अचानक गिर गया। यह मकान काफी समय से खाली पड़ा था, लेकिन बारिश से बचने के लिए सात लोग, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे, इसके अंदर चले गए। अचानक ढांचे के गिर जाने से सभी लोग मलबे में दब गए।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। प्रशासन ने भी तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करवाया। जेसीबी मशीन की मदद से सातों लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया। हालांकि, इस हादसे में चिराग गोपाल और सुषमा समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को 108 एम्बुलेंस के जरिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय एक व्यक्ति लाल बाबा वहां से पुरानी ईंटें निकाल रहा था। बारिश तेज होने पर कुछ और लोग व बच्चे भी वहां पहुंच गए थे। उसी समय भवन ढह गया और सभी मलबे में दब गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में बीसीसीएल प्रबंधन के प्रति गहरा आक्रोश देखने को मिला। उनका आरोप है कि यह घटना कंपनी की लापरवाही का नतीजा है। जर्जर मकान को लेकर कई बार शिकायतें की गई थीं, लेकिन उसे समय रहते ढहाया नहीं गया। लोगों का कहना है कि अगर समय पर कार्रवाई होती, तो मासूमों की जान न जाती। घटना की जानकारी मिलते ही झरिया की विधायक रागिनी सिंह अस्पताल पहुंचीं और घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया।

## एक नजर

### बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौत

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलगा पंचायत के ग्राम सायल में गुरुवार सुबह 7 बजे बिजली के करेंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई भैंस की मौत होने से भैंस मालिक बलकू यादव के घर में शोक की लहर व्याप्त है ! भैंस मालिक बलकू यादव ने बताया कि यह भैंस दुधारू थी इस भैंस का एक छोटा बच्चा 8 महीना का है भैंस प्रतिदिन सुबह शाम 8 किलो दूध देती थी। हमारे परिवार के जीविकोपार्जन के एक मात्र माध्यम भैंस थी। जिसके मौत के उपरांत परिवार के बीच घोर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। घटना की सूचना पर सलगा पंचायत की मुखिया पार्वती देवी उप मुखिया जागेश्वर कुमार वार्ड सदस्य जितेंद्र कुमार भैंस मालिक के घर पहुंचकर बलकू यादव के पूरे परिवार को सांत्वना देते हुए कहा की हमलोग बिजली विभाग को घटना की जानकारी दे कर उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

### सड़क हादसे में मां की मौत, बेटा गंभीर रूप से घायल, रेफर

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करियातपुर में हुई सड़क हादसे में सड़क पार कर मां की मौत हो गई जबकि 5 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बरही प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत रानीचूंआ निवासी लक्षमण तूरी की पत्नी गुड़िया देवी के रूप में हुई है। वहीं 5 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मां - बेटा साप्ताहिक बाजार करियातपुर समान खरीदारी के लिए आई हुई थी। जहां से लौटने के क्रम में पिकअप वाहन जिसकी संख्या जेएच02एडब्लू 2527 ने अपने दोनों मां बेटा को अपने चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के मदद से घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान गुड़िया देवी की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा अविनाश को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं बरही पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर घटना की सूचना पाकर परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।

### ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे क्लीनिक की जांच करने पहुंची टीम



**चलकुशा :** डीसी के निर्देश पर गठित छापेमारी दल के द्वारा बीडीओ अमृता सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार चलकुशा चिकित्सा पदाधिकारी मोहम्मद फिदाउल्लह ने संयुक्त रूप से बुधवार को चौबे बाजार टांड स्थित अर्सलान मेडिकल हॉल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डॉक्टर इरफान खान इअटर मौजुद पाएं गए। वहीं छापेमारी टीम के द्वारा डॉ एवं मेडिकल संचालित किए जाने से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया। वहीं डॉ० इरफान खान ने अपने डॉक्टर BAMS एवं मेडिकल से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराई गई। इससे पूर्व में भी RTI कार्यकर्ता के द्वारा सुचना अधिकार के द्वारा किए गए आवेदन पत्र पर बरकट्ठा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रत्ना रानी कुंज के द्वारा जांच की जा चुकी है वहीं बीडीओ ने बताई कि तीन दुकान छापेमारी के दौरान अन्य मेडिकल दुकान बंद पाया गया। दुरभाष के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## भाजपा का प्रखंडस्तरीय आक्रोश प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

# राज्य में बढ़ रहा है भ्रष्टाचार, तानाशाही से चल रही है सरकार : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड परिसर में गुरुवार को भाजपा की ओर से भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी की अध्यक्षता प्रखण्ड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसका संचालन पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि आज पूरे राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि गोड्डा में सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यकुमार हांसदा की निर्मम हत्या इस सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति को दर्शाती है। साथ ही कहा कि सूर्यकुमार हांसदा पूर्व में विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके थे, इसके बावजूद उनकी हत्या करवा दी जाती है। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है और राज्यभर में भय व असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। वहीं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध की घटनाओं से आम लोग त्रस्त हैं, लेकिन सरकार संवेदनशीलता दिखाने में पूरी तरह असफल है। मंडल अध्यक्ष विजय यादव और भगवान केशरी ने संयुक्त रूप से कहा कि अब जनता इस तानाशाही और भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है और आने वाले दिनों में भाजपा की ताकत से इसे करारा जवाब देगी। आक्रोश प्रदर्शन के बाद बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। आक्रोश प्रदर्शन में जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया मोतीलाल चौधरी, सुरेंद्र रजक, कांति देवी, अशोक यादव, युगल यादव, प्रद्युम्न सिंह, संदीप केशरी, सचिन यादव एवं इंद्रदेव ठाकुर समेत दर्जनों अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रेल रोको आंदोलन की तैयारी में जुटा कुड़मी समाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** आदिवासी कुड़मी समाज की केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार 20 सितंबर से अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन को सफल बनाने के लिए बृहस्पतिवार को सिरमा पंचायत के ग्राम -पंडरिया, टोला- चोरका में कुड़मी समाज की बैठक हुई जिसमें कुड़मी को जनजाति सूची में शामिल करने, कुड़माली भाषा को संविधान की अनुसूची में शामिल करने, तथा सरना धर्म कोड़ लागू करने की मांग को लेकर यह आंदोलन की तैयारी चल रही है। बैठक की अध्यक्षता मुंशी महतो व संचालन राजो महतो ने किया। बैठक में रेल रोको आंदोलन में बड़कागांव प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसके प्रसार प्रचार हेतु लिए गांव, टोला स्तर पर दीवाल लेखन का काम करने का निर्णय लिया गया' वक्ताओं ने कहा कि कुड़मी समाज लगातार आदिवासी में शामिल करने के लिए वर्षों से संघर्ष करते आया है और तब तक संघर्ष करते रहेगा जब तक कुड़मी समुदाय को आदिवासी में शामिल नहीं किया जाएगा। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है हमारे पूर्वज पहले आदिवासी व जनजाति थे तो हम आदिवासी कैसे नहीं हैं हमें किस आधार पर सूची से बाहर किया गया है। इसका जवाब सरकार को देना होगा। बैठक में मुख्य रूप से रमन कुमार, दिलेश्वर महतो, रमेश महतो, परमेश्वर महतो, गणेश महतो, कुलदीप महतो, योगेश्वर महतो, हीरामन महतो, मुकेश महतो, भवानी महतो, दिनेश्वर महतो, विकास महतो, झालो देवी ,संतोषी देवी, मिनवा देवी, जितनी देवी आदि कुड़मी समाज के लोग उपस्थित थे।

# पूजा पंडालों में सीसीटीवी और फायर सेफ्टी अनिवार्य : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** दुर्गा पूजा को लेकर बरही अनुमंडल प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। एसडीओ जोहन टुडू एवं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने अनुमंडल क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर त्योहार के दौरान लोगों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जरूरी दिशा - निर्देश दिए है। इस दौरान एल.आर.डी.सी अजय भारत भी मौजूद थे। बैठक में अधिकारियों से कहा गया कि दुर्गा पूजा के दौरान मेला, रावण वध, जुलूस, विसर्जन जैसे कार्यक्रम पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। पूजा पंडाल और जुलूस के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक होगा। दुर्गा पंडाल बनाने वाले आयोजकों को आपदा प्रबंधन विभाग के नियमों का पालन करना होगा, पंडालों के पास सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की व्यवस्था अनिवार्य होगी, साथ ही अग्निशमन उपकरण भी रखना जरूरी है। आपत्तिजनक नारे और स्लोगन पर पूरी तरह रोक होगी। साथ ही साथ कहा कि त्यौहार के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम को तैयार रखा जाएगा। यह टीम हमेशा सतर्क रहेगी और गश्त करेगी। अगर कहीं भी कोई समस्या, दुर्घटना या आपात स्थिति होती है, तो यह टीम मिनटों में मौके पर पहुंचकर हालात को संभालेगी। इससे त्यौहार के दौरान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद मिल सकेगी। रावण वध कार्यक्रम के दौरान बरही प्रखंड मैदान के हर हिस्सों में दंडाधिकारी और बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

# चौपारण में देह व्यापार पर पुलिस की कार्रवाई, दो होटल संचालक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** 26 पंचायत व 269 गांव का सबसे बड़ा प्रखंड जहा ग्रामीण क्षेत्रों की संख्या ज्यादा है। शहरों में होने वाली बड़ी-बड़ी अश्लील घटनाएं की धमक अब चौपारण में भी पैर पसार रही है। इसी सिलसिले में चौपारण के दो होटलों में पुलिस की छापेमारी से हड़कंप मच गया है। थानेदार सरोज सिंह चौधरी बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चौपारण थाना अन्तर्गत जी० टी० रोड तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित होटल में अनैतिक रुप से होटल संचालक के द्वारा चोरी छीपे अवैध रुप से देह व्पापार की उद्देश्य से मोटी रकम वसुल कर कमरा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर विभिन्न होटल में छापामारी किया गया। छापामारी दल में अजीत कुमार विमल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अनुमंडल, पु० नि० चन्द्रशेखर कुमार बरही अंचल, पु०अ०नि० सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी चौपारण, पु०अ०नि० रवि रंजन, चौपारण थाना, स०अ०नि० बादल कुमार महतो, चौपारण थाना, महिला चौकीदार 4/3 रिया कुमारी, चौपारण थाना में सशस्त्र बल शामिल थे छापामारी के क्रम में चतरा ईटखोरी रोड बिगहा बाजार स्थित होटल स्वर्ण पैलेस तथा होटल परिजात रेजेन्सी में विधिवत छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में दोनो होटल से एक- एक जोड़ा युवक- युवतिया कमरे के अंदर से बदहवास स्थिति में पाया गया। इस आलोक में होटल संचालक से पकड़ाये आगन्तुक का होटल के संचालक से रजिस्टर की प्रविष्टी की मांगी गई। जिसके आधार पर दोनो होटल का रजिस्टर का जाँच किया गया, जाँच के क्रम में उक्त रजिस्टर में पकड़ाये आगन्तुक का कोई प्रवष्टी नही पाया गया तथा होटल संचालक के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि उक्त होटल संचालक के द्वारा अवैध रुप से अनैतिक व्पापार करने के लिए, कमरा उपलब्ध कराया जा रहा है। गिरफ्तार व्यक्ति में होटल स्वर्ण पैलेस के मालिक राजवल्लभ सिंह पिता स्व० रामाधीन सिंह सा० रानीक थाना चौपारण, दूसरा होटल परिजात रिजेन्सी के संचालक विवेक कुमार पासवान पिता विजय राम सा० बहेराडीह थाना-जयनगर जिला- कोडरमा। इस संबंध में चौपारण थाना काण्ड सं०-254/25, धारा- 292/296/336(3)/61(2) भा०न्या०सं० एवं 3/4/5 अनैतिक व्यापार प्रति० अधि० दर्ज कर होटल से आपत्तिजनक समान बरामद कर होटल संचालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है।

## एनडीए कार्यकर्ताओं ने केरेडारी में किया आक्रोश प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एनडीए कार्यकर्ताओ ने बिभिन्न मांगो को लेकर केरेडारी प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष गुरुवार को दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी अनिल मिश्रा मौजूद थे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड प्रदेश में भ्रष्टाचार व्याप्त है शिक्षित युवकों को रोजगार नही मिल रहा है जिसके कारण लोग अन्य प्रदेशों में पलायन कर रहे है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओ ने स्व सूर्या हंसदा की हत्या की सीबीआई जांच, व रिम्स 2 के निर्माण के नाम पर आदिवासी एवं स्थानीय किसानों की भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने के लिए तथा अन्यत्र योग्य स्थान पर रिम्स 2का निर्माण करने एवं राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता व संचालन भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि कमंचारी साव ने किया। मौके पर उपेंद्र सिंह, बद्रीनारायण सिंह, बालगोविन्द सोनी, महेंद्र सिंह, शेर सिंह, बहादुर राम, अशेश्वर यादव, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज साहा, कंचन यादव, प्रेमचंद महतो, लीलाधन साव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा का उच्चाधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणजीत कुमार, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में गुरुवार 11 सितंबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा, हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संपूर्ण कारा परिसर का अवलोकन किया गया तथा सजायाफ्ता कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। परिसर के सफाई व्यवस्था पर दिए निर्देश। प्रधान सत्र न्यायाधीश ने परिसर में कार्यरत सफाईकर्मियों की संख्या, कार्यावधि एवं उनके पारिश्रमिक भुगतान संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को सफाईकर्मियों का रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण दल ने रसोईघर का भी अवलोकन किया और कैदियों के लिए बनाए जा रहे भोजन झ दाल, रोटी, चावल आदि की गुणवत्ता की जांच की। परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर रोटी मेकर मशीन क्रियाशील नहीं पाए जाने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। कैदियों के इलाज हेतु संचालित अस्पताल वार्ड का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली गई। सिविल सर्जन को एक चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दवा की उपलब्धता, आइसोलेशन वार्ड तथा संचारी रोग से ग्रसित कैदियों को अलग वार्ड में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में संचालित प्रिंटिंग प्रेस का भी अवलोकन किया गया। यहां सजायाफ्ता कैदियों द्वारा सरकारी कार्यालयों के प्रयोग हेतु फाइल फोल्डर एवं अन्य सामग्री का निर्माण किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य कैदियों को कारावास के दौरान प्रशिक्षण देकर पारिश्रमिक अर्जित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने पर बल देना है। निरीक्षण के अंत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कारा प्रशासन को साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं एवं प्रशिक्षण कार्यों में और अधिक सुधार लाने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसी ने केरेडारी में मनरेगा से संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण



**केरेडारी :** हजारीबाग उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद व परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन गुरुवार को केरेडारी पहुँचे इस दौरान केरेडारी प्रखण्ड के सलगा और कराली पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित सभी योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सलगा पंचायत के बड़की टांड़ और सायल गांव में लगे आम की बागवानी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने पौधों में लगे कीड़े को हटाने हेतु कीटनाशक दवा छिड़काव करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही अबुआ आवास योजना प्रधानमंत्री आवास योजना कूप,दीदी बाड़ी योजना एवं बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना का भी जायजा लिया। साथ ही प्रखंड कार्यालय में बैठक कर सभी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी व बीपीओ के साथ बैठक कर योजनाओं का समीक्षा किया। डी डीसी ने सभी ब्लॉक कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी प्रकार से मनरेगा से कार्य करने वाले लाभुक द्वारा शिकवा शिकायत नहीं मिलना चाहिए अभी जो काम देख रहा है इसी प्रकार से काम आगे देखना चाहिए मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, बीपीओ सुमन कुमार ,सहायक अभियंता विशाल कुमार कनीय, अभियंता अंकित राज, मुखिया पार्वती देवी, जेइ अंकित राज ,रोजगार सेवक नंदकिशोर राम, अनीश कुमार राम,रवि उप मुखिया जागेश्वर कुमार कुंवर साव, बीएफटी प्रभु कुमार ,सचिव तालेश्वर गोप ,रविंद्र कुमार, सहित प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

### ओरपरता ने फाइनल में बेड़ोकला को हराया, ट्रॉफी पर जमाया कब्जा



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के खुर्दजवाड़ के नीमाटांड़ मैदान में खेल दिवस पर नवयुवक क्लब की ओर से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसका फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम शामिल हुए। वहीं सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला ओरपरता बनाम बेड़ोकला के बीच खेला गया। जिसमें ओरपरता की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बेड़ोकला की टीम को 1–0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और एलसीडी देकर सम्मानित किया गया, जबकि तीसरे स्थान पर रही कांटी की टीम को कप को टेबल फैन देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के आयोजन से युवाओं की प्रतिभा को निखारते है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते है। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, पंसस प्रतिनिधि रमजान अंसारी, पूर्व मुखिया दुखन पासवान, पूर्व पंसस उमेश यादव, भाजपा युवा नेता मुन्ना यादव, कोल्हुआकला पंसस विनोद यादव, कार्तिक यादव, संतोष यादव, अरुण राम, किशोर राम, इंद्रदेव यादव, सीताराम सिंह, मो सलामत एवं नवयुवक क्लब कुलदीप सिंह समेत सैकड़ो अन्य लोग मौजूद थे।

### बेलाही में रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न विदेशी खिलाड़ियों को देखने उमड़ी भीड़



**चौपारण :** लोहावर बाबा खेल मैदान, बेलाही में आयोजित भव्य रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल में पुरनाथाम की टीम ने जोगीडीह को 3–0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल में विदेशी खिलाड़ियों का खेल देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। बरही के विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में टूर्नामेंट के समापन में भाग लिया। उन्होंने आतिशबाजी के साथ फाइनल मैच का उद्घाटन किया। विधायक ने बाइक पर सवार होकर मैदान का चक्कर लगाया और दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बेलाही में फुटबॉल के लिए लोगों में दीवानगी देखने लायक है। उन्होंने आयोजकों की मेहनत की सराहना किया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में भी फुटबॉल के प्रति काफी उत्साह है। विधायक ने आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुखिया मंटू कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उमेश कुमार यादव, सचिव सह समिती सदस्य विकास रजक, उप सचिव मनोज यादव, संरक्षक कपिलदेव यादव, उप संरक्षक मधु यादव, आयोजक भूनेश्वर यादव, और उप संयोजक कपिलदेव यादव का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, पूर्व जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, भाजपा नेता अर्जुन साव। अहीर क्लब गोरखवा द्वारा आयोजित रात्रि सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन भी बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। उद्घाटन मैच में नावाडीह की टीम ने गुड़ियों की टीम को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस आयोजन को सफल बनाने में बासुदेव यादव, संतोष यादव, और अरविंद यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सरकार के खिलाफ भाजपाइयों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव :** भाजपा झारखंड प्रदेश के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत गुरुवार को बड़कागांव पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाजपाइयों ने हेमंत सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ज्ञापन में सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई। साथ ही नगड़ी के रैयतों की जमीन, जिसे रिम्स-2 के नाम पर अधिग्रहित किया जा रहा है, उसे वापस दिलाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि पुनम साहु, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में महेंद्र महतो, भीखन महतो, सुमन गिरी, किशोर राणा, भागीरथ प्रसाद, श्रीकांत निराला, शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, ज्ञानचंद उर्फ ज्ञानी, इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, राजकुमार राणा, मेवालाल नाग, उदय मेहता समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## एक नजर

### रिसालदार शाह बाबा के उर्स की व्यवस्थाओं को लिया जायजा



रांची: रिसालदार शाह बाबा के 218वें सालाना उर्स की गुरुवार से शुरूआत हो गई है। पहले दिन उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री और एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने रिसालदार शाह बाबा की मजार पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। दरगाह कमेटी के सदस्यों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन में प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। जिला प्रशासन की ओर से आमजनों से अपील की गयी है कि वे अमन-चैन और भाईचारे के माहौल में उर्स में शामिल होकर इस ऐतिहासिक परंपरा को और मजबूत बनाएं।
इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक शहर अजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने मोहन भागवत को दी जन्मदिन की बधाई



रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत को उनके 75वें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। वसुधैव कुटुंबकम मंत्र को आत्मसात कर समाज में समरसता, बंधुत्व की भावना सशक्त करने तथा मां भारती की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले भागवत जी हम जैसे करोड़ों स्वयंसेवक बंधुओं के प्रेरणा स्रोत हैं। बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि डॉ. मोहन भागवत का जन्म 11 सितंबर 1950 को महाराष्ट्र के चंद्रपुर में हुआ था। नागपुर विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक के रूप में संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। वे 2009 में संघ के छठे सरसंघचालक बने।

### रांची रेलवे स्टेशन व बड़ा तालाब परिसर की बदहाली से बढ़ रहा संक्रमण का खतरा



रांची : राजधानी रांची का प्रमुख रेलवे स्टेशन इन दिनों बदइंतजामी की मार झेल रहा है। स्टेशन की मुख्य सड़क के किनारे फुटपाथ का स्लैब महीनों से खुला पड़ा है। बताया जाता है कि महीनों पहले नाली की सफाई के लिए स्लैब हटाया गया था, लेकिन काम पूरा होने के बाद उसे दोबारा लगाया नहीं गया। नतीजतन, खुले नाले में गंदा पानी जमा हो रहा है, जिसमें कीड़े पनपने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति संक्रमण और बीमारियों के फैलने का संकेत है। इसके अलावा, खुले नाले में लोग कचरा भी फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी और बढ़ गई है। स्थिति यह है कि स्टेशन के पास लोग खुले में ही शौच कर रहे हैं। यह न सिर्फ बदबू और गंदगी फैलाता है, बल्कि यात्रियों और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन गया है।

# अबुआ सरकार में हो रही आदिवासियों की हत्या और रैयतों की खेतिहर जमीन की लूट : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अबुआ सरकार में आदिवासियों की हत्याएं हो रही हैं और रिम्सी-2 के नाम पर रैयतों की खेतिहर जमीन लूटी जा रही है। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा एक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता थे। चार बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़े। उन पर दर्ज मुकदमों से वे बरी होते जा रहे थे। 300 से अधिक गरीब बेसहारा बच्चों को पढ़ाते थे, उनके आवास भोजन की व्यवस्था करते थे। बाबूलाल गुरुवार को भाजपा रांची महानगर की ओर से आयोजित आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा के खान खनिज की बड़े पैमाने पर हो रही लूट का विरोध करने के कारण माफिया और बिचौलियों की आंख की किरकिरी बन गए थे। राज्य सरकार बिचौलियों, दलालों, खनिज माफियाओं की संरक्षक है और उनके इशारे पर सूर्या हांसदा की नृशंस हत्या कर दी गई। बाबूलाल ने कहा कि पुलिस का तथाकथित एनकाउंटर पूरी तरह फर्जी है, इसलिए भाजपा इस हत्या की सीबीआई जांच चाहती है ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, प्रदीप सिन्हा , सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, महामंत्री बलराम सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, परमा सिंह, रमेश सिंह, संजय जायसवाल सहित दर्जनों महानगर के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सूर्या हांसदा एनकाउंटर की हो सीबीआई जांच : रघुवर दास

कांके प्रखंड में प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि जब पूरा झारखंड दिशोम गुरु शिबू सोरेन की मृत्यु के कारण शोकाकुल था, उनका श्राद्धकर्म चल रहा था, उस समय झारखंड की सिंडिकेट सरकार ने एक समाजसेवी और भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे आदिवासी युवक की फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी। सबसे बड़ी बात है कि पुलिस के बयान में कहा गया कि 40-50 लोगों के दस्ते ने हमला कर दिया था। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल है कि केवल सूर्या हांसदा को गोली कैसे लगी। आज तक किसी और की शिनाख्त नहीं कर पाई है। इससे ज्यादा इसके फर्जी होने का क्या प्रमाण होगा। सूर्या हांसदा की माता और पत्नी के अलावा हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता घटना की सीबीआइ जांच की मांग करते हैं।

### आदिवासियों के बीच एक्सपोज हो चुकी है राज्य सरकार : सीपी

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्य में अपराध और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रही है। हत्या, लुट और बलात्कार की घटना से जनता त्राहिमाम कर रही है। खुद को अबुआ सरकार कहने वाली हेमंत सोरेन की सरकार में लगातार आदिवासियों का शोषण हो रहा है। सूर्या हांसदा का फर्जी एनकाउंटर हो या नगड़ी में जमीन लूटने की घटना सरकार अब आदिवासियों के बीच एक्सपोज हो चुकी है।


## मुख्यमंत्री से झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आपके कुशल नेतृत्व में कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा न सिर्फ झारखंड के कलाकारों को उनकी विशिष्ट पहचान सुरक्षित करने के लिए सीटीएमएस जैसी सक्षम प्रणाली विकसित करके उनके हितों की रक्षा का मार्ग प्रशस्त किया है बल्कि सरकार के द्वारा ललित कला अकादमी, साहित्य अकादमी और संगीत नाटक अकादमी के गठन का प्रस्ताव पारित करके राज्य में कला-संस्कृति के विकास में नींव का पत्थर स्थापित किया है। इन सभी उपलब्धियों के लिए झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन आपके प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट करता है। इस अवसर पर विधायक भूषण तिर्की तथा प्रतिनिधिमंडल में पद्मश्री मधु मंसूरी, झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी, सचिव डॉ० राकेश रमण, संस्थापक श्रीकांत इंदुवार, डॉ० सुशील अंकन, डॉ० जयकांत इंदुवार, बंदी उरांव, अमित तिर्की, राहुल महली सहित अन्य उपस्थित थे।

# नगर निगम: अब संपत्तियों की जियो टैगिंग व गीले-सूखे कचरे को अलग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची नगर निगम ने अब एक और बड़ा कदम उठाया है। पहले निगम की संपत्तियों का डिजिटाइजेशन हुआ था, अब उन संपत्तियों की जियो टैगिंग की जाएगी। इसके लिए झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर को जिम्मेदारी दी गई थी। JSAC ने एप्लीकेशन बना लिया है और डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो गया है। अब फील्ड विजिट करके संपत्तियों का जियो टैगिंग किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को को निगम में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें कर संग्रहकर्ता, राजस्व निरीक्षक, जोनल व वार्ड सुपरवाइजर, कनिष्ठ अभियंता और सभी फील्ड स्टाफ को एप्लीकेशन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, मुकेश रंजन, निकेश कुमार और निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कचरा पृथक्करण पर निगम की कड़ी कार्रवाई**

इसी दिन प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक का मकसद था । शहर में गीले और सूखे कचरे को अलग करना और इसे हर घर व प्रतिष्ठान तक लागू कराना। प्रशासक ने कहा कि स्वच्छ रांची, स्वस्थ रांची तभी संभव है।

# उपायुक्त ने पूजा पंडाल में सुरक्षा इंतजामों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** श्री रामलला पूजा समिति के सानिध्य में जिला स्कूल प्रांगण में श्री दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने गुरुवार को किया। इस मौके पर एसडीओ, एसएसपी, सिटी एसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, नगर निगम की टीम, बिजली विभाग की टीम, कोतवाली थाना, ट्रैफिक पुलिस टीम ने पंडाल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई सुझाव और दिशा निर्देश समिति को दिया, जिसमें सीसीटीवी कैमरा से कन्ट्रोल, बिजली के तारों की सुरक्षा, पेयजल की व्यवस्था, समिति के वॉलंटियर्स, निजी सुरक्षाकर्मी, अग्निशमन यंत्र शामिल है। उन्होंने उपर्युक्त सभी सयंत्रों को सही रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पंडालों में प्रवेश द्वार और निकास द्वार अलग अलग बनाने को कहा। मौके पर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने आश्वस्त किया कि प्रशासन के मार्गदर्शन में ही सारा कार्य किया जाएगा। उन्होंने उपायुक्त के समक्ष समिति की ओर से कई मांगें भी रखी। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत समिति के सदस्य बादल सिंह, निर्मल जालान, भाविन राठौर, डॉ दिलीप सोनी, राजकुमार टाटिया, रोहित शारदा, सोनू भारद्वाज, राजीव कुमार, ओम प्रकाश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षणभर के लिए प्रभु को अपना माननेवाले को भगवान ने दिया मोक्ष : चैतन्य मीरा



रांची: मारवाड़ी महिला मंच की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में गुरु मां चैतन्य मीरा ने गुरुवार को श्रीकृष्ण की बाल और गोवर्धन लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आकर ऐसा लग रहा मानो रांची ब्रज धाम में बदल गया हो और श्रद्धालु स्वयं भगवान की लीलाओं का साक्षात दर्शन कर रहे हों। इस अवसर पर गुरु मां ने पूतना वध प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जिसने भी क्षणभर के लिए प्रभु को अपना माना, भगवान ने उसे मोक्ष प्रदान किया। इंद्र के अभिमान भंजन और गिरिराज पर्वत की पूजा का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि कलयुग में गिरिराज पर्वत, यमुना महारानी और तुलसी मैया साक्षात देव रूप में पूजनीय हैं। कथा के बाद गिरिराज जी की झांकी सजाई गई और 56 भोग अर्पित किए गए। इस दौरान भक्ति भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर समिति की सदस्यों ने नेत्रदान, अंगदान और त्वचा दान को लेकर जागरूकता भी फैलाई। कार्यक्रम में रूपा अग्रवाल, अनसूया नेवटिया, अलका सरावगी, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया सहित बड़ी संख्या में मंच की महिला सदस्य मौजूद थीं।

### कमांडर आयुष रंजन के निधन पर एसोसिएशन ने जतायी संवेदना



रांची : भारतीय नौसेना के कमांडर आयुष रंजन (39) के आकस्मिक निधन पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने गहरी संवेदना जतायी है। गुरुवार को उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि आज तड़के बेंगलुरु स्थित कमांड हॉस्पिटल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे रांची निवासी रिटायर्ड डीएसपी राय मनोरंजन प्रसाद एवं मीना राय के इकलौते पुत्र थे। नौसेना नेतृत्व की देखरेख में बेंगलुरु में ही उनकी अंत्येष्टि संपन्न हो रही है। राय ने कहा कि कमांडर आयुष रंजन का निधन समाज और देश दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। समाज इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है और उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने बताया कि आयुष रंजन मूलतः बिहार के भरथुआ-कल्याणपुर के निवासी थे। उन्होंने लोयोला स्कूल, जमशेदपुर से शिक्षा प्राप्त कर भारतीय नौसेना में प्रवेश किया और देश सेवा में जीवन समर्पित किया। उनकी देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और समर्पण हमेशा नौजवानों प्रेरणा देगी।

### 2003 की मतदाता सूची ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध

रांची: झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा वर्ष 2003 में हुए विशेष पुनरीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची अब आम नागरिकों के लिए उपलब्ध करा दी गई है। यह सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन देखी जा सकती है। इसके साथ ही 18 सितंबर 2025 से राज्य के सभी बीएलओ, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (AERO) एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ERO) के कार्यालयों में सूची की प्रिंट कॉपी भी उपलब्ध रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। जो मतदाता रोजगार या अन्य कारणों से झारखंड से बाहर रह रहे हैं और वहां की मतदाता सूची में नाम जुड़वा चुके हैं, वे संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर जाकर अपनी प्रविष्टि जांच सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने पुनः दोहराया है कि उसका संकल्प है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### संतान की दीघार्यु के लिए माताएं करेंगी निर्जला उपवास, जितिया व्रत 14 को

रांची : आश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी 14 सितंबर को जितिया व्रत मनाया जाएगा। आचार्य मनोज पांडेय ने गुरुवार को बताया कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि 14 सितंबर को सुबह 08.41 बजे से आरंभ होगी, जो 15 सितंबर को सुबह 06.27 तक रहेगी। इसलिए पारण सुबह 6.27 बजे के बाद होगा। 13 सितंबर नहाय-खाय से शुरू होकर 15 सितंबर पारण कर व्रत का समापन होगा। उन्होंने बताया कि जीवित्पुत्रिका व्रत में अष्टमी मध्याह व्यापिनी होनी चाहिए, जो 14 सितंबर को है। आचार्य ने बताया कि जितिया व्रत एक प्रदोष कालिक चंद्र व्यापनी व्रत है, जिसके चलते इसे सूर्योदय काल से अधिक प्रदोष काल को ध्यान में रखकर निर्णय लिया जाता है। अगर प्रदोष काल में सप्तमी युक्त अष्टमी होती तो इसे करना सही नहीं होता है।

# मोरहाबादी में एक्सपो उत्सव 16 को, 90 प्रतिशत स्टॉल बुक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची का बहुप्रतीक्षित एक्सपो उत्सव-2025 की शुरूआत मोरहाबादी मैदान में आगामी 16 सितंबर से होगी जो 22 सितंबर तक चलेगा। इस संबंध में एक्सपो के मुख्य संचालक जेसी सिद्धार्थ जायसवाल ने कहा कि संस्था के सदस्य दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ताकि रांचीवासियों को हर साल कुछ नया अनुभव कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जेसीआई रांची की ओर से आयोजित इस कंज्यूमर फेयर का यह 28वां संस्करण इसबार एक्सपो पूरी तरह नए रूप में नजर आएगा। करीब 400 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें से 90 प्रतिशत बुकिंग पूरी हो चुकी है। वहीं अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने बताया कि इस बार अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, कश्मीर का केसर, होम मेड चॉकलेट, राजस्थानी मार्बल स्टेचू, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, कपड़े और कॉस्मेटिक्स तक हर तरह के उत्पाद मिलेंगे। ऑटो जोन में बड़े ब्रांडों की गाड़ियां और ई-स्कूटी की नई रेंज प्रदर्शित होगी। सचिव जेसी सनी केडिया ने बताया कि इस वर्ष थोक विक्रेता और बड़ी कंपनियों के लिए अलग हैंगर बनाया गया है। फूड जोन को नए अंदाज में पेश किया जाएगा, जबकि बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क खास आकर्षण रहेगा। ग्राहकों के लिए स्टॉल धारक पांच प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की छूट भी देंगे। पूरे मैदान को नौ जोन एग्जीबिटर, कंज्यूमर, पिंक, अर्बन, ऑटो जोन, स्टार्टअप बाजार, फूड कोर्ट, एम्यूजमेंट पार्क और मेन स्टेज में बांटा गया है। सभी हैंगर जर्मन तकनीक से बनाए गए हैं ताकि बेहतर अनुभव मिल सके।

# समिति ने अपना घर आश्रम को दी वॉशिंग मशीन और मिक्सी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की महिला समिति ने प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम, पुंदाग को गुरुवार को एक वॉशिंग मशीन, एक मिक्सी और आवश्यक खाद्य सामग्री दी।
यह सहयोग आश्रम में निवास कर रहे 40 से अधिक दिव्यांग और निराश्रितों के दैनिक जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने महिला समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से न केवल आश्रम की जरूरतें पूरी होती हैं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश भी प्रसारित होता है। उन्होंने कहा कि एसबीआई महिला समिति का यह योगदान सेवा कार्यों को और सशक्त करेगा। बताया गया कि आश्रम वर्षों से दिव्यांग और निराश्रित जनों की सेवा में कार्यरत है और इस प्रकार की पहल समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ महिला समिति की उपाध्यक्ष राजश्री, सचिव उषा रानी, कोषाध्यक्ष रश्मि कुमारी, रेनू बरनवाल, मालती, रेनू सिन्हा, विनीता, कंचन, प्रीति, गीता, पुष्पा, सरिता, नीता सहित अन्य सदस्य मौजूद थीं।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत झारखंड में 50 नए आंगनवाड़ी केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 500 या अधिक की जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र जहां न्यूनतम 50% जनजातीय जनसंख्या होगी वहां एक आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना की जाएगी। वहीं अति पिछड़े जिलों के वैसे ग्राम जहां न्यूनतम 50 की जनजातीय संख्या निवासित होगी, वहां भी आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना की जाएगी। 50 नए आंगनबाड़ी केंद्र होंगे स्थापितधरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 50 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना और संचालन की स्वीकृति दी है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के लिए खर्च केंद्रांश और राज्यांश के 60:40 के अनुपात में किया जाएगा। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 100% खर्च का वहन केंद्रीय अंशदान से किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का चयन

इन आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का चयन किया जाएगा. इन कर्मियों को चयन, मानदेय और अन्य सुविधाएं झारखंड आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन एवं मानदेय (अन्य शर्तों सहित) नियमावली, 2022 और समय-समय पर यथा संशोधित राज्यादेशों के अनुरूप प्रदत्त होंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण

इन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण ग्रामीण विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए तकनीकी मानक प्राक्कलन के आधार पर किया जाएगा। भवन निर्माण के लिए प्रति केंद्र 11.663 लाख रुपए की दर से खर्च किया जाएगा।

## एक नजर

### कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड में भाजपा के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन

**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता ,पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नितेश चंद्रवंशी ने भाग लेते हुए प्रदर्शन में कार्यक्रम में कहा कि सूर्या हांसदा की फर्जी एनकाउंटर का हम सब विरोध करते हैं। सूर्या हांसदा एक राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे ,उनके फर्जी मुठभेड़ में फर्जी एनकाउंटर करके हत्या की गई है ।हम सब भाजपा कार्यकर्ता सीबीआई से जांच की मांग करते हैं ,दूसरी तरफ हेमंत सरकार के निर्देश पर आदिवासियों के हितों की रक्षा करने का वादा करने वाली गैर जिम्मेवार सरकार आदिवासियों की जमीनों को लूटने का प्रयास कर रही है । और रिम्स टू के नाम पर उनकी रैयती जमीन को लूटने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी यह भी मांग करती है की आदिवासियों की जमीनों को लूटने से बचाया जाए और आदिवासियों की जमीन को सुरक्षित रखा जाए। सरकार के पास सैकड़ो एकड़ जमीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उसे गैर सिंचित भूमि में निर्माण होना चाहिए ,ना की आदिवासियों की जमीन को लूट कर आदिवासियों को बेदखल कर सरकारी निर्माण को किया जाए। प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह के नेतृत्व में सतगावां के सभी कार्यकर्ता शामिल होकर प्रदर्शन के कार्यक्रम में भाग लिए ।

### बोकारो में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक

**बोकारो :** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशाझनिर्देश प्रदान किया गया।

अनुपस्थित एमओआइसी से पूछा स्पष्टीकरण


बैठक में कई प्रखंडों के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अनुपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का सिविल सर्जन को निर्देश दिया। साथ ही बैठक में नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एएनसी जांच में लाएं सुधार, विशेष ध्यान दें चिन्हित प्रखंड गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जांच की गुणवत्ता और संख्या में सुधार लाया जाए। विशेष रूप से कसमार, नावाडीह और बेरमो प्रखंडों में इस दिशा में योजनाबद्ध काम करने का निर्देश दिया।

ममता वाहन सेवा निर्धारित दर पर हो सुनिश्चित बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि कई बार शिकायत मिलती है कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु को अस्पताल एवं घर तक पहुंचाने के लिए ममता वाहन चालकों द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि की मांग की जाती है, जो सही नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सेवा सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही दी जानी चाहिए। इसकी सख्त निगरानी करने की जिम्मेदारी संबंधित एमओआइसी को दी। इस बाबत अपने स्तर से पत्र जारी करने एवं फ्लैक्स होर्डिंग लगाने को कहा।

संस्थागत प्रसव व शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य उप विकास आयुक्त ने कहा कि बोकारो जिले को संस्थागत प्रसव में राज्य के टॉप-थ्री जिलों में शामिल करने के लिए टीम के तहत विशेष योजना बनाकर कार्य करें। साथ ही सभी बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया।

# बीएसएल विस्तारीकरण और पत्रकारों की सामाजिक सुरक्षा को लेकर राज्यपाल से मिले कुमार अमित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** स्टील प्लांट के स्थगित विस्तारीकरण योजना को शीघ्र धरातल पर उतारने हेतु झारखण्ड सरकार से गम्भीर पहल करने और राज्य के पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा के तहत स्वास्थ्य बीमा एवं पेंशन योजना का लाभ देने को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कुमार अमित राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा। कुमार अमित ने राज्यपाल को स्थगित बीएसएल विस्तारीकरण परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए इसे राज्य के विकास और युवाओं को रोजगार हेतु काफी अहम बताते हुए इसको धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार की ओर से गम्भीर पहल करने की मांग की। इसके लिए उन्होंने राज्यपाल से राज्य में औद्योगिकरण के उपरांत बड़ी संख्या में विस्थापित हुए लोगों की समस्याओं के पूर्णतः निराकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा सुदृढ़ विस्थापन पुनर्वास नीति और आयोग बनाते हुए बोकारो सहित राज्य के सभी ज़िलों के कानून व्यवस्था को दुरुस्त कर झारखंड में उपयुक्त औद्योगिक वातावरण बनाने की माँग की। राज्य के पत्रकारों को स्वास्थ्य बीमा और पेंशन का लाभ देने के लिए झारखण्ड सरकार द्वारा बनायी गई जटिल नियमावली के कारण वर्तमान में किसी भी पत्रकार को इसका लाभ नहीं मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस विषय से भी कुमार अमित ने राज्यपाल को पत्र देकर अवगत कराया। पूर्व में राज्य सरकार द्वारा बनायी गई झारखण्ड पत्रकार सम्मान नियमावली को सरल कर सामाजिक सुरक्षा के तहत राज्य के सभी पत्रकारों को पड़ोसी राज्यों की तरह स्वास्थ्य बीमा और पेंशन उपलब्ध कराने की माँग की। भाजपा नेता ने इससे राज्य में लोकतंत्र के चतुर्थ स्तम्भ के और सशक्त होने की बात कही। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कुमार अमित को इन विषयों पर गम्भीरता से गम्भीर पहल करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर कमल राज, सुजीत झा, तुषार, देशबंधु मिश्रा और अमृत राज भी मौजूद थे।

## बोकारो एयरपोर्ट विस्तार को लेकर कार्रवाई एलोरा स्थित कैंटीन पर चला बुलडोजर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** एयरपोर्ट विस्तारिकरण योजना को लेकर बोकारो स्टील प्रबंधन ने तेजी दिखानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बीएसएल सुरक्षा विभाग की देखरेख में एलोरा स्थित कैंटीन व भवन पर बुलडोजर चला। कार्रवाई के दौरान कैंटीन को पूरी तरह ढहा दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि इसी तरह विधिवत डोजरिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ी तो करीब पांच दर्जन परिवार सीधे तौर पर प्रभावित होंगे और उन्हें सड़क पर आना पड़ सकता है। निवासियों का कहना है कि प्रबंधन ने उन्हें दस दिनों का समय मकान खाली करने के लिए दिया है। तय समय के बाद यदि घर खाली नहीं किया गया तो उन पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। कई लोगों ने आशंका जताई कि बीएसएल प्रबंधन पहले प्रभावित मकानों की बिजली और पानी की आपूर्ति बंद करेगा। इसके बाद ही डोजरिंग की कार्रवाई शुरू होगी। इस कदम से स्थानीय लोगों में आक्रोश और भय दोनों देखा जा रहा है, वहीं प्रबंधन का कहना है कि एयरपोर्ट विस्तार के लिए जमीन खाली कराना बेहद जरूरी है।

## बोकारो स्टील प्लांट के सीआरएम-3 में गैस रिसाव, अफरा-तफरी का माहौल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बोकारो स्टील प्लांट में गुरुवार की सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। सीआरएम-3 एरिया में अचानक गैस रिसाव होने से हड़कंप मच गया। गैस की गंध तेजी से विभाग में फैलने लगी, जिसके बाद वहां मौजूद कर्मचारी और श्रमिक तुरंत बाहर निकल आए। गनीमत रही कि सभी मजदूर समय रहते सुरक्षित बाहर आ गए और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, सीआरएम-3 के एआरपी-3 यूनिट में ड्रेन पोर्ट की पाइप में होल हो जाने से गैस का रिसाव शुरू हुआ। रिसाव होते ही वहां मौजूद ठेका मजदूर सतर्क हो गए और तुरंत स्थान छोड़ दिया। इस दौरान शोर-शराबा और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएल के फायर ब्रिगेड और ईएमडी की टीम मौके पर पहुंच गई। गैस रिसाव को तत्काल नियंत्रित करने के लिए संबंधित वाल्व को बंद कर दिया गया। साथ ही प्रभावित क्षेत्र को सील कर दिया गया है और वहां लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि गैस का असर खत्म किया जा सके। उच्चाधिकारी हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं और ज्वाइंट एवं पाइपलाइन में तकनीकी जांच की जा रही है। सुबह करीब 11:30 बजे हुई इस घटना से प्लांट प्रबंधन में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## कोडरमा में भाजपा का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** झारखंड में लगातार गिरती कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार और सरकार की जनविरोधी कार्यशैली के विरोध में बुधवार को कोडरमा प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कोडरमा विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव ने किया। भारी बारिश के बावजूद सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता चिल्ड्रन पार्क के समीप एकत्र हुए और शिव तारा स्कूल होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक आक्रोश रैली निकाली, जो सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. नीरा यादव ने हेमंत सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार ने रिम्स-2 के नाम पर आदिवासियों और किसानों की जमीनें जबरन छीनने की साजिश रची है, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। उन्होंने आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की हत्या को फर्जी एनकाउंटर करार देते हुए कहा कि यह घटना सरकार की जनविरोधी कार्यशैली को उजागर करती है। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को लूट-खसोट का माध्यम बना दिया गया है, जिससे आम जनता त्राहिमाम कर रही है। सभा की अध्यक्षता कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष सुनील पंडित ने की, संचालन अजय पांडेय ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुधीर सेठ ने प्रस्तुत किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर जोरदार नारेबाजी की। हेमंत सरकार होश में आओ, सूर्या हांसदा अमर रहे, आदिवासी रैयत किसानों की जमीनें वापस करो जैसे नारों से प्रखंड मुख्यालय परिसर गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हेमंत सरकार के शासनकाल में सरकारी कार्यालयों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, म्यूटेशन सहित अन्य योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना का लाभ भी बिना रिश्वत दिए नहीं मिल पा रहा है। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिनमें जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण, नितेश चंद्रवंशी, राजेंद्र सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरशद खान, चंद्रशेखर जोशी, उत्तम कुमार, मिथिलेश सिंह, विक्रम सिंह, अंकित गुप्ता, उमेश यादव, दिनेश शर्मा, पप्पू मंडल, ईश्वर राम, विनोद साव, शीला देवी, विजय सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड में भाजपा के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता, पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नितेश चंद्रवंशी ने भाग लेते हुए प्रदर्शन में कार्यक्रम में कहा कि सूर्या हांसदा की फर्जी एनकाउंटर का हम सब विरोध करते हैं। सूर्या हांसदा एक राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके फर्जी मुठभेड़ में फर्जी एनकाउंटर करके हत्या की गई है। हम सब भाजपा कार्यकर्ता सीबीआई से जांच की मांग करते हैं, दूसरी तरफ हेमंत सरकार के निर्देश पर आदिवासियों के हितों की रक्षा करने का वादा करने वाली गैर जिम्मेवार सरकार आदिवासियों की जमीनों को लूटने का प्रयास कर रही है ।और रिम्स टू के नाम पर उनकी रैयत्ती जमीन को लूटने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी यह भी मांग करती है की आदिवासियों की जमीनों को लूटने से बचाया जाए और आदिवासियों की जमीन को सुरक्षित रखा जाए। सरकार के पास सैकड़ो एकड़ जमीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उसे गैर सिंचित भूमि में निर्माण होना चाहिए। ना की आदिवासियों की जमीन को लूट कर आदिवासियों को बेदखल कर सरकारी निर्माण को किया जाए। प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह के नेतृत्व में सतगावां के सभी कार्यकर्ता शामिल होकर प्रदर्शन के कार्यक्रम में भाग लिए। उक्त प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के कोडरमा जिला के उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र पाल सिंह, धनंजय यादव, नरेश यादव, रणजीत सिंह, ब्रह्मदेव यादव ,अमरजीत कुमार, संतु यादव, मुकेश यादव, कमल नयन सिंह आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोडरमा में राष्ट्रीय पोषण माह की तैयारी, उपायुक्त ने दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन एवं जिला समाज कल्याण विभाग, कोडरमा की ओर से उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 17 सितंबर से 18 अक्टूबर 2025 तक सभी गतिविधियां पूर्व निर्धारित कैलेंडर के अनुसार संचालित की जाएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्यक्रमों की प्रविष्टि (एंट्री) जन आंदोलन डैशबोर्ड पर अनिवार्य रूप से की जाए, क्योंकि राज्य स्तर पर मूल्यांकन इसी आधार पर किया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्र स्तर पर - कैलेंडरवार गतिविधियों का आयोजन करना एवं FRS पूर्ण करना। परियोजना एवं प्रखंड स्तर पर - गतिविधियों का आयोजन, FRS में सहयोग, डेटा एंट्री एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करना। जिला स्तर पर - सभी विभागों की सहभागिता से कम-से-कम 3 गतिविधियों का आयोजन, डेटा एंट्री एवं अनुश्रवण करना। जिला एवं प्रखंड स्तर पर अधिकारी प्रतिदिन निगरानी और उचित मार्गदर्शन सुनिश्चित करेंगे ताकि जिले और राज्य दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार हो। पोषण माह के दौरान सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविका-सहायिका एवं सभी लाभुकों का 100% आधार सत्यापन, FRS सह eKYC सुनिश्चित किया जाए। DSWO, CDPO, BDO एवं उड अपने-अपने स्तर पर इस कार्यक्रम को प्राथमिकता देंगे। जिला एवं प्रखंड पोषण समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। क्षेत्र भ्रमण कर सभी अधिकारी पोषण माह की गतिविधियों की निगरानी करेंगे। समाज कल्याण पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी विभाग अपने-अपने लॉगिन से जन आंदोलन डैशबोर्ड में डेटा एंट्री करें और इसकी नियमित समीक्षा भी की जाए।

### सेवानिवृत्ति मृतक एवं 87 चौकीदारों को लाभ प्रदान किया गया

**कोडरमा :** उपायुक्त ऋतुराज ने जिले के चौकीदारों/दफादारों की लंबे समय से लंबित सेवा संपुष्टि एवं वित्तीय उन्नयन की मांग को पूरा करते हुए सेवानिवृत्त, मृतक एवं कार्यरत कुल 87 चौकीदारों को इसका लाभ प्रदान किया। ज्ञात हो कि 01.01.1990 से चौकीदारों को सरकारी कर्मी घोषित किया गया था, परंतु लगभग 35 वर्षों के उपरांत अब जाकर उन्हें सेवा संपुष्टि एवं वित्तीय उन्नयन का लाभ मिला है। इस निर्णय से चौकीदारों में खुशी का माहौल है। इसके लिए सभी चौकीदारों ने उपायुक्त एवं इस कार्य में शामिल पदाधिकारी व कर्मी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं पोक्सो एक्ट पर जागरूकता हेतु बाल सभा का आयोजन




**कोडरमा:** बिरसा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा में जिला प्रशासन एवं एसोसिएशन ऑफ वॉलिंटियर एक्शन संस्था के संयुक्त सौजन्य से बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं पोक्सो एक्ट पर जागरूकता हेतु बाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की एवं संस्था के प्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों और प्रतिभागियों को बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पोक्सो एक्ट से संबंधित प्रावधानों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि यह कानून बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों की रक्षा हेतु बनाया गया है। तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि– समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करें और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने में सहयोग दें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, महिला समूह की सदस्याएँ, समाजसेवी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में संत विनोबा भावे की जयंती मनाई गई



**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वाशन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संत विनोबा भावे जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला कुमारी भगत सहित सभी सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी द्वारा विनोबा भावे जी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने अपने संबोधन में संत विनोबा भावे की जीवन संघर्षों से अवगत कराते हुए उनके सामाजिक एवं शैक्षिक दर्शन पर विशेष बल दिया साथ ही उत्कृष्ट जीवन की सार्थकता हेतु उनके पदचिन्हों को अनुकरण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा, डॉ पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार एवं ओंकार कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन आंतरिक गुणवता आश्वाशन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ मनीष कुमार पासवान ने किया।

### सड़क हादसाः तर्पण कर घर से निकले दंपति की ट्रक से कुचलकर मौत



**बोकारो :** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंद मार्केट के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पति–पत्नी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान संजीव कुमार और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संजीव कुमार अपनी पत्नी के साथ घर में तर्पण करने के बाद निकले थे। इसी दौरान गोविंद मार्केट के पास उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद जब लोगों ने ट्रक चालक को रोकने के लिए आवाज लगाई, तो उसने न केवल ब्रेक नहीं लगाया बल्कि ट्रक को आगे बढ़ाते हुए दंपति को कुचल दिया। इसके बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर मुआवजे और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग शुरू कर दी। परिजनों का कहना है कि यह मात्र सड़क हादसा नहीं बल्कि हत्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि ट्रक चालक समय रहते गाड़ी रोक देता, तो दोनों की जान बच सकती थी।

आक्रोशित भीड़ ने उपायुक्त को मौके पर बुलाने की मांग की। परिजनों ने यह भी रोष जताया कि बियाडा को जमीन दिए जाने के बावजूद सड़क चौड़ीकरण अब तक नहीं हुआ है, जिससे ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति हो रही है। सूचना पाकर बालीडीह थाना की पुलिस दल मौके पर पहुंचा और जाम हटाने का प्रयास कर रही है। वहीं ट्रक चालक की गिरफ्तारी और घटना की सच्चाई की जांच के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### बोकारो इस्पात डिप्लोमा धारी कामगार यूनियन ने की बोनस की मांग



**बोकारो :** इस्पात डिप्लोमा धारी कामगार यूनियन के 4 जी स्थित कार्यालय में सभी विभागीय प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि प्लांट के कर्मचारी हर परिस्थिति में उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने अपने कार्यक्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण प्लांट में नए नए कीर्तिमान बन रहे हैं। इसलिए एक सम्मानजनक बोनस कर्मचारियों का अधिकार है। 20 सिंतबर को दिल्ली में बोनस को लेकर सेल मैनेजमेंट और एन जे सी एस की बैठक होनी है। इसलिए बोकारो इस्पात डिप्लोमाधारी कामगार यूनियन प्रबंधन से ये मांग करती है कि सेल में एनुअल सेल परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत वर्तमान में जो फामूर्ला बना हुआ है उसको रद्द किया जाए और अन्य पी एस यू कंपनियों तथा स्टील सेक्टर की कंपनियों के तर्ज पर नया फामूर्ला बनाया जाए। जिससे कि सेल के कर्मचारियों को भी अन्य स्टील सेक्टर की कंपनियों के कर्मचारियों की तरह सम्मानजनक बोनस राशि मिले। इसके साथ ही ये भी सुनिश्चित किया जाए कि हर वर्ष जो राशि मिले वह उससे पिछले वर्ष मिली हुई राशि से ज्यादा होनी चाहिए। यूनियन के अध्यक्ष रविशंकर ने कहा कि त्योहारों के सीजन में बोनस का इंतजार कर्मचारियों के साथ साथ उनके परिवार जनों को भी रहता है।

# सरिया में भाजपा का धरना, सूर्या हांसदा हत्या और किसान जुल्म के खिलाफ प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना आयोजित किया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र कुमार राय के नेतृत्व में दिए गए इस धरने को संबोधित करते हुए डॉ. राय ने कहा कि झारखंड के हर प्रखंड मुख्यालय पर धरना कार्यक्रम चल रहा है और जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी की संयुक्त सरकार पर आदिवासी, किसान व स्थानीय लोगों के हितों के विरुद्ध काम करने का आरोप लगाया। डॉ. राय ने स्वर्गीय सूर्या हांसदा की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी मौत पुलिस कस्टडी में हुई और बाद में एनकाउंटर बताने के लिए मृत शरीर पर गोली मारी गई। घटनास्थल पर खून के धब्बे न होने से यह साफ है कि यह नृशंस



हत्या थी। उन्होंने इसे राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी घटना कभी नहीं देखी गई, जहां पहले मौत दी जाए और फिर अपराधी साबित करने के लिए गोली चलाई जाए। इसी तरह रांची में रिम्स-2 के नाम पर कांके क्षेत्र में आदिवासियों व किसानों की खेती योग्य जमीनों का अधिग्रहण हो रहा है, जबकि धुरवा व खूंटी में पर्याप्त खाली जमीन उपलब्ध है। भाजपा इसका विरोध कर रही है और सरकार से मांग कर रही है कि उपलब्ध जमीन पर ही रिम्स-2 का निर्माण हो, जो एम्स के रूप में विकसित किया जाए। डॉ. राय ने स्पष्ट कहा कि किसानों के साथ कोई ज्यादती भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्य रूप से सूर्या हांसदा की हत्या और किसानों पर अत्याचार के दो मुद्दों पर भाजपा पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन कर रही है। डॉ. राय ने राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की, ताकि कानून का राज स्थापित हो और संविधान पर लोगों का भरोसा बना रहे।

## भाजपा का सरकार के दमनकारी नीति के खिलाफ प्रखंडस्तरीय प्रदर्शन

पटमदा : भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में राज्य में चल रही सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ प्रखंडस्तरीय विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बोड़ाम मंडल के कार्यक्रम प्रभारी जटाशंकर पाण्डेय ने वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों की जमीन को रिम्स टु बनाने के नाम पर हड़पने का आरोप लगाया है।वही सूर्या हांसदा के एनकाउंटर कि सीबीआई जांच करवाने,एक दशक से लंबित बोड़ाम कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को जल्द से जल्द निर्माण करवाने सहित कई जनसमस्याओं को उजागर किया गया। इस दौरान राज्यपाल के नाम बोड़ाम बीडीओ किकू महतो को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाजपा के विरोध प्रर्दशन मुख्य रूप में कार्यक्रम प्रभारी जटाशंकर पांडेय, बोड़ाम मंडल प्रभारी मुचीराम बाउरी, बिरेन महतो, सनातन दास, बिरींची महतो, तरनी चंद्र महतो सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।वही दूसरी तरफ पटमदा प्रखंड में प्रदर्शन कर बीडीओ के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल के नेतृत्व में कार्यक्रम प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो की उपस्थिति में किया गया। ज्ञापन मेंनगड़ी में रिम्स टू की जमीन रैयतों को वापस करने, सूर्या हांसदा का एनकाउंटर सीबीआई जांच, पटमदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लचर व्यवस्था में सुधार, बनकुचिया को उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अपग्रेड किया जाए।राशन वितरण का कार्य जल्द शुरू करवाया जाए। आवास योजना में गरीब को मिले प्राथमिकता देने की मांग रखी गई।

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**खूंटी :** राज्य में बढ़ते अपराध और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की एनकाउंटर की जांच सीबीआई से कराने और नगड़ी के रैयतों को उनकी जमीन वापस दिलाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को मुरहू प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार सत्ता आई है, हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। राज्य में कानून व्यवस्था की कोई चीज नहीं रह गई है। सरकार का विरोध करने वालों को फर्जी मुठभेड़ में मार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में दलाल, माफिया और अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। मौके पर भाजपा के मंडल महामंत्री भुनेश्वर मांझी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राम बिहारी लाल, सुरेश अकेला, सुरेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### एफएसओ का औचक निरीक्षण, चाउ फैक्ट्री का निबंधन रद

**पलामू :** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने गुरूवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। बाईपास रोड हाउसिंग कॉलोनी के प्रतिष्ठानों रोहन चाउ, आरएन फूड प्वाइंट एंड्ड रेस्ट हाउस, लकी भोजनालय, राज बिरियानी और अन्य का निरीक्षण किया गया। रोहन चाउ फैक्ट्री में साफ सफाई की घोर कमी पाई गई और प्रति?ठान की ओर से खाद्य संरक्षा अधिनियम का पालन नहीं किया जा रहा था। ऐसे में लाइसेंस निलम्बित कर दिया गया और सुधार लाने तक उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया गया। आर एन फूड प्वाइंट एंड रेस्ट हाउस में साफ सफाई में कमी और रख-रखाव के कारण दो हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया और पनीर का नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। वहीं लकी भोजनालय और राज बिरियानी को प्रतिष्ठान सुधार लाने के लिए निर्देश दिया गया।

### दुर्गा पूजा को लेकर मुरी ओपी में पूजा कमेटियों के साथ हुई बैठक

**सिल्ली :** मुरी ओपी थाना में दुगार्पूजा पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के सभी प्रमुख पूजा कमिटी के अध्यक्ष, सचिव व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक बैठक गुरुवार को आयोजित किया गया। मुरी ओपी के थाना प्रभारी गगन कुमार ठाकुर ने पर्व के संबंध में दिशा निर्देश की प्रति उपलब्ध कराते हुए आयोजन समिति को दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया और पूजा पंडालों में माता की दर्शन के लिए महिलाओं का लाइन अलग करें साथ ही साथ पंडालों में डीजे साउंड ना बजाए और अधिक से अधिक वॉलिंटियर तैनात करें वालंटियर के द्वारा पूजा पंडालों के आसपास गतिविधि शांतिपूर्वक बनाए रखें विशेष पंडालों में अग्नि सेवा एवं बालू रखे ताकि आग से बीच बचाव किया जा सके। कमेटियों को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन आपके साथ 24 घंटा तत्पर रहेगी कोई भी गतिविधि नजर आती है तो प्रशासन को तुरंत खबर करें।

## आश्रम टांड़ जमीन विवाद को लेकर हुई आम सभा, सभी पक्षों ने रखे विचार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** सामुदायिक वन अधिकार के अंतर्गत मौजा हुटुबदाग के खाता संख्या- 12, प्लॉट संख्या- 52, रकबा- 6.45 एकड़ जंगल साकु आश्रम टांड़ में सामुदायिक अधिकारों के लिए दावा प्रारूप से संबंधित एक आम सभा गुरुवार को नगर भवन में आयोजित की गई। केंद्रीय रामनवमी महासमिति और अखिल भारतीय सरना समाज से प्राप्त आवेदन पर नगर पंचायत के आयोजित आमसभा में अंचल निरीक्षक सुकेश रंजन, राजस्व कर्मचारी दिनेश अधिकारी, प्रभारी वनपाल प्रवीण सिंह, नगर पंचायत के कर्मियों के अलावा केंद्रीय रामनवमी महासमिति और अखिल भारतीय सरना समाज खूंटी के पदाधिकारी, उक्त भूखंड पर अपना दावा करने वाले पूर्व जमींदार के वंशज सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। लोगों ने यथास्थिति पर दिया जोर सभा में केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जितेंद्र कश्यप, अखिल भारतीय सरना समाज खूंटी के अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा, सचिव लीलू पहान, प्रखंड प्रमुख छोट राय मुंडा, मुखिया सुरजू हस्सा, बिनसाय मुंडा, दुर्गावती ओड़ेया, आदित्य प्रसाद साहू, सुनील साहू, रंथू उरांव सहित अन्य लोगों ने केंद्रीय रामनवमी महासमिति और अखिल भारतीय सरना समाज के दावे का समर्थन किया। उन?होंने कहा कि जब से खूंटी में सरहुल और रामनवमी महोत्सव की शुरूआत हुई है, तब से ही उक्त भूखंड पर सरहुल और रामनवमी का आयोजन हो रहा है। लोगों ने दशकों से परंपरा के अनुसार चले आ रहे आयोजनों में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसलिए उक्त जमीन को इन आयोजनों के लिए सुरक्षित रखने पर जोर दिया।

## सरिया में मृदा स्वास्थ्य जांच प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** पीएम श्री झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय सरिया, गिरिडीह में विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें किसान विज्ञान केंद्र बेंगाबाद के वैज्ञानिक मधुकर कुमार उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को मिट्टी जांच के नमूने के बारे में बताया। इसकी जांच कैसे और क्यों की जाती है इसके बारे में विद्यालय के बच्चियों को विस्तृत जानकारी दिए।कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए अपने शरीर के विभिन्न पाट्र्स की समय-समय पर जांच की आवश्यकता होती है। ठीक उसी प्रकार मिट्टी की जांच भी समय-समय पर आवश्यक है। जिससे कि उसके पोषक तत्वों की कमी और सही उर्वरक उपयोग के बारे में जानकारी मिल सके। वहीं सदर प्रखंड गिरिडीह के बीटीएम रमेश कुमार ने बच्चों को जागरुक करते हुए मिट्टी का नमूना लेने का सही तरीका, मिट्टी परीक्षण के लाभ और मिट्टी की



उर्वरता में सुधार के बारे में जानकारी दी। वहीं आत्मा के उप परियोजना निदेशक गिरिडीह राकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य किसानों द्वारा खेतों में अंधाधुंध खाद और कीटनाशकों का उपयोग को रोकना है। जानकारी के अभाव में किसान अत्यधिक मात्रा में खेतों में रासायनिक खाद तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करते हैं। जिस कारण मिट्टी दूषित होने के साथ-साथ खेतों में पाए जाने वाले फसलों के लिए उपयोगी मित्र यथा केंचुआ, मेंढक आदि नष्ट होने से बचें। इससे पर्यावरण सुरक्षित भी रहता है। इस प्रशिक्षण का अर्थ खेतों की उत्पादकता को बढ़ाना है। इसके अलावा बताया गया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण सिर्फ स्थाई कृषि को बढ़ावा देने में मदद ही नहीं करती अपितु मिट्टी की उपजाऊ शक्ति लंबे समय तक बनी रहे इसका भी प्रयास किया जा रहा है। बताया कि गया कि प्रयास करना चाहिए कि वह नाली के पास या पेड़ों के पास की मिट्टी का नमूना जांच के लिए नहीं लें। यदि संभव हो तो हर बार मिट्टी का नमूना वर्ष के एक ही समय में लें। मौके पर सरिया प्रखंड बी टी एम गोविंद महतो, विद्यालय की वार्डेन निक्की मिश्रा, विनीता, बिलकिस, सुशीला, रीता, अंशु, नूपुर, अनुपा, सहायक तकनीकी प्रबंधक मनीष कुमार मंडल, अविनाश कुमार सहित विद्यालय परिवार मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया रेलवे फाटक पर जमीन विवाद को लेकर सड़क जाम



**सरिया :** रांची-दुमका मुख्य मार्ग पर सरिया रेलवे फाटक के पास गुरुवार सुबह 7:00 बजे से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। विनोद तरवे, उनकी पत्नी पिंकी देवी और उनके बच्चों ने सड़क पर बैठकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। उनका आरोप था कि नंदलाल मंडल और उनके लोगों ने उनके साथ मारपीट की और उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। जाम कर रहे विनोद तरवे के पत्नी पिंकी देवी ने बताया कि हम लोग काम बंद करवाने को आवेदन लेकर स परिवार स्थानीय थाना, सी ओ व उच्च अधिकारियों के पास गए लेकिन कहीं से कोई सुनवाई नहीं हुई मजबूर होकर रोड जाम कर रहे हैं। जाम की सूचना कुछ पत्रकारों द्वारा सरिया थाना को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लगभग 8:30 बजे जाम हटवाकर यातायात बहाल किया। इस संवाददाता ने जब नंदलाल मंडल से फोन पर बात की, तो उन्होंने कहा, यह जमीन मेरी नहीं है और इस विवाद से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। यह जमीन रेवत मंडल, जगदीश मंडल, वासुदेव मंडल, मंगर मंडल और रामेश्वर सोनार की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और स्थानीय लोगों में इस विवाद को लेकर तनाव बना हुआ है।

### अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में एसबीयू के छात्र का चयन



**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय के योग एवं नेचुरोपैथी विभाग के एमएससी इन योगिक साइंस के छात्र पंकज कुमार महतो का चयन एशिया पेसिफिक योगासन चैंपियनशिप, 2025 में हुआ है। पंकज कुमार महतो ने सर्वप्रथम जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर यह पात्रता हासिल की। वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स इंटरनेशनल द्वारा आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 13 से 16 अक्टूबर तक मलेशिया में आयोजित की जाएगी। एसबीयू के छात्र की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपतिबिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन समेत माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।


झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवंस्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।
चाईबासा रोड, खूँटी, पिन-835210 फोन नं०-06528-299928
(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा मेसर्स लोलर इन्फ्रा प्रा. लि. लालगंज सुमनु टाटीसिलवे, राँची, झारखंड को इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम बार यह सूचित किया जाता है कि खिजूर टोली ग्रुप ऑफ SVS (प्रखंड-तोरपा) का कार्य आवंटित है जिसका एकरारनामा संख्या-213F2/2021-22 दिनांक-22.03.2022 को सम्पादित की गई थी, एवं कार्य पूर्णता की तिथि-21.06.2022 थी। अधीक्षण अभियंता के कार्यालय आदेश संख्या-13 दिनांक-14.08.2025 द्वारा आपके एकरारनामा को विखंडीत कर दिया गया है, जिसकी सूचना आपको भी प्राप्त है। इस प्रमंडल के पत्रांक-1594 दिनांक-25.08.2025 द्वारा आपको तीन दिनों के अंदर अंतिम मापी कराने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु 17 दिन व्यतीत होने के पश्चात भी आप या आपके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए।

अतः अंतिम सूचना देते हुए कहना है कि दिनांक-15.09.2025 को खिजूर टोली ग्रुप ऑफ SVS (प्रखंड-तोरपा) का अंतिम मापी के साथ आप स्वयं या आपके प्रतिनिधि प्रमंडलीय कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में विभागीय अभियंता द्वारा अंतिम मापी कर ली जाएगी एवं बाद में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

इसे अति आवश्यक समझे।

PR 361632 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।


## अनगड़ा में भाजपा ने निकाला जन आक्रोश मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी अनगडा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अनगड़ा और सिकिदीरी मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो के नेतृत्व में जन आक्रोश मार्च निकाला गया आक्रोश मार्च में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में हो रहे गरीब आदिवासियो के साथ जुल्म, सूर्य हांसदा का इनकाउंटर, रिम्स 2 ब्लॉक में भ्रष्टाचार अवैध बालू का खनन जैसे मुद्दा को सरकार को आयना दिखाने का काम किया। आगे पूर्व विधायक राम कुमार पहान ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा



पूरे राज्य में लूटी खसोट का बाजार बना दिया है। जिस उम्मीद से झारखंड की जनता ने सत्ता पर बैठाने का काम किया लेकिन जनता आज अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा रिम्स 2 बनाने को लेकर भारी संख्या में आदिवासियों का जमीन को छीनने का काम कर रही है और भोले भाले आदिवासी नेता सूर्य हांसदा का को फर्जी एनकाउंटर किया गया है। इसका सी बी आई जांच हो जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि जिस तरह से झारखंड सरकार के कार्यकाल में घुस भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है पूरे झारखण्ड में बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। जिस से आम जनता को भारी नुक्सान हो रहा है और बालू माफिया जैसे तैसे दामो पर बालू का कारोबार कर रहे है राज्य आदिवासियो का जमीन को लूटने का काम कर रही है जो व्यक्ति जनता की की आवाज को बुलंद करने का काम किया जैसे सूर्य हांसदा को फर्जी एनकाउंटर में मरा गया। इनका सी बी आई जांच हो और इंसाफ मिले विभिन्न मांगो को लेकर अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू बुधराम बेदिया रामशाय मुंडा सुनील महतो सोहराई बेदिया रामसाय मुंडा सिकेंदर अंसारी संजय नायक झल्लू मुंडा रामनाथ महतो आदि शामिल थे।


समाहरणालय, खूँटी
(जिला भू-अर्जन शाखा)

—:आदेश:—

**नॉलेज सिटी निर्माण** हेतु **मौजा इदरी** थाना सं0 242 अंचल खूँटी के लिए विभिन्न मौजों का भूमि अधिग्रहण हेतु प्रारंभिक अधिसूचना धारा 11(1) की जा चुकी है।

झारखण्ड भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियमावली, 2015 का नियम 25 (1),(2),(3),(4) के तहत पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम के तहत निम्नलिखित तिथि को भू-अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के नेतृत्व में जनसुनवाई का आयोजन किया गया है।

| क्र0 | अंचल | जनसुनवाई की तिथि | मौजा का नाम | थाना सं0 | प्रारंभिक अधिसूचना की तिथि | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | 16.09.2025 | इदरी | 242 | 21.02.2025 | 11:30 बजे पूर्वा0 | सामुदायिक भवन, इदरी |

अतः सभी संबंधित रैयतों/ ग्राम प्रधान/मुखिया/ प्रमुख/ पंचायत समिति सदस्य, संबंधित प्रखण्ड से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय में जनसुनवाई हेतु उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

ह0/–
प्रशासक,
पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम
–सह– अपर समाहर्त्ता, खूँटी

PR 361643 Land Reforms(25-26)#D


## जमशेदपुर में दुर्गा पूजा की तैयारियों को मिली रफ्तार, केंद्रीय समिति की बैठकें संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शहर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में, जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति की दो महत्वपूर्ण बैठकें गुरुवार को संपन्न हुईं। पहली बैठक जेएनएसी सभागार में उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार और उनकी टीम के साथ हुई, जिसमें शहरी क्षेत्र की पूजा समितियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूजा पंडालों में सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मियों की नियुक्ति होगी, जो पूजा के दौरान पंडालों में ही मौजूद रहकर साफ-



सफाई का कार्य करेंगे। साथ ही हर पंडाल में डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएंगे। सफाई, सुरक्षा और ट्रैफिक कंट्रोल जैसे मानकों पर बेहतर कार्य करने वाली समितियों को केंद्रीय समिति एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। केंद्रीय समिति के महासचिव आशुतोष सिंह के आग्रह पर स्वर्णरेखा घाट को नोडल घाट घोषित करने पर सहमति बनी। समिति ने अपील की कि पूजा सामग्री को घाट पर बने डस्टबिन में ही डालें, जिससे जल प्रदूषण से बचाव हो सके। वहीं, दूसरी बैठक जिला के वरीय अधिकारियों एडीएम लॉ एंड ऑर्डर और एसडीएम धालभूम की अध्यक्षता में हुई। इसमें केंद्रीय समिति ने कई मांगें रखीं, जिनमें पूजा पंडालों को समय पर फायर एनओसी उपलब्ध कराना, ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों की मरम्मतीकरण में बामनगोड़ा से छोटा गोविंदपुर रेलवे फाटक, डिमना लेक एवं नरवा घाट पर प्रकाश व्यवस्था, जेम्को-मनीफिट रोड से गाड़ियों के अवैध कब्जे को हटाना, मर्सी अस्पताल से हुरलुंग घाट तक जाने वाले सड़क की मरम्मती और परसुडीह क्षेत्र में अस्थायी फायर स्टेशन की स्थापना जैसी प्रमुख मांगे शामिल रही। जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति ने यह भी आग्रह किया कि जिन समितियों ने स्लैग के लिए आवेदन दिया है उन्हें समय पर स्लैग उपलब्ध कराया जाए। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया कि पूजा से पूर्व सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं सुखद माहौल सुनिश्चित किया जाएगा। बैठकों में महासचिव आशुतोष सिंह, रामबाबू सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रमोद तिवारी, अशोक सिंहा, पी.एस. माथुर, पी.के. दास, अर्जुन शर्मा, अभिषेक कुमार, सुरजीत चौधरी और राघवेंद्र मिश्रा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


ई० प्रोक्योरमेंन्ट सेल कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
ई-मेल :– eebcdlohardaga-jhr@nic.in

ई० प्रोक्योरमेंन्ट नोटिस

ई०-टेन्डर रेफरेन्स नं०-02/2025-26/EE/BCD/LOHARDAGA Date :- 11/09/2025

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Renovation of Multipurpose Building and Badminton Court, Near Circuit House, Lohardaga. | 90,30,800=00 | 06 (Six) Months |

1). वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18/09/2025 को 11:00 बजे
2). बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 25/09/2025 को 11:00 बजे
3). निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
4). निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 26/09/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई०-प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं०-02, भवन निर्माण विभाग, राँची।
5). प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 7765846250
6). ई०-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 9199192828
7). परिमान विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8). सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई०-गवनेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03/10/2023 के द्वारा SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229, दिनांक 06/10/2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9). निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई०-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
• अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 361588 Lohardaga(25-26)D

# भाषा का स्वराज

भाषा हमारी अभिव्यक्ति का न केवल सबसे समर्थ माध्यम है बल्कि संस्कृति के निर्माण, संरक्षण, संचार और अगली पीढ़ी तक उसका हस्तांतरण भी बहुत हद तक उसी पर टिका होता है, भाषा संस्कृति की वासस्थली जो ठहरी। ज्ञान के साथ भी भाषा का रिश्ता गहन और व्यापक है क्योंकि भाषा में ही ज्ञान संजोया जाता है। भाषा की बदौलत मनुष्य अपने देश-काल की सीमाओं से परे जा कर नया सृजन भी कर पाता है। वस्तुतः भाषा मनुष्य की एक विलक्षण रचना है, एक ऐसी कृति जो नश्वर मनुष्य के आविष्कार और अभ्यास पर टिकी होकर भी अत्यंत शक्तिशाली है। दुनिया क्या है और उस दुनिया में हम क्या कुछ कर सकते हैं यह सब बहुत हद तक भाषा की ही देन है। भाषा के लेंस से हम अपनी दुनिया को देखते-समझते हैं। उसी से वस्तुओं को पहचानते हैं, पारस्परिक संवाद करते हैं, प्रार्थना करते हैं और प्यार-मुहब्बत का इजहार करते हैं। भाषा के ही सहारे कुंठा-आक्रोश तथा हास-परिहास सहित विभिन्न भावनाओं को भी मूर्त आकार देते हैं। वस्तुतः भाषा हमारे अस्तित्व का प्रमाण और साक्षी बन कर हमारी सत्ता का प्रसार तय करती है। पर भाषाओं की दुनिया बहुरंगी है। भारत की ही बात करें तो यहाँ भारोपीय (इंडो-यूरोपियन), द्रविड़, आस्ट्रिक और तिब्बती-चीनी भाषा परिवारों की भाषाएँ बोली जाती हैं। कुल मिला कर इनकी संख्या हजार से ज्यादा पहुँचती है और इनमें ऐसी भाषाएँ भी हैं जो सिर्फ. बोली जाती हैं और उनकी लिपि ही नहीं है। अपने संविधान में उल्लिखित बाईस भाषाओं में पंद्रह भाषाएँ भारोपीय और चार द्रविड़ परिवार से जुड़ी हैं। बोरो और मणिपुरी तिब्बती चीनी परिवार की भाषाएँ हैं और संथाली आस्ट्रिक परिवार की है। आर्य और द्रविड़ परिवार की भाषाओं की दो अलग श्रेणियाँ कई भाषा वैज्ञानिकों को ठीक नहीं जँचती। वे भारतीय भाषाओं के बीच भाषिक स्तर पर काफी निकटता पाते हैं जबकि वे भिन्न भाषा परिवारों की हैं। उदाहरण के लिए इन सबमें बोलने में पदक्रम कर्ता, कर्म और क्रिया से बना हुआ है। यह भी विलक्षण बात है कि सँथाली में संस्कृत की ही तरह तीन बचन होते। ऐसे ही मणिपुरी और हिंदी में भी लिंग-विधान में साम्य है। मणिपुरी में संस्कृत के तत्सम और तद्भव शब्द भी मिलते हैं। बोरो तिब्बती-चीनी परिवार की भाषा तो है पर असमिया और बांग्ला से उसकी बड़ी निकटता है और उसने देवनागरी लिपि भी अपनाई है। दक्षिण की तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ जो द्रविड़ कही जाती हैं, संस्कृत के बड़े निकट हैं। कुल मिला कर भारत को एक भाषा क्षेत्र के रूप में मानने के पक्ष में कई संकेत हैं। भिन्न भाषा-परिवार की भाषाओं में साम्य संपर्क का परिणाम हो सकता है क्योंकि भाषाओं में आदान-प्रदान भी होता है। पर इससे भारतीय संस्कृति की मूल एकता का भी पता चलता है। विभिन्न भाषाओं के साहित्य में भी भारतीय संस्कृति की एकता झलकती है। उनका सादृश्य- विधान और बिंबों के प्रयोग में भी अनोखा साम्य है। कहावतें, मुहावरे और लोक साहित्य में भी भाषाई एकता के अनेक सूत्र मिलते हैं। कहना न होगा कि अधिकांश भाषाओं का संस्कृत से निकट संबंध इस तरह के भाषिक साम्य का एक बड़ा कारण है। भाषा का संस्कृति और शिक्षा से गहन संबंध अंग्रेजों द्वारा उलट पलट दिया गया। अपने उपनिवेश के शासन को संचालित करने के लिए अंग्रेजों को कर्मचारियों को तैयार करना था। इस काम के लिए अंग्रेजी ही उनको सबसे उपयुक्त भाषा लगी। उन्होंने भारतीय भाषाओं को उखाड़ कर अंग्रेजी को रोप दिया। भारत को 'इंडिया' बना दिया और उसे गढ़ने लगे। धीरे-धीरे भारत, भारतीयता और भारत-भाव को प्रश्नांकित कराटे हुए गौड़ बना दिया गया। विचार और कर्म भाषा से अनुविद्ध होते हैं। हमारे अस्तित्व की बनावट और बुनावट में अंग्रेजी जिस तरह पैठी उसके चलते अपने यथार्थ को हम न केवल उधार की कोटियों में रख कर देखने लगे बल्कि उसी के आईने में वह सब भी अपने में देखने लगे जो था भी नहीं। सांस्कृतिक विस्मरण की प्रक्रिया आधुनिक होने, विकसित होने की वैश्विक दौड़ की अनिवार्यता बन गई। सोचने-विचारने की प्रक्रिया ऐसे तितर-बितर हुई कि ज्ञान की गुणवत्ता प्रश्नांकित होती गई। इसमें यह भ्रम भी मददगार हुआ कि अंग्रेजी एक वैश्विक भाषा है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में संख्याबल के आधार पर चुन कर बाइस भाषाएँ उल्लिखित हैं जिनमें हिंदी को 'राजभाषा' घोषित किया गया है यानी वह राजकाज की भाषा है।

## सूडोकु नवताल- 7550

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7549 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# अमेरिका-भारत संबंध : ये संदर्भ बहुत खास है

**डॉ मयंक चतुर्वेदी**



भारत और अमेरिका के रिश्तों की बुनियाद हमेशा से बहुआयामी रही है। कभी ये रिश्ते केवल रणनीतिक सहयोग तक सीमित नजर आते हैं, तो कभी ये ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा खरीद, तकनीक और वैश्विक मंच पर आपसी साझेदारी की नई परिभाषा गढ़ते हैं। किंतु जैसा कि हम सभी ने हाल के दिनों में देखा; कैसे भारत के विरोध में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही नहीं उनके सलाहकार भी बयान दे रहे थे, इससे एक बात तो साफ है कि भारत अब अमेरिका के दबाव में आने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों और दीर्घकालिक रणनीतियों के अनुरूप फैसले ले रहा है, जिन्हें वॉशिंगटन स्वीकार नहीं कर पा रहा। पर इसमें भी अब कुछ माह के तल्ख संबंधों के बाद अमेरिका की ओर से फिर नरमी दिखना शुरू हो गई है।

वस्तुतः यह स्थिति इसलिए भी खास है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की आलोचना में तमाम गोते लगाने के बाद आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सबसे भरोसेमंद मित्र कह रहे हैं, दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी हैं कि जिन्होंने बहुत संतुलित भाषा में अपना स्पष्ट संदेश दिया है, जिसका सार यह है कि भारत और अमेरिका अच्छे दोस्त हैं, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि भारत द्वारा कोई विशेष महत्व यूएस को दिया जाएगा। भारत समय-समय पर अपनी विदेश नीति को उसकी प्राथमिकताओं के हिसाब से बदलेगा। यही कूटनीतिक संतुलन अब भारत की ऊर्जा नीति में भी साफ नजर आ रहा है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) का हालिया निर्णय इस संतुलन की ठोस मिसाल है। आईओसी ने अमेरिका से बड़े पैमाने पर क्रूड आयात करने के बजाय पश्चिम अफ्रीका और मध्य पूर्व से तेल खरीदने का फैसला किया है। नाइजीरिया से अगबामी और उसान तेल ग्रेड के 20 लाख बैरल तथा अबू धाबी से दास क्रूड के 10 लाख बैरल खरीदकर भारत ने यह जता दिया है कि वह एक आपूर्तिकर्ता पर निर्भर नहीं रहेगा। इससे पहले आईओसी अमेरिका से वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड के लगभग 50 लाख बैरल तक खरीदता था। अब इस पैमाने को घटाना और आपूर्ति के स्त्रोतों में विविधता लाना न केवल एक आर्थिक कदम है, बल्कि रणनीतिक संदेश भी है।

देखा जाए तो यह फैसला अमेरिका के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि वह वैश्विक स्तर पर क्रूड का बड़ा निर्यातक बन चुका है। ट्रंप प्रशासन भारत को अमेरिकी क्रूड का एक स्थायी और बड़ा बाजार मानता रहा है। लेकिन भारत ने अपने कदम से दिखा दिया है कि वह किसी एक देश की आर्थिक मजबूरियों या राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुसार नहीं चलेगा। यह बदलाव दरअसल भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा नीति का हिस्सा है, जो इस सिद्धांत पर आधारित है कि वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं, राजनीतिक तनावों और क्षेत्रीय संघर्षों के बीच केवल विविध स्त्रोतों और मजबूत आपूर्ति नेटवर्क से ही स्थिरता हासिल की जा सकती है।

भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूसी क्रूड खरीद कर पहले ही दिखा दिया था कि वह पश्चिमी दबाव को दरकिनार कर अपने आर्थिक हितों को प्राथमिकता देगा। रूस से सस्ता तेल खरीदने से भारत को प्रत्यक्ष लाभ हुआ लेकिन इसके कारण अमेरिका ने बेतुके टैरिफ लगा दिए और दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा। भारत ने इसका भी कूटनीतिक और आर्थिक जवाब ढूँढ लिया, तेल आयात के नए विकल्प तलाश कर। पश्चिम अफ्रीका और मध्य पूर्व से क्रूड खरीदने का फैसला इसी रणनीति का हिस्सा है। यह कदम न केवल अमेरिकी दबाव को कम करता है, बल्कि अफ्रीकी देशों के साथ भारत के संबंधों को भी मजबूत करता है। नाइजीरिया और अंगोला जैसे अफ्रीकी देश लंबे समय से स्थायी ग्राहकों की तलाश में हैं। वैश्विक ऊर्जा बाजार में प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक है कि कई बार इन देशों को अपने उत्पादन के स्थायी खरीदार नहीं मिलते। भारत के इस कदम से उन्हें स्थिर आय और नया बाजार मिलेगा। इसके साथ ही मध्य पूर्व, विशेषकर अबू धाबी के साथ संबंध भी और प्रगाढ़ होंगे। अबू धाबी से खरीदा गया दास क्रूड 'डिलीवर्ड' आधार पर है, जबकि नाइजीरिया का तेल 'फ्री-ऑन-बोर्ड' आधार पर है। इसका मतलब है कि भारत अपनी शर्तों पर समझौते कर रहा है और आपूर्ति के जोखिम को भी संतुलित कर रहा है।

यहाँ यह समझना जरूरी है कि भारत की ऊर्जा नीति केवल तेल तक सीमित नहीं है। यह दरअसल उसकी समग्र विदेश नीति का अहम हिस्सा है। जब ट्रंप भारत के सामने मित्रता की पेशकश करते हैं और मोदी उसके जवाब में संतुलित भाषा का प्रयोग करते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत स्तर की कूटनीति नहीं है। इसके पीछे भारत का व्यापक संदेश छिपा है कि वह किसी भी रिश्ते को 'विशेष निर्भरता' में नहीं बदलने देगा। अमेरिका के लिए यह सीख है कि भारत के साथ रिश्ते समानता और परस्पर सम्मान के आधार पर ही आगे बढ़ सकते हैं।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निचोड़ यही है कि भारत अब ऊर्जा कूटनीति के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। वह न केवल विकल्प तलाश रहा है, बल्कि वैश्विक बाजार में अपनी सौदेबाजी की शक्ति (Bargaining power) भी बढ़ा रहा है। जब भारत अलग-अलग देशों से क्रूड खरीदेगा, तो उसकी सौदेबाजी की क्षमता बढ़ेगी। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर सीमित होगा और आपूर्ति की निरंतरता बनी रहेगी। यह स्थिति घरेलू ऊर्जा सुरक्षा के लिए निर्णायक साबित होगी। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारत के इस कदम से अमेरिका को यह संदेश गया है कि उसके आर्थिक दबावों और टैरिफ नीतियों से भारत विचलित नहीं होगा। भारत मित्रता चाहता है, सहयोग चाहता है लेकिन किसी भी कीमत पर अपनी नीतिगत स्वतंत्रता नहीं छोड़ेगा। यही वह बिंदु है, जहाँ मोदी का संतुलित संदेश और आईओसी का रणनीतिक निर्णय एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं।

इसके साथ ही हमें इस सच्चाई को भी स्वीकारना होगा कि आज की वैश्विक राजनीति में ऊर्जा ही वह क्षेत्र है जो सबसे अधिक असर डालता है। यूरोप रूस पर निर्भरता के कारण संकट में फँसता है, चीन अपने तेल आयात के लिए मध्य एशिया और अफ्रीका पर पकड़ मजबूत करता है और अमेरिका अपनी शेल गैस क्रांति को निर्यात में बदल कर प्रभाव बनाए रखना चाहता है। ऐसे परिदृश्य में भारत का यह कदम उसे न केवल आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि उसे एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में भी स्थापित करता है। अफ्रीका और मध्य पूर्व के साथ संबंध गहरे करने से भारत के लिए नए कूटनीतिक और आर्थिक अवसर खुलेंगे।

कुल सार यह है कि भारत अब उस दौर से बाहर आ चुका है, जहाँ उसे अमेरिका या किसी भी महाशक्ति की स्वीकृति की आवश्यकता थी। आज भारत अपने हितों को सामने रखकर फैसले कर रहा है और दुनिया को अपनी शर्तों पर सहयोग के लिए तैयार करता है। अमेरिका या अन्य देश कुछ भी कहें, किंतु आज के भारत की नीति यही कहती है, संवाद समानता की शर्त पर ही होगा। कहना होगा कि आईओसी का तेल आयात निर्णय इसी नए भारत की ऊर्जा और विदेश नीति का सबसे ताजा और ठोस उदाहरण है।

# प्रधानमंत्री मोदी : साधना से शिखर तक का सफर

**श्याम जाजू**



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सामाजिक और राजनीतिक जीवन का सफर बहुत लम्बा है। अलग-अलग परिवेश में विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए उनकी सोच, व्यवहार, निर्णय-क्षमता और देशभक्ति स्पष्ट रूप से झलकती है। एक ही व्यक्ति के समय-समय पर प्रकट हुए अनुभवों से उसकी विशिष्टता प्रकट होती है।

1990 से 2000 के कार्यकाल में दूर से देखना उनके बारे में सुनना, पढ़ना और 2000 के बाद से अनेक प्रसंगों में नजदीक से देखने का अवसर व साहचर्य मुझे प्राप्त हुआ, जब वो गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल रहे थे, मैं अपने परिवार के साथ गिर-जंगल का भ्रमण करने गया था। वापसी में बचे हुए समय का सदुपयोग करने के लिए मैंने उनसे मिलने का समय मांगा और मुझे समय भी मिला। मिलकर निकलने के समय उनके साथ फोटो खिंचवाने की इच्छा व्यक्त करें या ना करें, ऐसी झिझक देखकर खुद ही अपनी कुर्सी से उठकर उन्होंने कहा तुझे नहीं, पर बेटे संदेश को फेसबुक पर तस्वीर डलनी होगी। चलो फोटो खिंचवा लो। उस समय सोशल मीडिया का इतना बोलबाला नहीं था तब से इस विषय को लेकर वो बहुत जागरूक थे और प्रोत्साहित भी करते थे। आज समाज जीवन में सोशल मीडिया अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। सेल्फी, डिजिटल सभाएं, फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर) जैसे अनेक माध्यमों को राजनीति में परिचित कराने का श्रेय मोदी जी को जाता है।

मोदी जी के शपथ समारोह गुजरात में मुख्यमंत्री का हो या दिल्ली में प्रधानमंत्री का हो, परिवारजनों व रिशतेदारों को आरक्षित आसन व्यवस्था का प्रावधान उन्होंने बंद किया। घर-परिवार का एक भी सदस्य विशेष व्यवस्था से उस समारोह में नहीं आता है, न बुलाया जाता है। खुद के बारे में इतनी कठोरता का पालन वो करते हैं। उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए जब-जब मोदी जी गये हैं तब-तब वहां अभिषेक दर्शन के लिए आमजन के लिए जो सहयोग राशि रसीद के माध्यम से जमा होती है, प्रधानमंत्री होते हुए पहले अपनी रसीद कटवाकर ही मंदिर में वो प्रवेश करते हैं। उनका यह व्यवहार मैंने नजदीक से उत्तराखंड का प्रभारी होते हुए देखा है।

प्रशासनिक विषयों में सख्त व सामाजिक जीवन में कठोर व्यक्तित्व के धनी मोदी जी को बाबा केदारनाथ जी की परिक्रमा लगाते हुए और पवित्र तीर्थाटन के समय उनकी भाव विभोर भंगिमा का रूप मैंने अनुभव किया है। जब वो गुजरात में मुख्यमंत्री के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे तब तीन चुनाव में सक्रियता करने का मुझे मौका मिला। जब भी उनकी भेंट होती थी बैठकों में, सभाओं में सानिध्य मिलता था तब वो सबसे पहले गुजरात में कोई अव्यवस्था तो नहीं है? सब ठीक है ना? ऐसी बातों से संवाद शुरू होता था। अपने अनुयायी व कार्यकताओं की इतनी बारीकी से पूछताछ करना यह उनका स्वभाव रहा है। खुद का पद या ओहदा कितना भी बड़ा हो वो सहयोगियों की विशेष चिंता करते हैं, ध्यान देते हैं। कोरोना काल में देश भर के पुराने व वयोवृद्ध कार्यकर्ताओं से उनका हालचाल पूछकर मोदी जी का जो स्वभाव प्रकट हुआ पूरे देश के सामने है।

वर्तमान केन्द्रीय मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल जी का पहला शपथ समारोह चंडीगढ़ में हो रहा था। मैं राष्ट्रीय पदाधिकारी के नाते उस समय महामंत्री विजय गोयल के साथ पहुंचा था। रास्ते में दो मिनट की देरी होने से अपेक्षित मंच पर जाने के रास्ते में प्रधानमंत्री की सुरक्षा के अधिकारियों ने हमें रोक दिया। हमारी उनसे बहस चल रही थी इतने में हमें क्रॉस करते हुए मोदी जी का काफिला आगे बढ़ा। मंच पर सीढ़ी चढ़ने के पहले मोदी जी ने वहां पर खडे. राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी को हमें लेने को भेजा। आपस में कुछ भी वातार्लाप न होते हुये भी असुविधा देखकर वो इतनी बारीकी से कार्यकताओं का ध्यान रखते हैं। यह इस घटना से सिद्ध होता है।

अपनी स्वर्गीय माता हीरा बेन का निधन होने पर पूरे देश के कार्यकर्ताओं को सांत्वना हेतु एक भी कार्यक्रम न करने का निर्देश देकर अंतिम संस्कार कर तुरंत देश के काम में लगने वाले मोदी जी ने अलग ही मिसाल पेश की है। परिवार के एक भी सदस्य को या रिश्तेदारों को अपने कद व ओहदे का थोड़ा भी फायदा न देते हुए राजनीति में अलग ही उदाहरण उन्होंने पेश किया है। आज भी उनके भाई व उनके परिवार मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के पूर्व जिस प्रकार से जीवन यापन करते थे उसी अवस्था में देखे जाते हैं।

वर्तमान में देश का सर्वाधिक लोगों का पर्यटन व आकर्षण का केन्द्र बना गुजरात का सरदार बल्लवभाई पटेल का स्टच्यू ऑफ यूनिटी का महत्वकांक्षी उपक्रम समाज के सहभागिता से खड़ा करना, पूरे देश का अंतरभाव उसमें लेना और देश भक्ति का पर्यटन शुरू कराना, ऐसे अनेक प्रकल्प और निर्णयों में उनके दूरदर्शिता का दर्शन होता है। भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री जो अविवाहित प्रचारक होते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री निवास पर बैठक हेतु बुलाकर विदाई में कुर्ता-पायजामा का परिवेश भेंट देने में वो भूलते नहीं है। मैं भी एक समय का संगठन मंत्री आपके ही टीम का पार्ट हूं और प्रधानमंत्री के दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं यह व्यक्त करने में वो चूकते नहीं है।

अपने साथ काम करने वाले जिसकी परवरिश खुद ने की ऐसा नेपाली बच्चा जित बहादुर थापा को नेपाल में परिवार वालों से मिला देना, कोई भी प्रोजेक्ट उद्घाटन के समय वो खड़ा करने वाले पसीने से मेहनत करने वाले मजदूरों को सम्मानित करना, सामान्य से सामान्य आदमी को स्वास्थ्य बीमा, बैंक अकाउंट, मुफ्त राशन, मुफ्त आवास, नल से जल, विद्युत कनेक्शन, गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना यह सोच अपने आप नहीं आती उसमें संवेदनशीलता व तपस्या लगती है।

चिलचिलाती ठंड में भी बाबा विश्वनाथ कॉरिडॉर के उद्घाटन अवसर पर अभिषेक हेतु गंगाजी में डुबकी लगाने वाले, दीपावली के दिन बॉर्डर पर जाकर जवानों के साथ दीवाली मनाने वाले, लाल किले की प्राचीर से लौटते समय जनता जनार्दन व छोटे बच्चों के साथ घुल-मिल जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमारे देश की विरासत, प्रथा, परंपरा व विशेषताओं का ध्यान रखते हुए प्रतिनिधित्व करने वाले, हर महीने मन की बात करते हुये करोड़ों लोगों को डायरेक्ट कनेक्ट करने वाले ऐसे विविधताओं से भरा पूरा विलक्षण नेता आज देश का नेतृत्व कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ एक सहयोगी के रूप में काम करने का अवसर मुझे मिला, यह बहुत भाग्य की बात है। इसका एहसास मुझे बार-बार होता रहता है। मोदी जी के भावी जीवन हेतु जीवेत शरदः शतम् ऐसी शुभकामनायें देते हुए शब्दांजलि पूर्ण करता हूं।

**(लेखक, भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

# भारतीय दिल खतरे में, एक गंभीर चुनौती की टंकार

**ललित गर्ग**

आधुनिक युग को यदि सुविधाओं और संसाधनों का युग कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी, लेकिन इन सुविधाओं और विलासिताओं की कीमत भी समाज को चुकानी पड़ रही है। मशीनों और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, परंतु इसके साथ ही ऐसी अनेक जीवनशैली-जनित बीमारियों को जन्म दिया है जो पहले दुर्लभ थीं। इन बीमारियों में सबसे बड़ी और भयावह बीमारी है-दिल का रोग। दिल की बीमारियाँ आज विश्व में असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं और भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल ही में जारी कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट करती है। पहले जहाँ माना जाता था कि हृदय रोग और दिल के दौरे बुजुर्गों की बीमारी है, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में हृदयाघात से होने वाली मौतें तेजी से बढ़ रही हैं। यानी युवाओं में दिल का दौरा अब असामान्य नहीं, बल्कि आम होता जा रहा है। यह न केवल चिकित्सा जगत के लिए चिंता का विषय है बल्कि समाज और परिवार के लिए भी गहरी चिंता का कारण है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में हृदय रोगों के कारण विश्वभर में लगभग 1.8 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई। यह आंकड़ा किसी भी अन्य बीमारी से कहीं अधिक है। अकेले भारत में प्रतिवर्ष लगभग 28 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों से होती हैं। इसका अर्थ यह है कि हर चौथा भारतीय हृदयाघात या उससे जुड़ी बीमारी का शिकार होकर अकाल मृत्यु का सामना कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में यह दर और भी अधिक है क्योंकि वहाँ तनाव, प्रदूषण, अस्वस्थ भोजन और व्यायाम की कमी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कहीं ज्यादा है। विशेष चिंता की बात यह है कि भारत में 40 प्रतिशत से अधिक दिल के दौरे 40 वर्ष से कम आयु में आ रहे हैं। यह आंकड़ा अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों से कहीं अधिक है, जहाँ यह दर 10 से 15 प्रतिशत के बीच है। इस तथ्य से स्पष्ट है कि भारतीय युवा पीढ़ी का हृदय पहले से कहीं अधिक असुरक्षित एवं खतरे में है।

नमूना पंजीयन सर्वेक्षण के नए आंकड़े विशेषकर दिल के प्रति सजग रहने की वकालत करते हैं। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। यदि हम यहां पर भारत में मोटापे की राष्ट्रीय स्थिति की बात करें तो भारत में मोटापे की औसत दर लगभग 40.3 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं में यह दर 41.88 प्रतिशत और पुरुषों में 38.67 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में यह दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। आंकड़े बताते हैं कि पुडुचेरी, चंडीगढ़, और दिल्ली जैसे राज्यों में मोटापे की दर उच्चतम है। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। सर्वेक्षण में यह पता चला है कि 30 से अधिक उम्र वाले लोगों में मौत की सबसे बड़ी वजह यही है। देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित क्षेत्रों में करीब 88 लाख लोगों पर किए गए इस सर्वेक्षण से यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि भारत में मौत की वजह क्या है और किस बीमारी से कितनी जान जा रही है? एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण मृत्यु दर में वृद्धि हुई। हालांकि, 2022 और 2023 में स्थिति में सुधार देखा गया, लेकिन महामारी के प्रभाव से उत्पन्न स्वास्थ्य संकटों का असर अभी भी महसूस किया जा रहा है।

दिल की बीमारियों की बढ़ती प्रवृत्ति को केवल चिकित्सा या आनुवंशिक कारणों से नहीं समझा जा सकता। इसके पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और जीवनशैली संबंधी कारण हैं। आज का युवा वर्ग फास्ट फूड, जंक फूड और प्रोसेस्ड भोजन पर अधिक निर्भर है। इसमें उच्च मात्रा में तेल, नमक और चीनी होती है, जो हृदय की धमनियों को अवरुद्ध कर देती है। पारंपरिक संतुलित आहार जिसमें दाल, सब्जियां, अनाज और फल शामिल थे, अब जीवन से गायब होते जा रहे हैं। आधुनिक जीवन की दौड़-भाग, नौकरी और कैरियर की अनिश्चितता, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएँ युवाओं को लगातार मानसिक तनाव में रखती हैं। तनाव से हार्मोनल असंतुलन होता है और यह हृदय की धड़कन तथा रक्तचाप को प्रभावित करता है। धूम्रपान, शराब और अन्य नशे की वस्तुएँ दिल की बीमारी के सबसे बड़े कारणों में शामिल हैं। धूम्रपान से रक्त नलिकाएँ सिकुड़ जाती हैं और धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यही स्थिति शराब और ड्रग्स से भी उत्पन्न होती है। शहरी जीवनशैली ने युवाओं को गतिहीन बना दिया है। दिनभर दफ्तर या कंप्यूटर पर बैठकर काम करने से शारीरिक गतिविधियाँ नगण्य हो जाती हैं। मोटापा, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज इसी निष्क्रिय जीवनशैली की उपज हैं और ये तीनों मिलकर दिल की बीमारी का बड़ा खतरा पैदा करते हैं। महानगरों की हवा में जहरीले कणों की बढ़ती मात्रा भी दिल की धड़कन और श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है। अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि प्रदूषण से हृदयाघात की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जिन परिवारों में पहले से दिल की बीमारियाँ रही हैं, उनमें यह जोखिम अधिक रहता है। लेकिन पहले केवल यही एक बड़ा कारण माना जाता था, जबकि अब जीवनशैली के कारक अधिक प्रभावी साबित हो रहे हैं। दिल की बीमारियाँ केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की समस्या नहीं हैं, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिणाम हैं।

## दैनिक पंचांग

**12 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.10 बजे से |
| चंद्र | मेष में | तुला | 08.20 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.35 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.51 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 14.56 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.43 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 18.16 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 19.46 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 21.26 बजे से |
| | | मिथुन | 23.24 बजे से |
| राहुकाल | 10.30 से | कर्क | 01.38 बजे से |
| | 12.00 बजे तक | सिंह | 03.54 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 255 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 09.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 11.59 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 13.44 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 09.59 बजे तदनन्तर गर 20.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 09'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872465
**जूलियन दिन** 2460930.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल **तारीख** 19
**विशेष** षष्ठी श्राद्ध, मासिक कार्तिगाई।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राजस्व संबंधित कार्यों, नीलाम पत्र वादों, राजस्व संग्रहण आदि को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

# दाखिल-खारिज मामलों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** गुरुवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में राजस्व संबंधीत कार्यों, राजस्व संग्रहण एवं नीलाम पत्र वादों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को क्रमवार रूप से विभागों द्वारा निर्धारित राजस्व के लक्ष्यों के अनुरूप अब तक हुए राजस्व की प्राप्ति को लेकर जानकारी दी गई। साथ ही राजस्व न्यायालय के पोर्टल एवं पोर्टल पर आए मामलों आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी विभागों से क्रमवार वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अब तक कि गयी प्राप्ति के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने राजस्व प्राप्ति के तहत संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने वाले विभागों के अधिकारियों को तत्काल रूप से इस पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं ससमय लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अंचलवार लंबित मामलों को लेकर संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार नोटिस जारी करने तथा संबंधित बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। ई रिवेन्यू कोर्ट संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को तीव्र गति से मामलों को निष्पादित करने को लेकर नियमित रूप मामलों की सुनवाई करने तथा कॉज लिस्ट अपडेट करने सहित अन्य निर्देश दिए गए। दाखिल खारिज संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत ससमय मामलों को निष्पादित करने, बिना किसी वैध कारण के किसी भी हाल में कोई भी दाखिल खारिज से संबंधित मामला रिजेक्ट नहीं करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आपसी बटवारा नामा एवं उत्तराधिकारी दाखिल खारिज संबंधित मामलों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने एवं तीव्र गति से मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। पोसेजन म्यूटेशन संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में लंबित मामलों में एजेंसियों के साथ समन्वय करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने भूमि संबंधित विभिन्न दस्तावेजों में सुधार हेतु परिशोधन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को ससमय निष्पादित करने, जमीन मापी संबंधित मामलों में तीव्र गति से कार्य पूर्ण करने, अवैध जमाबंदी संबंधित मामलों में प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, जीएम लैंड सर्वे का कार्य तीव्र गति से पूर्ण करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता जिला स्तरीय पदाधिकारी अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अख्तर अली बने भदानी नगर ओपी थाना प्रभारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** भदानी नगर ओ पी थाना प्रभारी के रूप में अख्तर अली ने गुरुवार को अपना योगदान दिया। इसके पूर्व पुअनि अख्तर अली के थाना पहुंचने पर थाना के अन्य पुलिस अधिकारियों ने बूके देकर स्वागत किया। तत्पश्चात पुअनि अख्तर अली को थाना के निवर्तमान थाना ब्रह्मदेव कुमार ने विधिवत पदभार सौंपते हुए उन्हें बधाई दी। और पुलिस अधिकारियों ने भी बधाई दी। भदानी नगर में स्थानांतरित के पश्चात भदानी नगर थाना में इनकी पदस्थापना हुई। इनकी कार्यकुशलता से प्रभावित होकर जिले के पुलिस कप्तान अजय कुमार ने इन्हें भदानी नगर थाना प्रभारी नियुक्त किया। भदानी नगर थाना में थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि पुलिस-पब्लिक संबंध को प्रगाढ़ कर क्षेत्र में अमन, चैन, शांति स्थापित करना, पुराने अपराधियों पर नकेल कसना चोरी की घटनाओं पर रोक लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्भीक होकर अपनी समस्याओं को लेकर थाना आएं, नशाखोरी पर भी विराम लगेगा। भदानी नगर ओ पी थाना पुलिस क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए हर समय तैयार है।

## विधायक ने नवनिर्मित प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पतरातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में 7.5 करोड़ रुपए की लागत से 100 बेड वाला नवनिर्मित प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं होने कारण इस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा बहाल नहीं हो सकी है। वर्ष 2022 में इस अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था जो 3 वर्षों के बाद अब जाकर पूरा हो रहा है। महज बिजली कनेक्शन के कारण अस्पताल चालू नहीं हो पाना अपने आप में एक सवाल खड़ा करता है। अस्पताल के चालू हो जाने से पतरातू प्रखंड की 3.50 लाख की आबादी को लाभ होगा। ठेकेदार द्वारा जो निर्मित अस्पताल को प्रखंड स्वास्थ्य विभाग को हैंड ओवर करने का प्रयास के संबंध में आज विधायक रोशन लाल चौधरी जी ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह जी से टेलीफोन के माध्यम से प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल के संबंध मे सारी जानकारी दी। विधायक जी ने अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग जी से आग्रह किया है कि ठेकेदार द्वारा जल्द से जल्द इस अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा मिल पाएं। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह जी ने विधायक जी को आश्वस्त किया है कि इस दिशा में वह सकारात्मक पहल करेंगे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी, उत्तरी छोटा नागपुर पश्चिमी ओबीसी मोर्चा मंडल प्रभारी योगेश दांगी, भुरकुंडा मंडल सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा वारिस खान, कटिया मुखिया किशोर महतो, आजसू जिला सह सचिव अजय रवि, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, गणेश करमाली समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मरकच्चो में पेड़ की टहनी गिरने से व्यक्ति की दर्दनाक मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्कमनाय गांव में गुरुवार दोपहर एक व्यक्ति के सिर पर पेड़ की टहनी गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मुर्कमनाय निवासी 52 वर्षीय चंदन कुमार रॉय के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भतीजे रंजीत रॉय ने बताया कि उनके चाचा को बगल गांव के प्रकाश साव ने एक पेड़ कटवाने हेतु मुर्कमनाय के बगल के गांव नावाडीह बुलाया था। जिसके पश्चात वे तथा तीन-चार अन्य लोग उक्त पेड़ की कटाई हेतु वहां पहुंचे। पेड़ काटने के दौरान चंदन रॉय व उनके साथी पेड़ की एक टहनी को रस्सी से बांधकर नीचे की ओर खींच रहे थे। इसी दौरान रस्सी का संतुलन बिगड़ गया और पेड़ की टहनी इनके सिर पर गिर गई। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि चाचा के घायल होने के पश्चात वहां मौजूद इनके अन्य साथियों द्वारा आनन फानन में इन्हें सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के पश्चात मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## विवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही थाना अंतर्गत डपोक ग्राम निवासी विकास यादव की पत्नी रंजू देवी की कोडरमा में इलाज के दौरान बुधवार की रात्रि में मौत हो गई। मृतका के पिता बुढ़ीडीह ग्राम निवासी शिवसहाय यादव ने गुरुवार को बरही थाना में आवेदन देते हुए मृतका के पति विकास यादव, सास विमला देवी, देवर संतोष यादव व संदीप यादव पर उसकी पुत्री रंजू देवी के खाना में जहर मिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी 2013 में हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। पति के अन्य महिला से संबंध को लेकर अक्सर विवाद और मारपीट होती थी। बुधवार शाम रंजू ने फोन पर मां को बताया था कि पति व ससुराल वाले मारपीट कर रहे हैं और कमरे में बंद कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बाद में पता चला कि रंजू की हालत बिगड़ने पर कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर रांची रेफर किया गया। रास्ते में स्थिति नाजुक होने पर तिलैया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रात 2 बजे उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर आरोपित पक्ष ने आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# अपराधी, माफिया और दलालों ने सरकारी तंत्र पर कब्जा कर लिया है : नीलकंठ सिंह मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की मुठभेड़ की सीबीआई जांच करानेऔर नगड़ी के रैयतों को रिम्स 2 के नाम पर छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस दिलाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को खूंटी प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व ग्रामीण मडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप और नगर मण्डल अध्यक्ष अर्जुन पाहन ने किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रखंड पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि संवेदनहीन भ्रष्ट और निकम्मी हेमंत सरकार में राज्य की स्थिति दिनों-दिन बद से बदतर होती जा रही। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य सरकार के संरक्षण में अपराधी, माफिया, दलाल, बिचौलियों ने पूरे सरकारी तंत्र पर कब्जा जमा लिया है। इनका विरोध करने पर नृशंस हत्या, बिना कारण मुकदमा, धमकी, फिरौती जैसी सजा सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता की राज्य पुलिस की ओर से मुठभेड़ दिखाकर नृशंस हत्या कर दी गई। सूर्या हांसदा पर कोई वारंट नहीं था। 14 मुकदमों में वे बरी हो चुके थे, पांच पर जमानत मिल गई थी। इसके बावजूद राज्य की पुलिस उन्हें अपराधी बताकर घर से उठाती है, टॉर्चर करती है और फिर गोली मार देती है। यह फर्जी मुठभेड़ है, इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य सरकार नगड़ी में रैयतों पर अत्याचार कर रही है। रिम्स 2 के नाम पर जमीन पर कब्जा कर रही है। उन्होंने कहा कि रैयतों को सरकार जमीन वापस करे। उन्हें न्याय दिलाने तक भाजपा आंदोलन करती रहेगी। जिला महामंत्री संजय साहू ने कहा कि आदिवासी रैयतों की नगड़ी में खेतिहर जमीन से रिम्स 2 के नाम पर राज्य सरकार किसानों को उजाड़ने पर अड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि अबुआ राज की डुगडुगी पीटने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी लुटे भी जा रहे और पीटे भी। रोज हत्याएं हो रही। बहन बेटियां भी सुरक्षित नहीं हैं। सूर्या हांसदा को फर्जी एनकाउंटर कर मार डाला गया। प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, बिनोद नाग, जिला महामंत्री संजय साहू, मण्डल अध्यक्ष अर्जुन पहान, मदन मोहन गोप, जिला मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, कंचन सिंह, लखिन्दर नायक, विकास चौधरी, कृष्णा लोहरा, प्रशांत कुमार, सुरेन्द्र सिंह, राजेश नाग, अमीत कश्यप, बालकिशुन महतो,रामा महतो, बुधराम पूर्ति, लखिन्दर महतो, दिनेश महतो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया

**साहिबगंज :** विश्वकर्मा पूजा व दुर्गा पूजा को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक सरोज कुमार के द्वारा मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें यात्री को नशा खुरानी गिरोह से सावधान रहने, रेलवे लाइन से यातायात नहीं करने, हमेशा पैदल पथ का प्रयोग करें, चलती ट्रेन में नहीं उतरे और न ही चढ़े आदि से अवगत कराया। ट्रेन में कोई कुछ भी खाने दे बिल्कुल न खाएं। रेलवे स्टेशन पर जो भी समस्या हो आरपीएफ स्टाफ को बताएं। वही बताया गया कि पर्व त्यौहार में विशेष सावधानी बरतनी की जरूरत है। विश्वकर्मा पूजा व दुर्गा पूजा में ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होती है। अपने सामान व मोबाइल सुरक्षित रखें। मौके पर आरपीएफ स्टाफ व दर्जनों यात्री मौजूद थे।

### कल्याण गुरुकुल में ऑफर लेटर वितरण और फ्लैग-ऑफ समारोह आयोजित

**खूंटी :** तोरपा के चंद्रपुर स्थित कल्याण गुरुकुल में गुरुवार को रेट्रोफिटिंग ट्रेड के बैच संख्या 84 (खूंटी) और बैच संख्या 50 (गढ़वा) के छात्रों के लिए ऑफर लेटर वितरण और फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि पीटर मुंडू और विशिष्ट अतिथि के तौर पर खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा, तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कुमार कर, प्रशांत कुमार कांबले (संरचना कंपनी), डोड़मा के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, सीड्स एनजीओ के खेत्रमोहन और तथा गुरुकुल के कर्मचारी उपस्थित थे। इस बैच के 43 छात्रों का चयन मुंबई की संरचना कंपनी में किया गया है। मुख्य अतिथि ने छात्रों को कार्यस्थल पर लगन और सुरक्षा के साथ काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल रोजगार का नहीं, बल्कि अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करने का भी है। प्रधानाचार्य केसी मोहंती ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नौकरी उनकी सफलता की पहली सीढ़ी है और समर्पण एवं मेहनत से वे अपने करियर में आगे बढ़ते रहेंगे।

### सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई से जांच कराए सरकार : सुदर्शन

**लोहरदगा :** भाजपा की ओर से जिले में एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन गुरुवार को किया गया। आक्रोश प्रदर्शन में पहुंचे पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि राज्य की ठगबंधन सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। राज्य में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों की सरकार चल रही है। अफसर बेलगाम हो गए हैं। संथाल के समाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा को राज्य सरकार के निर्देश पर एक फर्जी एनकाउंटर में मार दिया गया। सूर्या ने संथाल में चल रहे बांग्लादेशियों के जमीन और आदिवासी बेटियों को निशाना बनाने का विरोध किया था। सूर्या हांसदा के रहते संथाल में रोहिंग्या, बांग्लादेशी और अन्य घुसपैठियों की एक नहीं चल रही थी। इससे राज्य सरकार का वोट बैंक नहीं बढ़ रहा था। इसी का नतीजा हुआ कि राज्य सरकार के इशारे पर सूर्या हांसदा को रास्ते से हटा दिया गया। प्रखंड अध्यक्ष विश्वजीत भारती ने कहा कि रांची जिले के नगड़ी में आदिवासी और मुलवासी किसानों की उपजाऊ जमीन को रिम्स-2 बनाने के नाम पर छीनी जा रही है। भाजपा इसका विरोध करती है। राज्य सरकार नगड़ी की जमीन को किसानों को वापस करे और सरकार बंजर जमीन जहां खेती नहीं होती है वहां रिम्स-2 का निर्माण करे।

## संक्षिप्त खबरें

### महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर बच्चों ने दी साहित्यिक श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को हिंदी साहित्य की आधुनिक मीराबाई के रूप में विख्यात महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिक्षिका दीपिका तिवारी ने महादेवी वर्मा की जीवनी पर चर्चा की। कहा कि साहित्य छायावाद के चार प्रमुख स्तंभों में एक महादेवी वर्मा मानी जाती हैं। इनके साहित्य सर्वाधिक परिपूर्णता व प्रवाहमकता का सार लिए हुए है। महादेवी की काव्य संग्रहों में रश्मि, नीरजा, संध्या गीत, यामा, निहार, दीपशिखा, सप्तपर्णा सर्वाधिक पढ़े जाते हैं। महादेवी को पद्म भूषण, पद्म विभूषण, ज्ञानपीठ जैसे पुरस्कार मिले। महादेवी वर्मा का गद्य विचारों का अनुपम उद्यान है। वह स्त्री की गरिमा व स्वतंत्रता की उद्घोषिका थीं। महादेवी ने कहा था कि भारतीय शास्त्रों में महिलाएं पुरुष की संगिनी रही हैं, उनकी छाया मात्र नहीं। इस अवसर पर शिक्षिका नीलू श्रीवास्तव ने कहा कि महादेवी वर्मा की लेखनी युवा पीढ़ी को संघर्ष की शिक्षा देती है। उनके कहे एक-एक शब्द हमें करुणा और त्याग जैसी भावों से रूबरू कराते हैं। महादेवी वर्मा ने गद्य, काव्य, शिक्षा सभी क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किये। कवि निराला ने एक बार उन्हें हिंदी साहित्य के विशाल मंदिर की सरस्वती भी कहा था, क्योंकि महादेवी बहुत प्रतिभाशाली थीं। उन्होंने सिर्फ कविताएं ही नहीं लिखीं, बल्कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी लिखा और महिलाओं की मदद के लिए काम किया। पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच महादेवी का जीवन परिचय, कविताएं, कहानियों से जुड़ी लिखित और मौखिक प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में तनिष्का कुमारी, अंशिका कुमारी, साक्षी कुमारी, स्वाति वर्मा, अनन्या चौहान, श्राविका रमन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### भाजपा का प्रखंडस्तरीय आक्रोश प्रदर्शन बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**इटखोरी :** इटखोरी प्रखंड परिसर में गुरुवार को भाजपा की ओर से भाजपा मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह की अध्यक्षता प्रखण्ड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसका संचालन शिवकुमार राणा ने किया। आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा जिला मंत्री सतीश सिंह ने कहा कि आज पूरे राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि पोड़ैया में सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यकुमार हांसदा की निर्मम हत्या इस सरकार की तानाशाही प्रवृति को दर्शाती है। साथ ही कहा कि सूर्यकुमार हांसदा पूर्व में विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके थे, इसके बावजूद उनकी हत्या करवा दी जाती है। वहीं भाजपा भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है और राज्यभर में भय व असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध की घटनाओं से आम लोग त्रस्त हैं, लेकिन सरकार संवेदनशीलता दिखाने में पूरी तरह असफल है। वहीं उपस्थित लोगों ने संयुक्त रूप से कहा कि अब जनता इस तानाशाही और भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है और आने वाले दिनों में भाजपा की ताकत से इसे करारा जवाब देगी। आक्रोश प्रदर्शन के बाद बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। आक्रोश प्रदर्शन में कमलेश सिंह,कैलाश सिंह, गौपाल सिंह, अंजू सिंह, संजय सिंह, राजेंद्र राम, आशीष मिश्रा,अनुज दांगी, बद्री यादव समेत दर्जनों अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गुवाअहरी तालाब सौंदर्यीकरण में लापरवाही राहगीरों के लिए खतरा बढ़ा



**कोडरमा :** डोमचांच नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 स्थित गुवाअहरी तालाब का सौन्दर्यकरण कार्य अब लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। संवेदक की लापरवाही से तालाब के बीच रोड पर बड़े-बड़े बोल्डर डाल दिए गए हैं, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मौत का जाल साबित हो रहे हैं। बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के सड़क किनारे पड़े ये पत्थर रोजाना स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को जान जोखिम में डाल रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मछली मुर्गा का अवशेष भी रात के अंधेरे में डाला जा रहा है। प्रशासन की अनदेखी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आक्रोशित लोगों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से तत्काल हस्तक्षेप कर बोल्डर हटाने और जिम्मेदार ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जनता का गुस्सा तेजी से बढ़ रहा है।

### प्रकाश रजक की पहल पर 24 घंटे में सुधरा बिजली का संकट, उपायुक्त को बधाई



**कोडरमा :** 7 अगस्त 2025 को लरियाडीह पंचायत के बृंदा गांव से एक मरीज काजल देवी को इमरजेंसी में सदर अस्पताल कोडरमा ले जाने के दौरान बड़ा संकट खड़ा हो गया। लरियाडीह में प्रदीप सिंह के घर के सामने बिजली का तार काफी नीचे लटक रहा था, जिसके कारण एंबुलेंस को आगे बढ़ने में दिक्कत हो रही थी। गांव के ग्रामीणों की मदद से किसी तरह एंबुलेंस को पास कराया गया। मामले की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता प्रकाश रजक ने त्वरित कदम उठाते हुए बिजली के तार और एंबुलेंस की तस्वीरें कोडरमा उपायुक्त को भेजीं और इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उपायुक्त महोदय ने भी तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर ही मौके पर दो नए पॉल लगवाकर ढीले तारों की मरम्मत करवाई। इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और कांग्रेस नेता प्रकाश रजक की सक्रियता व जनहितैषी प्रयासों की सराहना की।

## एक नजर

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार घायल



**बरहेट :** बरहेट तीनमोहानी चौक के पास एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक अपना ट्रैक्टर साइड कर रहा था। इसी दौरान सोनाजोरी गांव की ओर से आ रहे कुसमा गांव निवासी मुन्ना साह अपने दादा धनंजय साह 65 वर्ष को मोटरसाइकिल पर लेकर बरहरवा जा रहा था। इसी दौरान तीनमोहानी के पास घटना हुई। घटना में मोटरसाइकिल सवार वृद्ध धनंजय साह का पैर में चोट आई है और बुरी तरह घायल हो गया। परिजनों व राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने दो लोगों को कुचला, एक की मौत, एक घायल



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत खादी भंडार के पास गुरुवार की अगले सुबह एक तेज रफ्तार 12 चक्का ट्रक ने साइकिल पर जा रहे दो लोगों को कुचल कर रौंद दिया। इस हादसे में साइकिल सवार महिला चानन निवासी स्वर्गीय पप्पू साह की पत्नी कुंती देवी (59) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साइकिल चालक चानन निवासी महिला का भतीजा गुरुदेव मंडल (38) बुरी तरह से घायल हो गए। इसके पूर्व आसपास के लोग दोनों को तुरंत सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां डॉक्टर केशव कृष्णा ने मृतक का पोस्टमार्टम किया। बताया जा रहा है कि मृतक महिला के पति का भी दो माह पूर्व निधन हो गया था। दोनों मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते थे। पति की मौत के बाद पत्नी महिला मजदूरी कर भरण पोषण कर रही थी। गरूवार को भी काम के लिए तिलडांगा जाने के लिए भतीजे के साथ साइकिल पर बैठ ट्रेन पकड़ने रेलवे स्टेशन आ रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी।

# सूर्य हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के विभिन्न प्रखंडों में भाजपा की ओर से गुरुवार को राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया गया। पार्टी कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालयों के समक्ष धरना देते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्य कार्यक्रम झींकपानी प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रसन्न बिरुवा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री प्रताप कटियार महतो और प्रखंड प्रभारी राजश्री बानरा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा




कार्यकताओं ने सूर्य हांसदा की एनकाउंटर की सीबीआई जांच कराने, रिम्स-2 के लिए अधिग्रहीत आदिवासी जमीन को रैयतों को वापस करने तथा वृद्धों और दिव्यांगों को समय पर पेंशन देने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि राज्य सरकार आदिवासी और किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि रिम्स-2 का निर्माण किसी अन्य स्थान पर किया जाए, जिससे आदिवासी समुदाय की जमीन और अधिकारों की रक्षा हो सके। साथ ही यह भी मांग की गई कि पेंशन योजनाओं की राशि लाभुकों के खातों में तय तिथि पर डीबीटी के माध्यम से भेजी जाए। इसी प्रकार चाईबासा के सदर प्रखंड कार्यालय में भाजपा नगर कमेटी और सदर प्रखंड कमेटी के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष संजय पांडे और प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद के नेतृत्व में बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। इधर, टोंटो प्रखंड में भी दिनेश चंद्र नंदी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और समान मांगों को दोहराया। वहीं मनोहरपुर प्रखंड में मंडल अध्यक्ष राजा सुरीन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता हाथी नाका चौक से जुलूस की शक्ल में प्रखंड कार्यालय पहुंचे। कार्यालय के बाहर सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जिला उपाध्यक्ष किशोर डागा, वरिष्ठ नेता कैलाश गुप्ता सहित अन्य नेताओं ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की।

## साहिबगंज में पिछड़े वर्गों की कल्याण योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** गुरुवार को जिला परिसदन सभागार में पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, रांची के माननीय अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय अध्यक्ष द्वारा जिले में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर चर्चा की। आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्तियों में आरक्षण के लाभ/प्रावधान की स्थिति। नागरिकों के जाति, आवासीय एवं नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा। प्राकृतिक आपदा एवं हाथियों के हमले से होने वाली मृत्यु/आर्थिक क्षति पर पिछड़े वर्गों को प्रदान किए गए मुआवजे की स्थिति। पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाएं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन की स्थिति। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्गों के लाभुकों की संख्या। पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य निदेशालय द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों की भागीदारी। भू-अर्जन से संबंधित मामलों की स्थिति। बैठक में जिला स्तर पर कल्याण, स्वास्थ्य, पंचायती राज, योजना, समाज कल्याण, खनन, शिक्षा, नियोजन, उद्योग, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, गव्य, उद्यान, सामाजिक सुरक्षा, श्रम आदि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया। माननीय अध्यक्ष ने सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पिछड़े वर्गों को योजनाओं का पूर्ण लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## खनन विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समीक्षात्मक बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में खनन विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने पत्थर खनिज से संबंधित जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन यथाशीघ्र तैयार कराने और कोई भी मामला छुटने न पाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने जिला खनन कार्यालय के सभी कर्मचारियों को निदेश दिया कि खनन पट्टा हेतु आवेदन पत्र की सभी वैधानिक औपचारिताएँ पूरी करने के बाद संचिका को अनावश्यक लम्बित कार्यालय स्तर पर नही रखा जाय। साथ दिनांक 10 जून से 15 अक्टुबर तक मॉनसून सत्र में माननीय न्यायालय एनजीटी के गाइडलाइन का अनुपालन कराते हुए नदी तल से बालू का उठाव एवं परिवहन वर्जित है। जिला खनन कार्यालय, पाकुड़ के दोनों खान निरीक्षकों को निदेश दिया कि किसी भी परिस्थिति में नदी तल से बालू का अवैध उठाव एवं परिवहन नही होने चाहिए, इसके लिए सतत निगरानी रखी जाय। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाय। अवैध रूप से खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। वहीं जिला खनन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि स्क्रीनिंग समिति द्वारा किये गये स्थलीय जांच के आलोक में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई किया जाय। नियमों का उल्लंघन करने वाले सील किये गये क्रशर इकाई के द्वारा नियमों का अनुपालन किया जाता है, वैसी स्थिति में सील मुक्त हेतु अधोहस्ताक्षरी से आदेश प्राप्त कर लेंगे।

### खो-खो में दमदार प्रदर्शन : अंडर-19 फाइनल जीतकर +2 हाई स्कूल, अमड़ापाड़ा बना जिला चैंपियन



**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले में आयोजित खेलों झारखण्ड के अंतर्गत खो-खो प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें अंडर-19 वर्ग के मुकाबले ने सबसे ज्यादा रोमांच पैदा किया। अंडर-19 फाइनल में +2 हाई स्कूल, अमड़ापाड़ा और संत मारिया गोरोती, तोड़ाई, हिरणपुर के टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। दोनों ही टीमें मजबूत रणनीति और दमदार खेल के साथ मैदान में उतरीं। हालांकि, आखिरकार +2 हाई स्कूल, अमड़ापाड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह मुकाबला जीत लिया और खिताब अपने नाम कर लिया।

## जिला नियोजनालय परिसर में भर्ती कैंप का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में नियोजनालय परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें तीन नियोजक उम्मीदवारों को रोजगार देने के लिए उपस्थित हुए। यथा एयरटेल पेमेंट बैंक, आरभीएस स्किल अकादमी और राजमहल नर्सरी। सभी के पास विभिन्न प्रकार की रिक्तियां उपलब्ध थी। एयरटेल पेमेंट बैंक के पास 20 रिक्ति थी। आरभीएस स्किल अकादमी के पास 18 रिक्ति थी। राजमहल नर्सरी के पास 06 रिक्ति थी। इन नियोक्ताओं के यहाँ उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। इसमें से 09 उम्मीदवारों का चयन हुआ और 16 उम्मीदवारों का शार्टलिस्ट किया गया तथा




चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा दिया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी, पाकुड़ राहुल कुमार वरीय लिनिक धीरज प्रसाद, यंग प्रोफेसनल शैलेश कुमार सिंह, आदि उपस्थित थे।

## बेवफाई के शक में पति ने साड़ी से घोंटकर की पत्नी की हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहलबाड़ी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव की रहने वाली ब्यूटी देवी (उम्र 25 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, बीते बुधवार को महिला की फांसी से मौत होने की खबर पुलिस को मिली थी। हालांकि, मृत्यु की समीक्षा और घटना स्थल की जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि ब्यूटी देवी की हत्या गला घोंट कर की गई थी, जिसमें साड़ी का इस्तेमाल किया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद मृतक महिला की मां ललिता देवी द्वारा थाना में मामला दर्ज करवाई मामले को लेकर राधानगर थाना में कांड संख्या 386/25 दर्ज कर पति सुखचंद मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि पत्नी की कथित बेवफाई से आहत होकर पति ने उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में मृतिका की मां, ललिता देवी ने पुलिस को जानकारी दी है कि पिछले कुछ महीनों से पति-पत्नी के बीच संबंधों में तनाव चल रहा था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ जारी है। राधानगर थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही।

## जिला नियोजनालय और जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने गुरुवार को जिला नियोजनालय और जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम पाकुड़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजी, कैश बुक की जांच की और कार्यालय की साफ- सफाई, फाइल रख-रखाव की समीक्षा की। उपायुक्त ने पदाधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने, काम समयबद्ध पूरा करने और जनता के प्रति उत्तरदायी बनने का निर्देश दिया। उन्होंने गमला खरीदने, लाइट सुधारने, रोजगार मेला के लिए नियोक्ताओं को कॉफी मग और टी शर्ट देने, टाईल्स लगाने और बाथरूम दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

## उप विकास आयुक्त के हाथों से छात्र-छात्राओं के बीच पौधा का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** गंगा मिशन कोलकाता द्वारा आयोजित गंगा हरित अभियान के तहत मंगलवार को भरतीया कॉलोनी रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय एवं बंगला मध्य विद्यालय साहिबगंज की छात्र-छात्राओं के बीच फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा साहिबगंज ने आम, आंवला, का पौधा स्कूली छात्र-छात्राओं को देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने अपने संबोधन में विद्यालय के बच्चों को बताया कि प्राकृतिक आपदा जो आ रही है वो विकास के नाम पर प्राकृतिक से छेड़छाड़ करने पर हो रहा है। कल-कारखाना और सड़क



का निर्माण के कारण अत्यधिक मात्रा में वृक्ष कटाई हो रहा है जिससे पर्यावरण संकट में है, पृथ्वी को बचाने के लिए हमलोगों को वृक्ष का रोपण करना होगा। वृक्ष ही प्राकृतिक है, प्राकृतिक ही जीवन है। प्रत्येक वर्ष वृक्ष का जन्मदिन अवश्य मनाए। एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है, कोरोना काल में हमलोगों ने ऑक्सीजन के महत्व को समझा। पेड़ पौधा लगाकर पर्यावरण वातावरण को हरा भरा रखे। वृक्ष नहीं होगा तो बारिश नहीं होगा, भोजन नहीं मिलेगा। पानी की आवश्यकता वायु की आवश्यकता, खाने की आवश्यकता पेड़ पौधा से ही होता है। प्रतिदिन वृक्ष का सेवा करके उसको बड़ा करे, फिर पहला फल का सेवन करे। पौधा से हरियाली के साथ साथ पक्षियों को रहने के लिए अपना घर मिलता है। वही पौधा वितरण कार्यक्रम में लगभग 300 स्कूली छात्र छात्राओं व आम जनो के बीच आम, नारियल, शरीफा, आंवला, कटहल, लीची, अमरूद, तूत, खिन्नी, बेल, मालबेरी सहित अन्य फलदार पौधा का वितरण किया गया है। जहां झारखंड, उड़ीसा, बंगाल में 13 लाख पौधे बांटे गए जिसमें से साहिबगंज में 3000 पौधे आए, जिसे रोज लगभग 300 से 400 पौधे स्कूली बच्चों एवं आम लोगों को वितरण किया जाता है। गंगा मिशन के मुख्य ट्रस्टी प्रहलाद राय गोयंका का कहना है की गंगा बचेगी तब हमलोग बचेंगे और प्राकृतिक बचेगी, गंगा जीवन दायिनी है इसे स्वच्छ रखना हमलोग मानव जाति का कर्तव्य है। वही स्कूली छात्र-छात्राएं शिक्षिक के अगुवाई में हाथों में पौधा लेकर शहर भ्रमण करते हुए लोगों को पेड़ लगाने के प्रति जागरूक किया ओर एक पेड़ मां के नाम, पौधा लगाए जीवन बचाए, प्राकृतिक को हरा भरा रखे जैसे जागरूकता नारा लगाया।

## संक्षिप्त खबरें

### बरहेट में पड़ोसी पर फायरिंग, पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार



**बरहेट :** बुधवार देर शाम को बरहेट थाना क्षेत्र के खेरवा गांव में एक युवक ने एक बुजुर्ग पर गोली चलाई। वही 24 घन्टे के अंदर मामले की पुलिस ने गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को हथियार सहित गिरफतार कर न्यायायिक हिरासत भेज दिया गया। इस घटना को लेकर गुरुवार शाम को एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बरहेट थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि दोनों पड़ोसी हैं और पूछताछ के क्रम में आरोपी आलम अंसारी ने बताया कि वर्ष 2019 में उसकी शादी हुई थी जिससे एक बच्चा भी है, बच्चा 6 माह हुआ था उस दौरान बदरूल अंसारी के बड़ा बेटा अजहरुद्दीन अंसारी ने मेरी पत्नी को प्रेम जाल में फांस कर भगा कर शादी कर लिया था। उस समय तलाक देकर समझौता तो हो चुका था, परंतु मेरा बेटा अब भी उसको मां बोल कर पुकारता है तो बीते हुए अतीत याद आ जाता था। वही बदले की आग सीने में सुलगती रही, इसी बीते रात्री उसने अजहरुद्दीन अंसारी के पिता बदरूल अंसारी को गोली चलाई, वही निशाने चूकने के कारण फिलहाल बदरूल अंसारी घायल है और इलाज चल रहा है। उक्त मामले मे छापामारी दल नियुक्त किया गया जिसमे थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में एसआई असीम कुजूर, एएसआई अशोक सिंह, एएसआई रघुवीर तथा थाना के अन्य सशस्त्र बल ने छापामारी कर आरोपी आलम अंसारी के साथ एक देसी कट्टा, एक मोबाइल तथा एक बाइक बरामद किया। इस मामले मे थाना कांड संख्या 135/25 के तहत चार नामजद आरोपी आलम अंसारी, लियाकत अंसारी,जब्बार अंसारी तथा सैफुद्दीन अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत : एसपी



**साहिबगंज :** पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में गुरुवार को मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने की। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण सम्बंधी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने विश्वकर्मा पूजा को लेकर भीड़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी करने, बैकअप प्लान तैयार करने, पूजा समितियों सदस्यों की सूची तैयार करने, फूहड़ व धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला गाना नहीं बजाना सुनिश्चित कराने, पूजा पंडाल के इर्दगिर्द नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करें। गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें। चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें। चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, थाना दिवस पर जमीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके में डीएसपी, सदर एसडीपीओ, बरहरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ, सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध लकड़ी समेत वाहन जब्त



**साहिबगंज :** वन विभाग की टीम ने गुरुवार को राजमहल क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध लकड़ी से भरे दो वाहनों को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान टीम ने एक टेंपू और एक भुटभुटिया वाहन को पकड़ लिया। हालांकि, वन विभाग की टीम को देखते ही चालक मौके से फरार हो गए। तलाशी के दौरान जब्त टेम्पू से 7 पीस सेमल का बोटा तथा भुटभुटिया से लगभग एक हजार पीस चिरान लकड़ी बरामद की गई। वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे ने बताया की, लकड़ी माफिया की गतिविधि की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्होंने कार्रवाई के लिए टीम को निर्देशित किया। आगे उन्होने बताया की अवैध लकड़ी कारोबार पर रोक लगाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस छापेमारी अभियान में वनरक्षी पप्पू यादव, वनकर्मी रूपेश, श्याम, नारायण सहित अन्य कर्मी सक्रिय रूप से मौजूद थे।

### तेज रफ़्तार ऑटो रिक्शा पलटने से, ऑटो रिक्शा में सवार लोग हुए घायल



**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरियो-तीनपहाड़ मुख्य सड़क के जसकुटी मोड़ के पास गुरुवार को एक ऑटो रिक्शा पलटी मार दिया जिससे उसमें सवार कई सवारी घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो रिक्शा चालक अपनी ऑटो रिक्शा में बोरियो से सवारी ले कर तीनपहाड़ आ रहा था,अचानक जसकुटी मोड़ के पास संतुलन बिगड़ने से ऑटो पलटी मार दिया जिससे उसमें सवार कई लोग घायल हो गया। वही इसकी सूचना तीनपहाड़ थाना को मिली लेकिन थाना पुलिस पहुचने से पहले ही आसपास के लोगो द्वारा ऑटो रिक्शा को उठाया गया और सभी घायलों को ऑटो रिक्शा में सवार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

# पटना समेत 9 जिलों में बारिश, बेगूसराय में सड़क पर गंगा



## बगहा में गंडक बराज के गेट खोले गए, निचले इलाकों में अलर्ट

**पटना।** बिहार में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। पटना, आरा, समस्तीपुर, सारण, बक्सर, बेतिया, सुपौल, भागलपुर और जमुई में बारिश हुई है। इधर, बेगूसराय में गंगा का लेवल लगातार बढ़ रहा है। नदी सड़क पर बह रही है। शाम्हो प्रखंड का बेगूसराय, लखीसराय और मुंगेर से सड़क संपर्क टूट गया है। बगहा में देर रात से झमाझम बारिश हो रही है, जो गुरुवार को भी जारी है। गंडक बराज से एक लाख 23 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। नेपाल के पहाड़ी इलाके में हो रही बारिश के कारण मधुबनी में कमला नदी उफान पर है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज यानी गुरुवार को प्रदेश के 13 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 24 घंटे तक हल्की और मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं, राज्य के बाकी जिलों में मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है। पिछले 24 घंटे में पटना, समस्तीपुर, जहानाबाद, बेतिया, सीवान, किशनगंज, सुपौल और गोपालगंज में तेज बारिश हुई। राजधानी में हुई बारिश के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यहां 34.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया, बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर एरिया पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। इसके कारण प्रदेश में नमी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। प्रदेश में अगले दो से तीन दिनों तक उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में रुक-रुककर बारिश हो सकती है। बारिश और नमी बढ़ने के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले 24 घंटों में बिहार के कई जिलों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। इससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि, जिन जिलों में ज्यादा बारिश होगी, वहां स्थानीय स्तर पर जलजमाव की समस्या बन सकती है। गुरुवार दोपहर कटिहार का मौसम बदला और बारिश शुरू हो गई। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। शेखपुरा में पिछले 15 दिनों से बारिश नहीं होने से धान की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। हालांकि आज सुबह से आसमान में बादल दिखाई दिए हैं। उमस भरी गर्मी से आज कुछ राहत महसूस होने लगी है। जमुई में 10.40 बजे अचानक मौसम बदला। तेज बारिश हो रही है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। गोपालगंज के सदर अस्पताल के इमर्जेंसी वार्ड में पानी घुस गया है। मरीजों को परेशानी हो रही है। सीवान के कई इलाकों में बीती रात से बारिश हो रही है।

## मानसून खत्म होते ही निर्माण शुरू होने की आस



**बक्सर।** बिहार के बक्सर और उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के भरौली के बीच गंगा नदी पर बनने वाले तीन लेन के पुल के निर्माण में देरी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 मई 2025 को इसका शिलान्यास किया था, लेकिन तीन महीने बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ। देरी की प्राथमिक वजह निविदा प्रक्रिया में शिथिलता और कंसल्टेंसी की नियुक्ति में विलंब सामने आ रही है। मानसून खत्म होने और गंगा में बाढ़ का असर कम होने पर निर्माण शुरू होने की उम्मीद है। मिट्टी जांच फरवरी 2025 में पूरी हो चुकी है। शुरूआती लक्ष्य जुलाई तक काम शुरू करने का रखा गया था। यह पुल बक्सर-पटना एनएच 922 का हिस्सा होगा।सके उत्तरी छोर से गाजीपुर-बलिया ग्रीनफील्ड फोरलेन का 17 किलोमीटर लंबा भरौली स्पर शुरू हो जाएगा। यह स्पर गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर में ग्रीनफील्ड फोरलेन के मुख्य मार्ग के साथ ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से एलिवेटेड इंटरचेंज प्वाइंट के जरिए जोड़ेगा। यह पुल पटना-बक्सर एनएचझ922 (भविष्य में बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे), उन्नाव-मालदा एनएचझ31 के बलिया-गाजीपुर खंड और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को जोड़ेगा। यह बक्सर-भरौली के बीच जाम की समस्या का समाधान करेगा। वर्तमान में दो पुराने पुल हैं, जिनमें एक 50 वर्ष पुराना और कमजोर है, जिस पर केवल हल्के वाहन चलते हैं, जबकि दूसरे पर जाम की स्थिति बनती है, जो 20-40 किमी तक प्रभावित करती है। परियोजना हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) पर आधारित है। ठेकेदार एएससी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और स्वतंत्र इंजीनियर चैतन्य प्रोजेक्ट्स कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड व इनफिनिट सिविल साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (ज्वाइंट वेंचर) हैं।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी का बड़ा ऑपरेशन



## गौर जेल के 5 फरार कैदी पकड़े गए

**मोतिहारी।** नेपाल में जारी हिंसा और तनाव के बीच रौतहट जिले के गौर जेल से फरार हुए पांच कैदियों को भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने धर दबोचा। पकड़े गए सभी कैदी नेपाल के ही निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मोतिहारी के कुंडवा चैनपुर बॉर्डर पर तैनात एसएसबी की टीम ने बुधवार दोपहर महुलिया बॉर्डर के पास जांच के दौरान इन कैदियों को पकड़ा। बताया जाता है कि नेपाल में जारी विद्रोह का फायदा उठाकर सभी आरोपी जेल तोड़कर भाग निकले थे।

एसएसबी की 20वीं बटालियन, सीतामढ़ी के कमांडेंट गिरीशचंद्र पांडेय ने पुष्टि की कि कुंडवा चैनपुर बटालियन ने ही इन कैदियों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए कैदियों की पहचान रौतहट जिले के गौर गढ़वा वार्ड नंबर-5 निवासी विश्वनाथ यादव, रवि यादव, राहुल राय यादव, चंद्रानिकाहपुर के सूरज राय और गरुवा निवासी राम विनोद प्रसाद के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद सभी को कुंडवा चैनपुर थाना पुलिस को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि आगे की प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी कैदियों को नेपाल की महुलिया पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## भोजपुर में भीषण सड़क हादसा

**भोजपुर।** जिले में गुरुवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। आरा-जगदीशपुर रोड पर हाटपोखर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने यात्री बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस सड़क किनारे पलटते-पलटते बची, लेकिन उसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं।घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक तेज रफ्तार में था और ओवरटेक करने की कोशिश में बस से जा टकराया।

## संक्षिप्त डायरी

### किशनगंज में बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर



**किशनगंज।** गुरुवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बहादुरगंज थाना क्षेत्र के नटवापाड़ा के पास सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच यह हादसा हुआ। अमलझाड़ी निवासी हाशिम आलम (32) अपने साथी शालिम आलम (23) के साथ बाइक से बहादुरगंज से किशनगंज मुख्यालय की ओर जा रहे थे। इस दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हाशिम आलम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शालिम आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों की मदद से एमजीएम अस्पताल, किशनगंज में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर विरोध जताया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

### नकली आयकर अफसर बनकर बदमाशों ने उड़ाए लाखों के गहने, स्वर्ण व्यवसायी बने शिकार



**मुजफ्फरपुर।** जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के बेनीबाद बाजार हाट के पास एक स्वर्ण व्यवसायी के घर में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। बताया जा रहा है कि चार से पाँच की संख्या में आए बदमाश खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताकर घर में घुसे और अलमीरा की चाभी लेकर उसमें रखे लाखों रुपये के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान बदमाशों ने घर के सभी सदस्यों के मोबाइल और सामान जब्त कर लिए और करीब 15 मिनट तक तलाशी के नाम पर अलमारी और पेटी खंगालते रहे। परिवार के लोग इस दौरान डरे-सहमे रहे और बदमाश आराम से निकल गए। बाद में गृहस्वामी को एहसास हुआ कि आयकर अधिकारी बनकर आए लोग दरअसल बदमाश थे। पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी गौरी साह ने बताया कि उनका बेनीबाद बाजार में ज्वेलरी शॉप है। सोमवार को कुछ लोग आए और खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताते हुए घर में घुस गए। उन्होंने परिवार के मोबाइल जब्त किए और फिर अलमारी व पेटी से गहने और नकदी निकालकर जांच के बहाने चलते बने। उधर, मामले की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। बेनीबाद थाना प्रभारी साकेत शार्दुल ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध लोगों को आते-जाते देखा गया है।

## सीतामढ़ी में दंपत्ति की रहस्यमय ढंग से मौत



**सीतामढ़ी।** जिले के बोखड़ा थाना क्षेत्र के पतनुक्का गांव में शुक्रवार की सुबह दंपत्ति की रहस्यमय मौत से सनसनी फैल गई। सरकारी डीलर मनोज कुमार दास (48) का शव कमरे में फंदे से लटका मिला, जबकि उनकी पत्नी मीना देवी (44) का शव बिस्तर पर पड़ा था।जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात दोनों ने साथ खाना खाया और कमरे में सोने चले गए। घर में उस समय उनकी वृद्ध मां और छह वर्षीय बच्चा भी मौजूद थे। सुबह देर तक कमरे से कोई आहट नहीं मिलने पर वृद्धा ने दरवाजा खटखटाया। जवाब न मिलने पर ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर का दृश्य देख सब स्तब्ध रह गए।घटना की सूचना पर पुपरी डीएसपी सुनीता कुमारी, बोखड़ा और नानपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे को सील कर एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया। इस दौरान कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसकी सामग्री का खुलासा अभी नहीं किया गया है।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मामले में हत्या और आत्महत्या दोनों आशंकाओं पर जांच चल रही है। कमरे के अंदर से बंद होने और सुसाइड नोट मिलने की वजह से आत्महत्या की संभावना मजबूत मानी जा रही है। हालांकि, मृतका मीना देवी के गले पर गहरे निशान मिलने से हत्या की संभावना भी खारिज नहीं की जा रही है। डीएसपी सुनीता कुमारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल की जांच रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है।

## 'बिहार में विकास की लहर दिखाई दे रही, विपक्ष पूरी तरह फेल', पटना में बोले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



**पटना।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आज बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की ओर बढ़ रहा है। एक समय था जब बिहार में भ्रष्टाचार सुर्खियों में था और आज आधारभूत संरचनाओं की योजनाएं, औद्योगिक विकास दिखाई दे रहा है। एक प्रकार से यहां विकास की लहर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार स्थापित करने के लिए हमलोग मैदान में उतरे हैं। दावा करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में जनता के आशीर्वाद से एनडीए ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि कल बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बिहार के दो नए बड़े प्रोजेक्टों को मंजूरी दी गई है। इसमें मोकामा मुंगेर चार लेन हाईवे 4500 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और भागलपुर दुमका रामपुर हाट की रेलवे लाइन में दूसरा ट्रैक बनाना है। उन्होंने कहा कि बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो का निर्माण हो रहा है। एनडीए का संकल्प बिहार को विकसित बनाना है, बिहार को सुख-समृद्ध बनाना है। आज जो प्रगति दिख रही है, वह बिहार के उज्जवल भविष्य की प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार ने 11 वर्षों में अपने संकल्प को पूरा किया है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। पीएम मोदी ने कहा था कि समावेशी विकास के बिना भारत विकसित नहीं हो सकता। इस कारण उनका पूरा जोर उत्तरी पूर्वी राज्यों के विकास पर लगा है। बिहार इस दौरान नई योजनाओं के कारण आगे बढ़ा है। उन्होंने कई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि नए मेडिकल कॉलेज खुले, गरीब लोगों को मकान मिले, एक प्रकार से देखें तो समाज मे ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसकी चिंता पीएम मोदी ने नहीं की। उन्होंने इस दौरान जीएसटी में बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि सभी उपयोगी चीजों में करों की कटौती कर मूल्यों में कमी की गई है। इससे मूल्य कम होंगे तो मांग बढ़ेगी और फिर उत्पादन बढ़ेगा। इससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत नए विकास की ओर जा रहा है, यह सकारात्मक सोच का परिणाम है। मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष पूरी तरह फेल हो चुका है। विपक्ष चुनाव हारने के कारण ढूंढने में लगा है। जिस तरह से विपक्ष पीएम मोदी की माताजी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया, उसकी निंदा करता हूं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जान लें कि आप जितना भला-बुरा बोलें, गाली दें, बिहार की जनता गुमराह नहीं होगी। यहां की जनता समझदार है। यहां के लोग विकास चाहते हैं। बिहार सुशासन चाहता है। इस कारण फिर से एक बार नीतीश कुमार की सरकार बनेगी और बिहार के लोगों की सेवा करेगी। इस दौरान एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि महागठबंधन किसी को सीएम उम्मीदवार घोषित कर दे लेकिन नीतीश कुमार के फेस के सामने कोई नहीं टिकता। अमेरिका के द्वारा टैरिफ लगाए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि इस पर बातचीत चल रही है। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी व विधानपार्षद संजय मयूख,प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा,प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रूंगटा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल,प्रदेश सह प्रभारी प्रभात मालाकार उपस्थित रहें।

## बक्सर में धान की फसल पर तना छेदक और मिलीबग का कहर, किसानों की बढ़ी चिंता



**डुमरांव (बक्सर)।** इन दिनों धान की फसल तना छेदक, धड़छेदक और मिलीबग नामक कीटों के प्रकोप से जूझ रही है। यह कीट किसानों के अथक परिश्रम और मेहनत की कमाई पर पानी फेर रहे हैं। खेतों में लगे इन कीटों का प्रकोप इतना तेज है कि एक बार लगने के बाद यह पूरी फसल में फैल जाता है और धान को ठूंठ में बदल देता है। ग्रामीण इलाके में किसान इन कीटों को चतरा के नाम से जानते हैं। किसान इसे धान के लिए सबसे घातक कीट मानते हैं। किसानों का कहना है कि पटवन और खाद डालकर वे किसी तरह फसल को तैयार किए, लेकिन अचानक बढ़ते कीटों प्रकोप ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। किसानों के अनुसार, तना छेदक की सूंडियां हल्के पीले शरीर और नारंगी-पीले सिर वाली होती हैं, जबकि मादा सूंडी के पंख पीले रंग के होते हैं। ये कीट धान की गोभ में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे पौधे की बढ़वार रुक जाती है और पौधा सूखने लगता है। परिणामस्वरूप धान का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होता है।स्थानीय किसान सूरज प्रसाद, भरत चौबे, राघवेंद्र तिवारी, प्रेम कुमार महतो, बबन यादव और कपिलमुनि पांडेय सहित कई लोगों ने बताया कि इस समय धान की खेती पर संकट मंडरा रहा है। खेतों में जगह-जगह ठूंठ दिखाई देने लगे हैं और लगातार नुकसान हो रहा है। किसानों के अनुसार, यदि समय रहते बचाव नहीं किया गया तो फसल बर्बाद हो जाएगी। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. देवकरण ने बताया कि यह कीट फसल के लिए बेहद खतरनाक है। ऐसे में किसानों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रति वर्ग मीटर खेत में पांच प्रतिशत से अधिक गोभ मृत दिखे, तो किसानों को तुरंत रसायनों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि तना छेदक की रोकथाम के लिए कारटाप हाइड्रोक्लोराइड (फोर-जी) 18 से 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से तीन से पांच सेंटीमीटर स्थिर पानी में छिड़काव करना चाहिए। वहीं, मिलीबग के प्रकोप से बचाव के लिए कार्बोफ्यूरान थ्री-जी 10 किलोग्राम प्रति एकड़ तीन से पांच सेंटीमीटर स्थिर पानी में घोलकर छिड़काव करना प्रभावी माना जाता है।

## बारिश के बीच एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन

### लोगों के पैर पानी में डूबे; दिलीप जायसवाल बोलेः नरेंद्र मोदी पूर्णिया को देंगे तोहफा





**दरभंगा।** मिथिला की हृदय स्थली दरभंगा लालबाग स्थित लक्ष्मेश्वर लाइब्रेरी परिसर में गुरुवार को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से जारी मूसलाधार बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। पूरे परिसर में पानी भर जाने के बावजूद कार्यकर्ता कुर्सियों पर बैठे नजर आए, हालांकि उनके पैर पानी में डूबे हुए थे। बारिश से भीगते हुए भी कार्यकताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। खास बात यह रही कि सम्मेलन में महिला कार्यकताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का एनडीए कार्यकताओं ने मिथिला परंपरा के अनुसार पाग चादर, फूल माला, मखाना का माला और मिथिला पेंटिंग देकर स्वागत किया। महिला कार्यकताओं को भी उन्होंने पाग चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया, जिससे उनका चेहरा खुशी से खिल उठा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मैथिली भाषा में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लएक बार फिर से एनडीए की सरकार बनानी है। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई रफ्तार पकड़ी है। पहले जहां राजनीतिक सभाओं में गिनी-चुनी महिलाएं दिखाई देती थीं, वहीं आज हजारों की संख्या में महिलाओं की भागीदारी साबित करती है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एनडीए सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार बिहार के लिए लगातार बड़े तोहफे दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज लगभग 8000 करोड़ रुपए की दो बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। 1. सड़क परियोजना झ बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेस-वे, और मोकामा से मुंगेर तक छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा। इसके लिए 4447 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। 2. रेलवे परियोजना झ भागलपुर से दुमका होते हुए रामपुर तक 177 किलोमीटर लंबा रेलवे ट्रैक बनेगा। इसके लिए 3169 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जायसवाल ने कहा कि यह तोहफा बिहार के सपनों को साकार करने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया में रेल परियोजना का तोहफा देने आ रहे हैं। कार्यक्रम में कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। इनमें बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, सांसद गोपालजी ठाकुर, जदयू विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी, संजय सिंह, आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, सुजीत मल्लिक, बालेन्दु झा, मुकुंद चौधरी, सपना भारती, संगीता साहू समेत अन्य एनडीए नेता और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी आने वाले थे, लेकिन किसी कारणवश वे उपस्थित नहीं हो सके। दरभंगा में गुरुवार को आयोजित यह कार्यकर्ता सम्मेलन न केवल एनडीए की ताकत और एकजुटता का प्रदर्शन था, बल्कि इसने यह भी दिखा दिया कि भारी बारिश भी कार्यकताओं के जोश और संकल्प को डिगा नहीं सकती।

# मधुमेह से बचाव में फायदेमंद होती है खड़े रहने की आदत

अक्सर स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चहलकदमी और व्यायाम का सुझाव दिया जाता है, लेकिन इस मामले में खड़े रहने की आदत भी मददगार साबित हो सकती है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2

फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर

रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।



## खराब इंसुलिन प्रणाली मधुमेह की वजह

**एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2 मधुमेह से बचाव के मामले में खड़े रहना फायदेमंद होता है। फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता के बीच संबंध पाया गया है। इतना ही नहीं रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।**

एनर्जी मेटाबॉलिज्म और रक्त शर्करा के नियमन में इंसुलिन एक प्रमुख हार्मोन है। कई बार वजन अधिक होने से शरीर में इंसुलिन के सामान्य फंक्शन में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है और टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह दुनियाभर में सबसे आम जीवनशैली की बीमारियों में से एक है। इसकी शुरुआत आमतौर पर बिगड़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता या इंसुलिन प्रतिरोध से होती है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

## गतिहीन व्यवहार से इंसुलिन प्रणाली प्रभावित

जीवनशैली का इंसुलिन में रुकावट और टाइप 2 मधुमेह के विकास पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। इन समस्याओं की रोकथाम में नियमित शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि अब तक इंसुलिन की रुकावट पर गतिहीन व्यवहार, लगातार बैठे रहने के बीच ब्रेक और खड़े रहने की आदत के प्रभावों के बारे में बहुत कम जानकारी है। तुर्कू पीईटी सेंटर और यूकेके संस्थान के हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इंसुलिन में बाधा और गतिहीन व्यवहार के बीच संबंध की जांच की। इसके

निष्क्रियता के साथ टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों के विकास के बढ़ते जोखिमों को भी देखा।
अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजमर्रा की नियमित शारीरिक गतिविधि या बैठने के समय, फिटनेस स्तर से अलग स्वतंत्र रूप से खड़े रनहा बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा

एवं तुर्कू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तारू गर्थवेट का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष रोजाना बैठने के समय के एक हिस्से में लोगों को खड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। खासकर अगर शारीरिक गतिविधि की जरूरतों को पूरा नहीं किया जाता है तो यह तरीका मददगार हो सकता है।

## जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम होगी

भी जोर देता है। अध्ययन परिणाम बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस या बैठने में लगने वाले समय की तुलना में शरीर में वसा के प्रतिशत में इजाफा इंसुलिन संवेदनशीलता के मामले में अधिक महत्वपूर्ण कारक है। दूसरी ओर खड़े होना शरीर की संरचना के बावजूद इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।
मगर ऐसा लगता है कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और गतिहीन व्यवहार भी इंसुलिन मेटाबॉलिज्म से जुड़े हुए हैं, लेकिन परोक्ष रूप से यह शरीर की संरचना पर उनके प्रभाव के माध्यम से जुड़े हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन इन स्पोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के आधार पर अभी तक कारण प्रभावों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार परिणाम बताते हैं कि यदि पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं की जा रहीं तो रोजाना खड़े होने का समय बढ़ाने से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है।



# कम नींद लेने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

**कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं।**

एक रिपोर्ट के अनुसार 60% से ज्यादा भारतीय सोचते हैं कि नींद लेना कोई प्राथमिकता नहीं है। पिछले कुछ सालों में नींद के महत्व और आवश्यक नींद पूरी न होने से जुड़े खतरों के बारे में बताए जाने के बाद भी लोग नींद को उतनी अहमियत नहीं देते जितना कि व्यायाम को देते हैं। हाल ही में देशभर में हुए सर्वेक्षणों से पता चला है कि देश में नींद की कमी गंभीर चिंता का कारण क्यों है?
यहां तक देखा गया है कि लोगों को यह कहने में फख्र महसूस होता है कि वे 4-5 घंटे ही सोते हैं और अपने बाकी के सभी कामों को प्राथमिकता से करते हैं। यदि इस तरह के कम सोने वाले लोग अपनी नौकरी, व्यवसाय व घर-परिवार में कुशल हों तब तो ऐसे लोगों का उदाहरण दूसरे लोगों के लिए पेश किया जाता है कि 'देखो फलाना व्यक्ति ज्यादा सोने में समय बर्बाद नहीं करता है इसलिए तो उसने जीवन में इतना कुछ पा लिया है।'
यह बात और है कि आगे जाकर कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं। हमारे देश में कई लोग आज भी ऐसे हैं, जो ये मानते हैं कि खर्राटे आना गहरी नींद की निशानी है। उन्हें यह समझाना चुनौतीपूर्ण काम है कि दरअसल खर्राटे आना भी एक गंभीर नींद विकारों के कारणों में से एक है।
एक अन्य हाल ही के सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि 19 फीसदी भारतीय वयस्कों की नींद में बाधा का कारण उनके काम करने की शिफ्ट का बदलते रहना है। 32% युवा वयस्क टेक्नोलॉजी के ज्यादा और देर रात तक प्रयोग की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते हैं।
एक वयस्क के लिए भी 7 से 9 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। कई मामलों में जो लोग इतना सोते हैं उन्हें देखकर अन्य लोग ऐसे लोगों के लिए राय बना लेते हैं कि 'फलाना व्यक्ति आलसी व कमजोर है', तो कुछ लोगों को तो खुद ही यह कहने में शर्म महसूस होती है कि 'उन्हें इतना सोने की जरूरत है।' सिर्फ 1 दिन यदि आप 4-5 घंटे से कम सोते हैं, तब आपके शरीर की वे प्राकृतिक कोशिकाएं, जो कैंसर की कोशिकाओं पर हमला करके उन्हें खत्म करने में सक्षम होती हैं, 70% तक कम हो जाती हैं। आपको कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं आपके शरीर में प्रतिदिन बनती हैं। रिपोर्ट के अनुसार नींद की कमी से आंत, प्रोस्टेट और स्तन कैंसर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि आप प्रतिदिन नियमित समय पर सोएं और नियमित समय पर उठें।

## क्यों नहीं आती है आपको मीठी नींद

दिनभर की मेहनत और थकान के बाद एक सुहानी नींद पर आपका पूरा हक है लेकिन कई लोगों को बेवजह नींद न आने की शिकायत होती है। आइए मीठी नींद के लिए क्या करें जतन.

- रोज सुबह उठकर कसरत करनी चाहिए।
- अच्छी नींद लेने के लिए कभी भी दिन में न सोएं और सोने से कुछ देर पहले एल्कोहल या कैफीन का सेवन भूलकर भी न करें।
- धूम्रपान न करने से भी नींद अच्छी आती है क्योंकि सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटिन नींद में बाधा उत्पन्न करता है।
- कई प्रकार के ड्रग्स भी आराम की नींद लेने में बाधक सिद्ध होते हैं।
- अगर आप शाम को कसरत करेंगे तो आपको सोने में परेशानी हो सकती है।
- जिन महिलाओं के शरीर में आयरन की कमी होती है उन्हें अक्सर नींद कम आती है। इसलिए शरीर में आयरन की कमी का विशेष ख्याल रखें।
- सुबह जब आप उठें तो सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में अंदर आने दें। क्योंकि सही प्रकाश की वजह से शरीर को सही ऊर्जा मिलती है।
- एक बात और ध्यान रखें कि रात को सोते वक्त बेडरूम में रोशनी कम ही रहनी चाहिए, जिससे अच्छी और भरपूर नींद आ सके।

...तो जनाब अच्छी व गहरी नींद लीजिए और फिर जिंदगी को पूरी ऊर्जा के साथ जी लेने के लिए खुद को तैयार पाइए।

# सूखा नारियल सेहत के लिए है कुदरत का वरदान

सूखे नारियल का इस्तेमाल घरों में खीर, आइसक्रीम, स्वीट डिश वगैरह में होता है। ज्यादातर लोग इसे स्वाद बढ़ाने के लिए रेसिपीज में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसकी न्यूट्रीशनल वैल्यू काफी ज्यादा होती है। इस बात पर कम लोगों का ध्यान जाता है। नारियल आपके हार्ट और ब्रेन के लिए अच्छा होता है। साथ ही इसे चबाने से फेशियल एक्सरसाइज भी होती है। इसमें ऐंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए बढ़िया होते हैं।

## ऐंटीऑक्सिडेंट्स का भंडार

नारियल में फिनॉलिक कंपाउंड होते हैं, जो कि ऐंटीऑक्सीडेंट्स हैं। ये आपकी सेल्स के ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकते हैं। इसमें गैलिक एसिड, कैफिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, पी-कोम्यूरिक एसिड होता है। नारियल आपकी धमनियों में प्लाक बनने से रोकता है जो कि हार्ट ब्लॉकेज की वजह होती हैं।

## कनेक्टिव टिश्यूज के लिए फायदेमंद

नारियल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके कनेक्टिव टिश्यूज को मजबूत बनाते हैं। नारियल को डायट में शामिल करने से गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ये स्किन के लिए भी अच्छा होता है।

## आयरन की कमी को दूर करता है

महिलाओं में आयरन की कमी बड़ी समस्या है। सूखे नारियल में आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। डेली डायट में नारियल खाने से आयरन की कमी पूरी होती है। बच्चा पैदा होने के बाद महिलाओं को नारियल की कई मिठाइयां इसीलिए बनाकर खिलाई जाती हैं।

## पोषकतत्वों का भंडार

सूखे नारियल में प्रोटीन, विटामिन्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम पाया जाता है। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी मजबूत करके शरीर को रोगों से बचाते हैं।

## दिमाग रखता है मजबूत

नारियल खाने से किसी का आईक्यू तो नहीं बदलता लेकिन आपके ब्रेन फंक्शन को सपोर्ट करता है। स्टडीज में सामने आ चुका है कि नारियल का तेल अल्जाइमर्स होने से रोकता है।





# सेहत का रखना है ख्याल तो अर्जुन फल का करें इस्तेमाल

**ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें।**

अर्जुन के वृक्ष को भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी माना गया है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं। अर्जुन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है और हृदय के समुचित कार्य में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह उच्च रक्तचाप से लेकर दस्त, अस्थमा और खांसी आदि कई तरह की समस्याओं को दूर करने में सहायक है। अर्जुन के फल से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

## सांसों की दुर्गंध से मिलता है छुटकारा

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें। इस फल में ऐसे होते हैं जो आपके मसूड़ों की समस्याओं और दांतों से खून बहने में भी मदद कर सकते हैं और आपको ताजा सांसें प्रदान करते हैं।

## हड्डियों का रखते हैं ख्याल

अगर आप किसी किसी भी प्रकार की हड्डी की समस्या से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में अर्जुन फल को अवश्य शामिल करना चाहिए। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं या इसे कच्चा खा सकते हैं। यह आपको ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की परेशानी में भी मदद कर सकता है।

## ओरल हेल्थ की समस्याओं को करें दूर

अर्जुन फल खाने से वास्तव में आपकी मसूड़ों की समस्याओं को कम करने और दांतों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह दांतों से खून बहने से लेकर दांत दर्द, मसूड़ों में दर्द या मसूड़ों से खून बहना आदि समस्याओं के उपचार में प्रभावी है। आप इस फल को जूस या कच्चा खा सकते हैं। इसके अलावा, अर्जुन के फल के पाउडर का सेवन भी कर सकते हैं और इसे पेस्ट के रूप में उस जगह पर लगा सकते हैं जहां आपको मसूड़े या दांतों की समस्या हो रही है। हालांकि, यह उपाय अपनाने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

# सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

**सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है।**

नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। सेंधा नमक से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

## पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

## प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है

सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है।

मांसपेशियों में ऐंठन से राहत

सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

## गले की खराश का करता है इलाज

गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

रक्तचाप को करे बैलेंस

सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।



# एशिया कप में आज होगा पाकिस्तान और ओमान का मुकाबला

दुबई (एजेंसी)। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को पाकिस्तान टीम ग्रुप ए के अपने पहले मैच में ओमान पर बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी। पाक ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय सीरीज भी यहां खेली थी जिसके अनुभवों का लाभ टीम उठाना चाहेगी। उसने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था जिससे भी उसके खिलाड़ी अच्छी लय में हैं। उस मैच में स्पिनर मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक बनाई थी और वह फिर से यहां की स्पिनरों की सहायक पिच पर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

पाक कप्तान सलमान आगा ने कहा था, ''हम त्रिकोणीय सीरीज में इस तरह से तैयारी करना चाहते थे जिससे हमें एशिया कप के लिए सहायता मिले और हमने ऐसा किया। हम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के बाद से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब हमारी टीम बहुत अच्छी स्थिति में है और मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं।'' ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई शामिल की टीमें शामिल हैं। इस मैच के बाद पाक को रविवार को भारतीय टीम से खेलना है जिसको देखते हुए भी टीम ओमान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। इन दोनों टीमों का सुपर 4 और फाइनल में भी मुकाबला हो सकता है।

पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए एक युवा टीम भेजी है जिससे उसे अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है। युवा सैम अयूब, फखर जमां, मोहम्मद नवाज, सूफियान मुकीम जैसे खिलाड़ियों से पाकिस्तान को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं जतिंदर सिंह की कप्तानी में ओमान की टीम इस मुकाबले में अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। ओमान के लिए यह बड़ा मुकाबला होगा जिसमें उसके खिलाड़ी इस मैच में अपनी क्षमताएं दिखाना चाहेंगे।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**पाकिस्तान**- फखर जमां, हसन नवाज, खुशदिल शाह, सईम अयूब, सलमान आगा, हुसैन तलत, फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हारिस, साहिबजादा फरहान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन अली हसन अली, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम, मोहम्मद वसीम जूनियर।

**ओमान**- जतिंदर सिंह (कप्तान), आशीष ओडेदरा, आमिर कलीम, करण सोनावले, हसनैन शाह, मोहम्मद नदीम, विनायक शुक्ला, हम्माद मिर्जा, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव, मोहम्मद इमरान।

# काउंटी चैंपियनशिप 2025 में खेलेंगे वाशिंगटन सुंदर, इस टीम से जुड़े



लंदन (एजेंसी)। भारतीय हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप 2025 अभियान के आखिरी दो मैचों के लिए हैम्पशर से जुड़ गए हैं। इंग्लिश काउंटी टीम ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। हैम्पशर ने समरसेट और सरे के खिलाफ अपने मुकाबलों के लिए इस 25 वर्षीय ऑलराउंडर से अनुबंध किया है।

हैम्पशर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आपका स्वागत है, वाशिंगटन। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर हमारे आखिरी दो काउंटीचैंप मैच के लिए हमारी टीम से जुड़ेंगे।' हैम्पशर के क्रिकेट निदेशक जाइल्स वाइट ने उनके अनुबंध पर खुशी व्यक्त की। वाशिंगटन ने भारत और इंग्लैंड के बीच हुई पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था। वाइट ने कहा, 'काउंटी चैंपियनशिप के लिए वाशिंगटन को क्लब में शामिल कर हमें खुशी हो रही है। इस गर्मी में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की श्रृंखला उनके लिए शानदार रही। समरसेट और सरे के खिलाफ आने वाले दो मैचों में वह अहम भूमिका निभाएंगे।'

इस पांच मैचों की श्रृंखला में वाशिंगटन ने 47 के औसत से 284 रन बनाए जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड में बनाया गया उनका पहला शतक भी शामिल है। उन्होंने सात विकेट भी लिए। वाशिंगटन काउंटी क्रिकेट में दूसरी बार खेलेंगे। इससे पहले उन्होंने 2022 में लंकाशर के लिए चैंपियनशिप और वनडे कप खेला था। हैम्पशर ने वाशिंगटन के तौर पर इस साल दूसरे भारतीय खिलाड़ी से अनुबंध किया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने इस सत्र में चैंपियनशिप में टीम के पहले चार मैच में खेले थे।

# शिवम दुबे ने शानदार प्रदर्शन का किया खुलासा, कहा- गेंदबाजी कोच ने मुझे कुछ विशेष सलाह दी है

दुबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग में इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण शिवम दुबे की गेंदबाजी में भूमिका सीमित हो गई थी लेकिन वह भारतीय टीम के लिए अदद ऑलराउंडर बनना चाहते हैं जिसमें उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मार्गदर्शन मिल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच में दो ओवर में चार रन देकर तीन विकेट लेने वाले दुबे ने एक तेज गेंदबाज के रूप ने अपने खेल में सुधार के संबंध में मोर्कल की भूमिका के बारे में बात की।

दुबे ने भारत की 9 विकेट से जीत के बाद कहा, 'जब से मैं इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापस आया हूं, तब से मोर्ने मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने मुझे कुछ विशेष सलाह दी है और मैंने उन पर अमल किया है।' इस विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा, 'उन्होंने मुझे ऑफ स्टंप से थोड़ा बाहर की लाइन पर गेंदबाजी करने को कहा। उन्होंने धीमी गेंद करने को लेकर भी मेरे साथ काम किया और मेरे रन-अप में भी थोड़ा बदलाव किया। मुख्य कोच और कप्तान ने मुझे बताया था कि मेरी गेंदबाजी की भूमिका अहम होगी।'

IPL के बाद दुबे को अपने ऑलराउंड खेल और फिटनेस पर काम करने के लिए दो महीने का समय मिला। दुबे का ढ्क्क में उनकी फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स पावर-हिटर के रूप में ज्यादा इस्तेमाल करती है।



दुबे ने कहा, 'पिछले दो महीनों में, मैंने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। जहां तक मेरी बल्लेबाजी का सवाल है तो मुझे पता है कि बीच के ओवरों में मुझे (एक पावर-हिटर के तौर पर) अपनी भूमिका निभानी है। मैं जानता हूं कि पिछले कुछ वर्षों में गेंदबाजों ने मुझे शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया है और मैंने अपने शॉट्स की रेंज बढ़ाने पर काम किया है।'

इस ऑलराउंडर ने कहा, 'जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, विकेट धीमा होता जाएगा और मैं जानता हूं कि तब मेरी धीमी गेंदें प्रभावी होंगी। मैं यह भी जानता हूं कि बीच के ओवरों में कैसे बल्लेबाजी करनी है।' एक ऑलराउंडर के रूप में दुबे को कई बार हार्दिक पंड्या की चुनौती का सामना करना पड़ता है, लेकिन मुंबई के इस ऑलराउंडर ने जोर देकर कहा कि उनके बीच किसी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक मेरे भाई की तरह हैं जिनसे मैं बहुत कुछ सीखता हूं क्योंकि IPL और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका अनुभव मुझसे कहीं अधिक है। मेरा प्रयास हमेशा उनसे कुछ न कुछ सीख लेना होता है।'

# महिला एकदिवसीय विश्व कप में केवल महिलाएं ही रहेंगी अंपायर और रेफरी : आईसीसी

**-विश्व कप क्रिकेट इतिहास में ऐसा पहली बार होगा**

दुबई (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि भारत और श्रीलंका में इसी माह के अंत में शुरु होने जा रहे महिला एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में सभी अंपायर और रेफरी महिलाएं ही रहेंगी। विश्व कप 30 सितंबर से 2 नवंबर 2025 तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इसमें केवल तीन भारतीय महिलाओं को ही मैच अधिकारी के तौर पर रखा गया है। महिला एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट इतिहास में यह पहली बार होगा जब टूर्नामेंट की सारी मैच अधिककारी और अंपायर महिलाएं होंगी।

इससे पहले साल 2022 में हुए राष्ट्रमण्डल खेलों और आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में भी मैच अधिकारी



और अंपायर की भूमिका में महिलाएं रही हैं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, यह महिला क्रिकेट के सफर में एक निर्णायक अवसर है। मैच अधिकारियों के रूप में महिला पैनल का शामिल होना एक बड़ी उपलब्धि है, ये क्रिकेट में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के प्रति आईसीसी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

उन्होंने कहा, यह विकास प्रतीकात्मक मूल्य से कहीं आगे जाता है। यह ऐसे सार्थक रोल मॉडल के निर्माण के बारे में है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता को उजागर करके, हमारा उद्देश्य आकांक्षाओं को जगाना और इस बात को पुष्ट करना है कि क्रिकेट में नेतृत्व और प्रभाव लिंग-भेद से परे है। शाह ने कहा, महिलाओं के खेल के विकास में एक नए अध्याय को मान्यता देते हुए हमें गर्व हो रहा है। हमारा मानना ??है कि इस पहल का प्रभाव इस टूर्नामेंट से कहीं आगे तक जाएगा, जिससे दुनिया भर में अधिक से अधिक अधिकाधिक महिलाओं को अंपायरिंग करियर अपनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। आईसीसी रेफरियों के पैनल में तीन भारतीय महिलाएं जीएस लक्ष्मी रेफरी होंगी जबकि वृंदा राठी और गायत्री वेणुगोपालन अंपायर होंगी।

**आईसीसी मैच अधिकारियों का पैनल**

मैच रेफरी : ट्रुडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

अंपायर : लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शथिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, जननी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स।

# अर्शदीप को टीम में जगह न मिलने से अश्विन नाखुश, कहा- गंभीर के कोच बनने के बाद से एसा हो रहा

स्पोर्टस डेस्क। टी20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज को यूएई के खिलाफ टी20 एशिया कप 2025 मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। भारत ने जसप्रीत बुमराह के रूप में केवल एक मुख्य तेज गेंदबाज और दो अन्य तेज गेंदबाज हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को खिलाया। दुबई की परिस्थितियां स्पिनरों के अनुकूल थी और भारत ने यूएई को मात्र 57 रनों पर समेट दिया लेकिन पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन मौजूदा गेंदबाजी संयोजन से खुश नही हैं। अश्विन का मानना है कि अर्शदीप सिंह को टीम का हिस्सा होना चाहिए और मुख्य कोच गौतम गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद से उन्हें बेंच पर बैठाया गया है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'अर्शदीप का बाहर होना हैरानी की बात है लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। गौतम गंभीर के कोचिंग शुरू करने के बाद से ऐसा होता आ रहा है। अर्शदीप पूरी चैंपियंस ट्रॉफी भी नहीं खेले। यह एक तरह से एक विषय रहा है। शायद दुबई की परिस्थितियों को देखते हुए वे स्पिनरों को तरजीह दे रहे हैं। जब गंभीर ने केकेआर के लिए खिताब जीता था तब भी वह स्पिन पर पूरी तरह से दांव लगा रहे थे।' अश्विन ने आगे कहा, 'यही टीम हमें टी20 विश्व कप तक देखने को मिल सकती है। लेकिन मुझे संदेह है कि यह संयोजन एक अच्छी टीम के खिलाफ काम कर सकता है। यह काफी जोखिम भरा है। अर्शदीप एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे खिलाड़ी को लंबे समय तक बाहर रखना मुश्किल होगा। मुझे पता है कि शिवम दुबे ने कुछ विकेट लिए हैं लेकिन यह ऐसा गेंदबाजी संयोजन नहीं है जिससे मैं सहमत होऊं।' अर्शदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीमित ओवरों की सीरीज के बाद से कोई मैच नहीं खेला। वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी नहीं खेले। इसके अलावा उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका भी नहीं मिला। अश्विन ने 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए अर्शदीप को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने का समर्थन किया।

# 'कुलदीप यादव अब शायद अगला मैच न खेलें': मांजरेकर ने इशारों में गौतम गंभीर की आलोचना की

दुबई (एजेंसी)। कुलदीप यादव ने दुबई में भारत के लिए एशिया कप अभियान की शानदार शुरुआत की और UAE के खिलाफ केवल 4.3 ओवर में 57 रनों पर ढेर करके रिकॉर्ड तोड़ जीत में मदद की। शुरुआत से ही भारतीय टीम का दबदबा रहा, क्योंकि जसप्रीत बुमराह की बेहतरीन यॉर्कर ने शुरुआत की - लेकिन कुलदीप द्वारा फेंके गए 9वें ओवर में बाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने तीन विकेट लिए, UAE के बल्लेबाजों को धूल चटाई और 7 रन देकर 4 विकेट हासिल किए और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।

इंग्लैंड में भारत के सभी 5 टेस्ट मैचों में बेंच पर बैठने के बाद टीम में वापसी करने वाले इस खिलाड़ी ने तुरंत ही अपनी छाप छोड़ी, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से अपना हुनर दिखाने के लिए बेताब था। कुलदीप के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें खूब वाहवाही बटोरी, लेकिन साथ ही एक चेतावनी भी दी, उन्हें अक्सर टीम में अंदर-बाहर होते देखा गया है, और संजय मांजरेकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जाहिर कर दिया कि कुलदीप की भागीदारी और समावेशन को जिस तरह से संभाला गया है, उससे वे पूरी तरह सहमत नहीं हैं। मांजरेकर ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखते हुए कहा, 'कुलदीप ने एक ओवर में 3 विकेट लिए। अब शायद अगला मैच न खेलें।' उन्होंने एक मजाकिया इमोजी भी लगाई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी टिप्पणी को सही अर्थ में लिया जाए।

कुलदीप टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी, दोनों में भारत की जीत का अहम हिस्सा रहे थे। कई लोगों का मानना है कि उन्हें टेस्ट सीजन में टीम का हिस्सा होना चाहिए था, खासकर जब गौतम गंभीर को नतीजे हासिल करने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि इस लेग स्पिनर को एक ऐसे देश में एक विशुद्ध स्पिनर होने का दुर्भाग्य मिला है जहां कई स्पिन गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी कमाल दिखा सकते हैं। टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें रवींद्र जडेजा और हाल ही में वाशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाजों के खिलाफ काफी संघर्ष करना पड़ा है।

# एशिया कप : सैमसन को शामिल कर गंभीर ने दिखाया उनके प्रति भरोसा

दुबई। एशिया कप की शुरुआत से पहले कहा जा रहा था कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को पहले मैच में जगह नहीं मिलेगी पर ये अंदाजा गलत निकला। सैमसन ने भले ही पारी की शुरुआत नहीं की पर उन्हें अंतिम ग्यारह में शामिल किया गया।



इससे साफ है कि कोच गंभीर अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं। गंभीर की सबसे बड़ी खासियत है कि वो हमेशा अपने खिलाड़ियों में तब आत्मविश्वास जगाते है जब वह कठिन दौर से गुजरते हैं। साल 2024 में कोलकाता नाइटराइडर्स में कोच बने गौतम गंभीर ने ही तेज गेंदबाज हर्षित राणा के करियर को आगे बढ़ाया है। राणा ने 19 विकेट लेकर आईपीएल में तब केकेआर की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। राणा ने बताया, 'उन्होंने सत्र से पहले मुझसे कहा था। तुम सभी 14 मैच खेलोगे, चाहे तुम कितने भी रन दो। अगर तुम 70 या 80 रन पर दे दो तो भी अपना आत्मविश्वास बनाए रखना और आक्रामक बने रहना। इससे मेरा मनोबल बढ़ा और मैं बेहतर गेंदबाजी कर पाया। इसी कारण मैं बिना किसी डर के आगे सका।' सैमसन को भी इसी प्रकार गंभीर ने कठिन समय से निकाला। गंभीर के आने से पहले सैमसन खराब फॉर्म से गुजर रहे थे। भारतीय टीम में भी उनकी जगह पक्की नहीं थी पर गंभीर ने उन्हें पारी की शुरुआत का अवसर देकर सबकुछ बदल दिया।

# विश्व चैंपियनशिप में पदक पक्का, पूजा रानी पहुंची सेमीफाइनल में

लिवरपूल (एजेंसी)। भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया।

पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर बुधवार देर रात क्वार्टर फाइनल में किशोरी कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। पूजा से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए।

इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के



अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। उनके बाहर होने के बाद पुरुष वर्ग में केवल जदुमणि सिंह (50 किग्रा) ही दौड़ में बचे हैं। अंतिम आठ में उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा। इस तरह से भारतीय पुरुष मुक्केबाजों का ताशकंद में खेली गई पिछली विश्व चैंपियनशिप की तुलना में यहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

पिछली प्रतियोगिता में दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की पिछली प्रतियोगिता नयी दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें नीतू घंघास (48 किग्रा), निकहत (50 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते थे।

पूजा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले राउंड में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने पलटवार करते हुए यह राउंड 3-2 से जीत लिया। एशियाई खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता पूजा ने दूसरे राउंड में अच्छी वापसी करके बड़ी बढ़त हासिल की। तीसरे राउंड तक दोनों मुक्केबाज थक चुकी थीं, लेकिन पूजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपने नाम पर पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज एमिली एस्क्रिथ से होगा।

# तेंदुलकर, विराट और युवराज के एलिट क्लब में शामिल हुए शुभमन गिल

**-145 पारियों में 6000 रन पूरे किए 18 शतक भी लगाए**



नई दिल्ली। शुभमन गिल टेस्ट कप्तान बनने के बाद बल्लेबाजी जैसे और निखर गई। उसके बाद उनकी टी20 टीम में भी वापसी हुई और वो भी बतौर उपकप्तान। इस बीच वह 25 की उम्र में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं। शुभमन गिल 8 सितंबर को 26 साल के हो गए। इसके साथ ही वह सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और युवराज सिंह के एलिट क्लब में भी शामिल हो गए। बता दें 26 साल के होने से पहले भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की एलिट लिस्ट। लिस्ट में सबसे ऊपर सचिन तेंदुलकर का नाम हैं। उन्होंने 26 साल का होने से पहले ही भारत के लिए 12978 रन बनाए थे। उन्होंने ये रन 309 पारियों में बनाए। इस दौरान उन्होंने 40 अंतरराष्ट्रीय शतक भी लगाए थे। वहीं 26 साल की उम्र से पहले भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में विराट कोहली दूसरे नंबर पर हैं। कोहली ने 211 पारियों में 8728 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 26 शतक लगाए। इस सूची में तीसरे नंबर युवराज सिंह आते हैं। उन्होंने 26 साल की उम्र से पहले भारत के लिए 211 पारियों में 6661 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 11 शतक निकले थे। और अब 26 साल की उम्र से पहले 6000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरा करने वाले शुभमन गिल भारत के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 145 पारियों में 6000 रन बनाए हैं। इसमें 18 शतक शामिल हैं। शुभमन गिल ने इस सूची में मौजूद युवराज सिंह के मुकाबले कम पारियों में 6000 रन वाले क्लब में एंट्री ली। युवराज ने जहां 211 पारियों में 6661 रन बनाए वहीं गिल ने 145 पारियों में 6000 रन पूरे किए हैं। इस दौरान युवी ने 11 शतक लगाए जबकि गिल ने कम पारियों में 18 शतक जड़े।

# ब्रोंको टेस्ट के खिलाफ उतरे सुनील गावस्कर... हर व्यक्ति का शरीर अलग होता



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष टीम में खिलाड़ियों के चयन के लिए ब्रोंको टेस्ट शुरू करने की योजना ने सभी का ध्यान खींचा है। यह एक ऐसा टेस्ट है जो एथलीटों को अपनी हृदय संबंधी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। ब्रोंको टेस्ट क्रिकेट के लिए भले ही नया हो, लेकिन रग्बी में इसका इस्तेमाल लंबे समय से होता रहा है। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने इसके खिलाफ कहा कि इस तरह के टेस्ट के आधार पर खिलाड़ियों का चयन करना काफी अनुचित है। गावस्कर ने लिखा, हालांकि यह जानने के लिए कि किसी खिलाड़ी को अपने शरीर को कहां मजबूत करने की जरूरत है, ये टेस्ट करवाना ठीक है, लेकिन राष्ट्रीय टीम में चयन का फैसला इनसे करवाना थोड़ा ज्यादा है। हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है, इसलिए टीम में सभी के लिए एक ही मानक रखना करीब असंभव है। खिलाड़ी की विशेषता और उसके लिए दी जाने वाली छूट का ध्यान रखना जरूरी है। उदाहरण के लिए एक विकेटकीपर, जो पूरे दिन लगातार घूमता रहता है, उस दूसरे खिलाड़ियों कील तुलना में अलग फिटनेस स्तर की आवश्यकता होती है। गावस्कर ने लिखा कि कोई भी परीक्षा उस खिलाड़ी की मानसिक शक्ति से बड़ी नहीं होती। उन्होंने कहा, अपने देश के लिए सर्वोच्च स्तर पर खेलने की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा को मापा नहीं जा सकता, क्योंकि यह दो कानों के बीच की बात है।

# रोनाल्डो का खेल देखकर प्रेरणा लेते हैं एशिया कप स्टार हॉकी खिलाड़ी अभिषेक

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशिया कप हॉकी में भारत की खिताबी जीत के सूत्रधार रहे फॉरवर्ड अभिषेक के लिए क्रिस्टियानो रोनाल्डो प्रेरणास्रोत रहे जिन्हें देखकर ही उन्होंने काफी कुछ सीखा। हाल ही में राजगीर में हुए एशिया कप में भारत ने फाइनल में पिछली चैम्पियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब जीता और अगले साल नीदरलैंड तथा बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

अभिषेक ने टूर्नामेंट में छह गोल किये और कई गोलों में सूत्रधार रहे। उन्होंने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे अंदर से लग तो रहा था कि यह टूर्नामेंट कुछ खास होगा लेकिन यह नहीं सोचा था कि प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बनूंगा।% उन्होंने कहा, 'अब हमे विश्व कप की तैयारी के लिए लंबा समय मिल गया है। अपनी बात करूं तो मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जो आगामी टूर्नामेंटों और विश्व कप में काफी काम आएगा।'

पेरिस ओलंपिक 2024 कांस्य पदक और हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्य रहे अभिषेक ने बताया कि उनके खेल पर पुर्तगाल के महान फुटबॉलर रोनाल्डो का काफी प्रभाव है और उनके मैच देखकर वह काफी कुछ सीखते हैं। भारत के लिए 113 मैचों में 48 गोल कर चुके इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मेरे बचपन के कोच शमशेर दहिया मेस्सी के फैन हैं और मुझे वैसा ही बनाना चाहते थे। लेकिन मुझे रोनाल्डो पसंद है। मैं उनके मैच देखता हूं जिनसे स्कोरिंग, पोजिशनिंग, टाइमिंग और शूटिंग के बारे में सीखता हूं।'

उन्होंने कहा, 'फुटबॉल और हॉकी दोनों टीम खेल हैं और गेंद से ही खेली जाती है। पूरा खेल रनिंग और इंड्यूरेंस का है जिसमें पोजिशनिंग काफी अहम होती है और इसमें मेरे प्रेरणास्रोत रोनाल्डो हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'भारतीय खिलाड़ियों में सरदार सिंह मुझे बहुत पसंद हैं और उनको देखकर ही मैंने हॉकी खेलना शुरू किया था। लेकिन मेरे भारतीय टीम में आने से पहले उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया था तो मुझे उनके साथ खेलने का मौका नहीं मिला।' अपने भाई आशीष और एक दोस्त को देखकर हॉकी स्टिक थामने वाले अभिषेक ने बताया कि बचपन में कलाई में चोट लगने के बाद उनके माता-पिता ने आगे हॉकी खेलने से मना कर दिया था लेकिन कोच ने उन्हें राजी किया और हिन्दी शिक्षक रहे अपने पहले कोच की सलाह वह आज भी लेते हैं। उन्होंने कहा, 'शमशेर सर को आधुनिक हॉकी के बारे में ज्यादा नहीं पता लेकिन मेरे खेल के बारे में वह बहुत कुछ बताते हैं। मैं उनसे सलाह लेता रहता हूं। भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टोन से भी अपने खेल के बारे में खुलकर बात करता हूं।' यह पूछने पर कि एशिया कप में जीत का जश्न कैसे मनाया, अभिषेक ने कहा कि परिवार के साथ समय बिताना ही सबसे बड़ा जश्न है चूंकि अधिकांश समय वह घर से बाहर रहते हैं। उन्होंने कहा, 'एशिया कप में परिवार से कोई नहीं आया था क्योंकि भाभी मां बनने वाली है। भैया भाभी ने हॉकी इंडिया लीग के मैच देखे थे। एशिया कप से लौटने के बाद हम सभी ने साथ में डिनर किया और यही मेरे लिये जश्न जैसा था।28 सितंबर को शिविर में लौटना है तो उससे पहले परिवार के साथ ज्यादा समय बिताना चाहता हूं।' पंजाब नेशनल बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात अभिषेक की ख्वाहिश विश्व कप में 50 साल के सूखे को खत्म करने की है और उन्हें यकीन है कि इस टीम में वह काबिलियत है। उन्होंने कहा, 'हमने 50 साल से विश्व कप नहीं जीता और मुझे लगता है कि यह टीम जीत सकती है क्योंकि हम शीर्ष टीमों को हरा चुके हैं। हमें बस निरंतरता पर काम करना होगा क्योंकि किसी मैच में तो हम बहुत अच्छा खेलते हैं तो किसी में खराब भी हो जाता है।' उन्होंने कहा, 'हमें डीप डिफेंस और सर्कल के भीतर फिनिशिंग पर थोड़ा और काम करना होगा। अपने खेल की बात करूं तो मुझे अपने



बेसिक्स को और दुरुस्त करना होगा।'

उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी के स्वर्णिम दौर को लौटाने के लिये इस टीम को जीत की आदत डालनी होगी। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि 1975 से पहले वाला हमारा स्वर्णिम दौर वापिस लौटे जब हमने ओलंपिक में इतने पदक जीते। मैं चाहता हूं कि हर बड़े टूर्नामेंट में हम देश के लिए पदक जीतें। पदक जीतने की हमें आदत पड़ जानी चाहिए। हम उस दिशा में आगे बढ रहे हैं। दो ओलंपिक में कांस्य जीत चुके हैं लेकिन अब पदक का रंग बदलना होगा।'

# ओपन बैडमिंटन : सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

हांगकांग। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी जीत के साथ ही हांगकांग ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। रंकीरेड्डी और चिराग ने राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड के खिलाफ मैच में पहले सेट में 18-21 से मिली हार के बाद दूसरे सेट में 21-15 से वापसी की और मुकाबला 1-1 से बाराबरी पर ला दिया। सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड की जोड़ी पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल से था जिसमें करीब डेढ़ घंटे तक चले इस मैच में कुल तीन सेट का मुकाबला हुआ जिसे भारतीय जोड़ी ने 2-1 से जीत लिया। तीसरे सेट में सात्विक और चिराग ने काफी आक्रामक खेल दिखाया जिसमें उनके स्मैश और तेज रिफ्लेक्सेस के सामने थाई जोड़ी टिक नहीं पायी। इस जोड़ी को निर्णायक सेट में 21-11 के बडे अंतर से हार का सामना करना पड़ा। अब सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया की जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी से सामना होगा। इससे पहले सात्विक और चिराग की जोड़ी को राउंड ऑफ 32 में ताइवान की जोड़ी के खिलाफ भी कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा था जिसमें उन्होंने पहला सेट तो 21-13 के अंतर से जीता लेकि दूसरे सेट में 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद तीसरे सेट को 21-10 के अंतर से जीतकर वह राउंड ऑफ 16 में पहुंचे थे।

## एयर इंडिया के 200 विमान यात्री 2 घंटे तक बगैर एसी के तड़पते रहे, अखबार से करते रहे हवा

नईदिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली से सिंगापुर जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई 2380 में बैठे करीब दो सौ यात्रियों के दो घंटे भारी पड़ गए। विमान में न एसी चल रहा था और न ही बिजली थी। यात्री केवल अखबार से हवा करते रहे और बेचैन होते रहे। जब बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर में तकनीकी खराबी के चलते 200 से ज्यादा यात्रियों को करीब दो घंटे तक विमान में बैठे रहने के बाद उतार दिया गया। रात 11 बजे उड़ान भरने वाली इस फ्लाइट में न तो एयर कंडीशनिंग सिस्टम काम कर रहा था और न ही बिजली की सप्लाई ठीक थी। हैरानी की बात ये रही कि क्रू मेंबर्स ने यात्रियों को इस अचानक लिए गए फैसले की कोई वजह नहीं बताई। एयर इंडिया की ओर से भी इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यात्रियों में नाराजगी साफ देखी गई, क्योंकि इतनी बड़ी असुविधा के बाद भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। विमान में बैठे यात्रियों को गर्मी से हाल बेहाल हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में यात्री अखबार और मैगजीन को पंखे की तरह इस्तेमाल करते नजर आए। एक यात्री, जो पीटीआई के पत्रकार भी थे, ने बताया कि दो घंटे तक विमान में बिना किसी ठोस जानकारी के इंतजार करवाया गया। आखिरकार, सभी यात्रियों को विमान से उतारकर टर्मिनल भेज दिया गया। यह घटना एक बार फिर विमानन सेवाओं में तकनीकी खामियों और यात्रियों की सुविधा को लेकर सवाल खड़े करती है। सोशल मीडिया पर यात्रियों ने अपनी भड़ास निकाली और एयर इंडिया से जवाब मांगा। अब देखना ये है कि एयर इंडिया इस मामले पर क्या रुख अपनाती है और यात्रियों को इस असुविधा का कोई मुआवजा मिलेगा या नहीं।

## कैलाश मानसरोवर से दर्शन कर लौट रहे अयोध्या के 8 श्रद्धालु नेपाल में फंसे

अयोध्या (एजेंसी)। कैलाश मानसरोवर से दर्शन कर लौटते समय नेपाल-चीन सीमा पर स्थित हिल्सा बॉर्डर (नेपाल) में अयोध्या के आठ श्रद्धालु फंसे हुए हैं। नेपाल में जारी तनाव के कारण वे भारत लौटने में असमर्थ हैं। इस स्थिति को देखकर गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। विधायक सिंह ने अपने पत्र में भारत सरकार से अपील की है कि नेपाल में फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित रूप से भारत लाने के लिए जरूर कदम उठाए। उन्होंने संबंधित मंत्रालयों और अधिकारियों को निर्देशित करने की भी मांग की है। वहीं, दूसरी ओर समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद ने भी मुद्दे को गंभीरता से लेकर प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय को पत्र लिखा है। सांसद प्रसाद ने भरोसा दिलाया कि वे खुद गृह मंत्रालय से बातचीत कर श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी के प्रयास करुंगा। गोसाईगंज निवासी कुछ लोग नेपाल बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। इन सभी का परिवार बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा हमारी एक ही आस है कि सरकार जल्द से जल्द उन्हें भारत वापस लाए। कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटते समय अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर खराब मौसम और परिवहन संबंधी समस्याएं यात्रियों के फंसे रहने का प्रमुख कारण बन रही हैं।

## झारखंड में जर्जर मकान गिरने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

रांची (एजेंसी)। झारखंड के धनबाद जिले में बुधवार शाम भारी बारिश के बाद एक जर्जर मकान गिर गया जिसमें दबने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। घटना लोदना पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले बीसीसीएल के एक क्वार्टर में हुई। मकान ढहने के बाद कम से कम सात लोग मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों और एक खुदाई मशीन की मदद से सभी को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि सात लोगों को अस्पताल लाया गया था। उनमें से तीन को मृत घोषित कर दिया गया और चार अन्य का इलाज जारी है।

## पटना में राजद कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजधानी पटना में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक कार्यकर्ता, राज कुमार राय उर्फ अला राय, की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास गली नंबर 17 में रात करीब 10 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद घायल अला राय को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से छह खाली कारतूस बरामद किए हैं, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वारदात में दो से ज्यादा लोग शामिल थे। इस हत्या के पीछे का सही कारण अभी तक साफ नहीं हो सका है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि अला राय राजनीति में सक्रिय थे और ज़मीन से जुड़े कारोबार में भी शामिल थे। पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की जाँच कर रही है और आरोपियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने घटना को चौंकाने वाला बताकर बिहार में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए नीतीश कुमार की सरकार पर निशाना साधा। फिलहाल, पुलिस मृतक के ड्राइवर से भी पूछताछ कर रही है ताकि कोई सुराग मिल सके।

## सीमा पार कर भारत आई बांग्लादेशी युवती और उसके पति गिरफ्तार

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के धौलपुर में एक बांग्लादेशी युवती और उसके भारतीय पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवती, जिसका नाम जन्नत खानम उर्फस्नेहा जारविन है, अपने फेसबुक प्रेमी कबीर खान से मिलने के बाद अवैध रूप से भारत में रह रही थी। जन्नत खानम, जो बांग्लादेश निवासी है, कि साल 2023 में फेसबुक के माध्यम से धौलपुर के कबीर खान से दोस्ती हुई थी। यह दोस्ती जल्द ही प्यार में बदल गई। दिसंबर 2024 में, जन्नत एक अन्य महिला, तानिया, के साथ अवैध रूप से सीमा पार कर भारत आई। तानिया जन्त को कोलकाता ले गई, जहाँ उसने जन्नत का आधार कार्ड बनवाया। इसके बाद, जन्नत मुंबई और फिर इंदौर गई, जहाँ से कबीर जन्नत को अपने साथ ले आया।

# टीएमसी का दावा- उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा ने 20 करोड़ में खरीदा एक सांसद

**कोलकाता (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति के पद पर चुने गए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने अभी अपने पद की शपथ भी नहीं ली कि विपक्षी दल टीएमसी ने सवाल उठाना शुरु कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने दावा किया कि भाजपा ने वोट खरीदने के लिए प्रति सांसद 15 से 20 करोड़ रुपये खर्च किए।

लोकसभा में टीएमसी संसदीय दल का नेतृत्व करने वाले अभिषेक ने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए धनबल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेता मंगलवार को हुए चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने के लिए पैसों की बोरियां लेकर आए थे।

दिल्ली से लौटने के बाद कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में अभिषेक ने कहा, कुछ लोगों से बात करने के बाद मैं कह सकता हूं कि भाजपा ने वोट खरीदने के लिए प्रत्येक व्यक्ति पर 15-20 करोड़ रुपये खर्च किए। जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गए सदस्य लोगों के विश्वास और भावनाओं को बेच रहे हैं। प्रतिनिधियों को खरीदा जा सकता है, लेकिन लोगों को नहीं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के सभी 41 सांसदों (28 लोकसभा सदस्य और 13 राज्यसभा सदस्य) ने विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में मतदान किया। अभिषेक ने कहा, सुदीप बंद्योपाध्याय और सौगत रॉय अस्वस्थ होने के बावजूद आए तथा मतदान किया। उन्होंने सवाल किया कि राजग के आंकड़े अनुमान से अधिक कैसे हो गए, जबकि विपक्षी गठबंधन इंडिया के आंकड़े कम रह गए, जबकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पहले दावा किया था कि 315 सांसदों ने रेड्डी को समर्थन देने का वादा किया था।

अभिषेक ने कहा, 2021 के बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा ने राज्य में बड़े पैमाने पर नकदी लाने की कोशिश की और असफल रहे। 2024 में उन्होंने मतदान कर्मियों को खरीदने की कोशिश की, कुछ को 5,000 रुपये और अन्य को 10,000 रुपये का भुगतान किया। लेकिन बंगाल के लोगों ने उन्हें दिखा दिया कि नेताओं को खरीदा जा सकता है, लोगों को नहीं। यही कहानी उन्होंने महाराष्ट्र और झारखंड में भी दोहराई, जहां विधायकों की खरीद-फरोख्त के बाद सरकारें गिर गईं। अभिषेक ने विपक्षी खेमे में विश्वासघात की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया, चूंकि, गुप्त मतदान था, इसलिए यह कहना मुश्किल है कि क्या क्रॉस वोटिंग' हुई या विपक्षी सदस्यों के वोट खारिज कर दिए गए। अगर मैं 'क्रॉस वोटिंग' को स्वीकार भी कर लूं, तो आम आदमी पार्टी (आप) जैसी कुछ पार्टियां हैं, जिसकी एक महिला सांसद खुलेआम भाजपा का समर्थन करती है और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बोलती हैं। ऐसे दो-चार सांसद हैं। उन्होंने पिछले कुछ मामलों से तुलना करते हुए भाजपा पर बार-बार धन का




दुरुपयोग कर पलड़ा अपने पक्ष में झुकाने का आरोप लगाया। भाजपा ने तृणमूल नेता के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव के नतीजे विपक्षी एकता की कमी को दर्शाते हैं। भट्टाचार्य ने कहा, मैं उनकी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देकर उन्हें तवज्जों नहीं देना चाहता। लेकिन इस उपराष्ट्रपति चुनाव ने स्पष्ट रूप से दिखा दिया है कि राजग एकजुट है, जबकि विपक्ष बंटा हुआ है।

## राहुल गांधी के विदेश दौरे पर सीआरपीएफ ने उठाया सवाल... वे सुरक्षा को गंभीरता से नहीं ले रहे

### -पत्र की एक प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजी गई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के अनशेड्यूल्ड विदेश दौरों पर आपत्ति जाहिर की है। सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने के मामले में उन्हें पत्र लिखा गया है। यह पत्र सीआरपीएफ के वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख ने जारी किया है। इस पत्र की एक प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी भेजी गई है। पत्र 10 सितंबर को जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि राहुल गांधी लगातार उन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, जो उनकी सुरक्षा टीम ने निर्धारित किए हैं। वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख ने राहुल गांधी के सुरक्षा के प्रति रवैये पर भी सवाल उठाकर कहा कि वह इस सुरक्षा को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। राहुल गांधी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है, जिसमें एएसएल (सुरक्षा घेरा एडवांस सिक्योरिटी लाइजन) कवर शामिल है। यह देश की सबसे ऊंची सुरक्षा श्रेणियों में से एक है, जिसमें बडी संख्या में सीआरपीएफ के जवान हर वक्त सुरक्षा में तैनात रहते हैं। बता दें कि बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' संपन्न करने के बाद राहुल गांधी अचानक विदेश यात्रा पर चले गए। ट्विटर पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही थीं। हालांकि वह उपराष्ट्रपति चुनाव में शामिल होने के लिए भारत वापस आ गए और पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

## बिहार, जम्मू-कश्मीर में उप चुनाव और राज्यसभा की रिक्त 4 सीटों पर एक साथ होगा चुनाव!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव की चर्चा पूरे देश में है।अगले महीने के अंत तक ऐलान की संभावना है। यही नहीं चुनाव आयोग से सूत्रों का कहना है कि इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर की दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव भी घोषित किए जा सकते हैं। केंद्र शासित प्रदेश में बीते साल ही चुनाव हुए थे, लेकिन सीएम उमर अब्दुल्ला दो सीटों से मैदान में उतरे थे। वह दोनों सीटों से जीत गए थे और गांदरबल से ही विधायक बने रहने का फैसला लिया, जबकि बडगाम सीट छोड़ दी थी। तब से ही गांदरबल की सीट खाली है। इसके अलावा नगरोटा विधानसभा के विधायक देवेंदर सिंह राणा का निधन हो गया था, जिसके चलते यह सीट भी खाली है।ऐसे में करीब एक साल बाद इन दोनों सीटों पर आयोग चुनाव कराने की तैयारी में है।




जनप्रतिनिधित्व कानून के सेक्शन 151ए के तहत किसी सीट के खाली होने पर 6 महीने के अंदर चुनाव होने चाहिए। यदि ऐसा ना हो पाए तो केंद्र सरकार की सलाह पर इसे अतिरिक्त 6 महीने के लिए टाला जा सकता है। इसके लिए कारण भी बताना होता है कि इन चुनावों को क्यों टाला जा रहा है। पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ ही यहां मतदान कराने की तैयारी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। फिर पहलगाम आतंकी हमले के चलते ये टलते रहे और अब बिहार इलेक्शन के साथ ही यहां भी वोटिंग कराने का प्लान है।इसके अलावा जल्दी ही राज्यसभा की 4 सीटों पर भी चुनाव कराए जा सकते हैं। ये चुनाव भी लंबे समय से अटके हुए हैं। इन सीटों का प्रतिनिधित्व करने वाले 4 सांसदों का कार्यकाल फरवरी 2021 में ही समाप्त हो गया था, लेकिन अब तक चुनाव का इंतजार है। इन सांसदों में कांग्रेस के सीनियर नेता गुलाम नबी आजाद भी शामिल थे। फिलहाल वह किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं और कांग्रेस से भी उन्होंने दूरी बना ली है। ऐसे में देखना होगा कि राज्यसभा सीटों के चुनाव में किसकी ओर से किसे उतारा जाता है।

# भारत-नेपाल सीमा पर घुसपैठ रोकने एसएसबी के 60 हजार जवान तैनात; जेल तोड़कर भागे 60 कैदी पकड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल में भड़की हिंसा और अराजकता का असर अब भारत-नेपाल सीमा पर साफ देखने को मिल रहा है। घुसपैठियों से सीमा की सुरक्षा को लेकर भारत ने बड़ा कदम उठाते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 50 बटालियन यानी करीब 60 हजार जवानों को उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और सिक्किम से लगती सीमा पर मुस्तैद कर दिया है। इनका मकसद किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और नेपाल से जेल तोड़कर भागे कैदियों की घुसपैठ को रोकना भारत आने वाले खासतौर पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद देना है।




नेपाल में हालात इतने बिगड़े हैं कि 24 जेलों को तोड़कर 15 हजार से ज्यादा कैदी फरार हो चुके हैं। इनमें से कई कैदी भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने अब तक ऐसे 60 कैदियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कुछ भारतीय कैदी भी शामिल हैं। एसएसबी अधिकारियों के मुताबिक पकड़े गए कैदियों को स्थानीय पुलिस को सौंपा गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। सूत्रों का कहना है कि नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों ने भारत को अलर्ट किया है कि जेल से भागे अपराधियों में से कई भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश कर सकते हैं। नेपाल ने यह भी अनुरोध किया है कि यदि ऐसे किसी कैदी को पकड़ा जाए तो उसे वापस नेपाल की जेलों में भेजने की प्रक्रिया अपनाई जाए।


इसी बीच, नेपाल से बड़ी संख्या में लोग भारत का रुख कर रहे हैं। अब तक करीब 500 लोग, जिनमें ज्यादातर भारतीय हैं, नेपाल से भारत आ चुके हैं। दस्तावेजों की जांच के बाद ही उन्हें सीमा पार करने दिया जा रहा है। वहीं, नेपाली नागरिकों का कहना है कि वे फिलहाल अपने देश की हिंसा और अस्थिरता के कारण वापस नहीं जाना चाहते। हालांकि, एसएसबी ने साफ किया है कि भारत-नेपाल सीमा को बंद नहीं किया गया है। पैदल और वैध मार्गों से लोगों को दस्तावेज जांचकर प्रवेश दिया जा रहा है। हां, ट्रकों और वाणिज्यिक परिवहन पर रोक लगी हुई है। सीमा पर गश्त और फ्लैग मार्च तेज कर दिया गया है। एसएसबी और नेपाल की आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) के बीच समन्वय पहले की तरह ही जारी है। नेपाल की आंतरिक अस्थिरता ने न केवल पड़ोसी देश की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि भारत की सीमाई सुरक्षा के लिए भी नए खतरे पैदा कर दिए हैं।

## भारत सरकार की सलाह : रूसी सेना में भर्ती के झांसे में ना आएं युवा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रूसी सेना में भर्ती कर भारतीयों को यूक्रेन से जंग में इस्तेमाल करने की खबरें आ रही थीं। अब इसी को लेकर सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐसे ऑफरों से दूरी बनाएं। इसके अलावा रूस से अपील की है कि वह उन भारतीयों को वापस भेजे, जो किसी भी तरह से झांसे में आकर उसकी सेना में शामिल हो गए हैं। सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है कि वे रूसी सेना में शामिल होने के किसी झांसे में ना आएं। विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा है कि ऐसे किसी भी ऑफर को स्वीकार न करें क्योंकि यह खतरे से भरा रास्ता है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन वर्ष से भी अधिक समय से यूक्रेन के साथ जंग में उतरी रूस की सेना में समय-समय पर भारतीय नागरिकों की भर्ती की जाती रही है। रूस की सेना में भर्ती होने वाले भारतीयों के परिवारों का कहना है कि सेना में भर्ती के बाद उन्हें वापस नहीं आने दिया जाता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती से संबंधित मीडिया के सवालों के जवाब में गुरुवार को कहा कि भारतीय नागरिकों को इस तरह के प्रस्ताव से दूर रहना चाहिए क्योंकि इसमें खतरे हैं। उन्होंने कहा, हमने हाल ही में रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती की खबरें देखी हैं। सरकार ने पिछले एक साल में कई मौकों पर इस तरह की कार्रवाई में निहित जोखिमों और खतरों के बारे में बताया है और लोगों को आगाह किया है कि वे इससे दूर रहें। इसके आगे उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली और मॉस्को दोनों में रूसी अधिकारियों के साथ भी मामला उठाया है। हमने रूस से अनुरोध किया है कि इस प्रैक्टिस को समाप्त किया जाए और हमारे नागरिकों को वापस किया जाए। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों के साथ भी संपर्क में हैं। हम एक बार फिर सभी भारतीय नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी ऑफर से दूर रहें क्योंकि यह खतरे से भरा रास्ता है। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर सभी भारतीय नागरिकों से रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने का आग्रह करते हैं क्योंकि यह ख़तरों से भरा है।

# बिहार आइडिया फेस्टिवल में टॉप 5 आइडियाज को मिला पुरस्कार, पीयूष गोयल ने की सराहना

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग की ओर से आज बापू सभागार, पटना में बिहार इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पैकेज 2025 का शुभारंभ और बिहार आइडिया फेस्टिवल का भव्य समापन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा उद्योग जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियाँ मंचासीन रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बीआईआईपी पैकेज 2025 की रूपरेखा प्रस्तुत की और इसके तहत राज्य में निवेश को गति देने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। BIIPP 2025 के तहत औद्योगिक इकाइयों को भूमि निःशुल्क (1 रुपये की टोकन राशि) पर उपलब्ध कराई जाएगी। 100 करोड़ से अधिक निवेश करने और 1,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाली औद्योगिक इकाइयों को आवश्यकता अनुसार 10 एकड़



भूमि प्रदान की जाएगी। Fortunfe 500 वैश्विक और भारतीय कंपनियों द्वारा 200 करोड़ से अधिक निवेश पर आवश्यकता अनुसार 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। 21,000 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 25 एकड़ तक भूमि आवंटित की जाएगी। अन्य कंपनियों को BIADA द्वारा अधिसूचित दर के 50% पर भूमि मिलेगी। निवेशकों को निवेश प्रोत्साहन अनुदान प्राप्त करने के लिए तीन परस्पर अनन्य विकल्पों में से एक को चुनने का एकमुश्त विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। निवेश प्रोत्साहन अनुदान के 3 विकल्प- 40 करोड़ रुपये तक की व्याज अनुदान प्रदान की जाएगी। ब्याज अनुदान के लिए ब्याज दर 10% या सूक्ष्म और लघु इकाइयों के लिए, 12% व्याज अनुदान होगा। नई इकाइयों को स्वीकृत परियोजना लागत का 300% तक शुद्ध SGST की प्रतिपूर्ति 14 वर्षों के लिए की जाएगी। 30% तक पूंजीगत अनुदान उपलब्ध होगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बिहार सरकार को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसा भविष्योन्मुखी पैकेज किसी और राज्य में नहीं है। पीयूष गोयल ने यह भी घोषणा की कि बिहार में चार नए औद्योगिक पार्क स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है, जो लघु उद्योगों और विभिन्न अन्य क्षेत्रों के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देंगे।

## बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को मौत की सजा दिए जाने पर बोला सुप्रीम कोर्ट...

### मौत की सजा सुनाने से पहले अदालतें बहुत सावधानी बरतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2014 में उत्तराखंड में 7 साल की बच्ची के दुष्कर्म और हत्या मामले में मौत की सजा पाए दोषी को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मौत की सजा सुनाने से पहले अदालतों को बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। इस मामले को लिटिल निर्भया कहा गया था और इससे पूरे उत्तराखंड में गुस्सा था। जस्टिस विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने ट्रायल कोर्ट और उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें उसे व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए उसे मौत की सजा सुनाई गई थी।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच में कई कमियां थीं और अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा। यह मामला पूरी तरह से परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी-अपीलकर्ताओं के अपराध को साबित करने के लिए परिस्थितियों की पूरी और अटूट श्रृंखला स्थापित करने में विफल रहा है। जस्टिस मेहता ने फैसला सुनाते हुए अदालतों से मौत की सजा सुनाते समय सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि कैपिटल पनिशमेंट की प्रकृति ऐसी है कि इसे केवल रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामलों में ही लगाया जाना चाहिए। अभियोजन पक्ष के मामले में थोड़ी सी भी शंका या कमजोरी होने पर ऐसी सजा नहीं दी जानी चाहिए।

इस मामले में अभियोजन पक्ष ने कहा था कि बच्ची 29 अप्रैल, 2014 को लापता हो गई थी। उसका शव अगले दिन मिला था। पुलिस ने दावा किया था कि आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। ट्रायल कोर्ट ने 2016 में आरोपी को दोषी ठहराया और उसे मौत की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने भी 2018 में ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

# मोदी सरकार के मंत्रियों के पास क्रिप्टो करेंसी, किसी के पास दशकों पुराने दोपहिया वाहन और रिवॉल्वर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के कई मंत्रियों ने वर्ष 2024-25 की अपनी संपत्तियों की जानकारी साझा की है। इसमें किसी के पास क्रिप्टोकरेंसी, किसी के पास दशकों पुराने दोपहिया वाहन हैं। जयंत चौधरी एकमात्र मोदी सरकार में मंत्री है, जिन्होंने क्रिप्टो में निवेश किया है।

पीएमओ की वेबसाइट पर प्रकाशित जानकारी के अनुसार, केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 31 मार्च, 2025 तक 21.31 लाख रुपये मूल्य के क्रिप्टो निवेश की सूचना दी। उनकी पत्नी चारु सिंह ने 22.41 लाख रुपये मूल्य की डिजिटल एसेट होल्डिंग्स की जानकारी दी है।

चौधरी एकमात्र मंत्री हैं, जिन्होंने क्रिप्टो को डिजिटल परिसंपत्तियों में शामिल घोषित किया है। हालांकि जमीन, शेयर या जमा जैसे पारंपरिक निवेश कड़े नियमों के तहत संचालित होते हैं, भारत में क्रिप्टोकरेंसी अभी भी नियामकीय अनिश्चितताओं से जूझ रही है। आरबीआइ ने निवेशकों को वर्चुअल करेंसी के जोखिमों के बारे में बार-बार चेतावनी दी है। वहीं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने अपनी संपत्ति में 37 साल पुराना स्कूटर और एक रिवॉल्वर शामिल होने की घोषणा की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक दोपहिया वाहन के अलावा 27 लाख रुपये से अधिक के आभूषण और 19 लाख से अधिक के म्यूचुअल फंड निवेश की भी घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने 1.2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 1,679 ग्राम सोने के आभूषण, 10 किलोग्राम चांदी के आभूषण और हीरे के आभूषण सहित अन्य संपत्ति घोषित की है।

सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने 74 लाख रुपये से अधिक मूल्य के स्वर्ण आभूषण और एक स्कूटी सहित अन्य संपत्ति घोषित की है। रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपनी संपत्ति में 1997 माडल की मारुति एस्टीम कार और एक पिस्तौल शामिल होने की जानकारी दी है। रिवहन मंत्री नितिन गडकरी की संपत्ति में 31 साल पुरानी एक एम्बेसडर कार के अलावा दो अन्य कारें शामिल हैं। उन्होंने 37 लाख रुपये से ज्यादा मूल्य के सोने के आभूषण भी घोषित किए हैं, जबकि उनकी पत्नी कंचन नितिन अधिकारी ने 28 लाख रुपये से ज्यादा मूल्य के सोने के आभूषण घोषित किए हैं। अन्नपूर्णा देवी



और सावित्री ठाकुर के पास असलहें मोदी सरकार की दो महिला मंत्रियों के पास असलहें भी हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अन्य संपत्तियों के अलावा एक रिवाल्वर, एक राइफल, एक ट्रैक्टर और लगभग एक करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड निवेश की जानकारी दी हैं। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने 67 लाख रुपये से अधिक मूल्य के स्वर्ण आभूषणों के अलावा एक डबल बैरल बंदूक और एक रिवाल्वर घोषित की है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902